भोपाल
गुरुवार, 28 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष -12
वर्ष : 13, अंक : 56
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00**

मौसम
अधि. 42
न्यून. 31

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

लेकिन, उधर माफिया बाज नहीं आ रहे

## अवैध रेत परिवहन रोकने गए हेड कॉन्स्टेबल को ट्रैक्टर से कुचला

- गंभीर हालत को देखते हुए बालाघाट से गोंदिया तक विशेष कॉरिडोर बनाया
- डॉक्टर बोले- अगले 72 घंटे बेहद अहम


बालाघाट में घायल आरक्षक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालाघाट

बालाघाट में अवैध रेत परिवहन रोकने गए हेड कॉन्स्टेबल पर रेत माफिया ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया। घटना मंगलवार देर शाम पलाकामथी इलाके की है। गंभीर रूप से घायल हेड कॉन्स्टेबल राजेश्वर राहंगडाले की दो पसलियां फ्रैक्चर हो गई हैं। आईजी ललित शाक्यवार के मुताबिक अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक राहंगडाले और आरक्षक सुनील विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे थे। राजेश्वर राहंगडाले ट्रैक्टर को रोककर उसका वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान माफिया ने हमला किया। गंभीर हालत में घायल प्रधान आरक्षक को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें गोंदिया के यूनाइटेड अस्पताल रेफर किया गया। समय पर इलाज के लिए पुलिस ने बालाघाट से गोंदिया तक विशेष कॉरिडोर बनाया। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने बताया कि घायल की स्थिति फिलहाल स्थिर है, लेकिन पसलियों ▸▸ शेष पेज 6 पर

अनुराग जैन ने कहा-ऐसी घटनाएं न हों यह कलेक्टर और एसपी की जवाबदारी

# सीएस ने जताई हैरानी... सरकारी अमले पर कोई कैसे चढ़ा सकता है ट्रैक्टर-बाइक

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को अवैध खनन, नरवाई जलाने सहित कई मुद्दों पर जिलों के अफसरों की जमकर क्लास ली। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि कोई भी सरकारी अमले पर ट्रैक्टर और बाइक कैसे चढ़ा सकता है? जैन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं किसी जिले में न हों, इसकी जवाबदारी कलेक्टर और एसपी की होगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर पुलिस और प्रशासन का खौफ न होना चिंता की बात है। जैन जिलों के कलेक्टर, एसपी, नगर निगम आयुक्त और जिला ▸▸ शेष पेज 6 पर

- अवैध खनन समेत कई अन्य मसलों पर अफसरों की ली जमकर क्लास
- कलेक्टर, एसपी ननि आयुक्त सीईओ जिला पंचायत से किया वर्चुअल संवाद



मुख्य सचिव जैन अफसरों की बैठक लेते हुए

### नरवाई जलाने पर कलेक्टरों को फटकार

मुख्य सचिव जैन ने नरवाई जलाने की घटनाओं को लेकर जबलपुर और नरसिंहपुर कलेक्टरों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात नहीं है, इसमें कमी आने के बजाए ऐसे मामले बढ़े हैं। जैन ने कहा कि किसानों को हार्वेस्टर के बजाए सीडर से कटाई कराने के लिए प्रोत्साहित करें। जैन ने कहा कि अभी गर्मी का मौसम है और सबसे अधिक प्रदूषण मैहर व सिंगरौली जिले में है। जब गर्मी में यह स्थिति है तो ठंड में तो और भी स्थिति बिगड़ेगी। इन जिलों के कलेक्टरों से ▸▸ शेष पेज 6 पर

### कोई सरकारी हैंडपंप को ही कब्जा कर ले, ये तो गजब

बैठक में पेयजल की समीक्षा के दौरान जानकारी सामने आई कि प्रदेश में अलग-अलग जिलों में 104 हैंडपंप निजी लोगों के कब्जे में हैं। मुख्य सचिव जैन ने इस बात पर नाराजगी जताई कि ऐसा कैसे हो सकता है कि कोई सरकारी हैंडपंप को ही कब्जा कर ले। पानी सभी को मिलना चाहिए। संबंधित कलेक्टर ऐसे मामले में जल्द कार्रवाई कर जानकारी देंगे। खरीफ सीजन के लिए खाद वितरण की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव जैन ने कहा कि प्रदेश में खाद का पर्याप्त भंडारण ▸▸ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप




### सुप्रीम कोर्ट जाएंगे चीफ जस्टिस सचदेवा व नागू

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट के कालेजियम ने मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जबलपुर से जुड़े पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू सहित अन्य को सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश की है। नागू जबलपुर से वकालत करते हुए एमपी हाई कोर्ट जज बने। सूची में मुख्य न्यायाधीश, बाम्बे हाईकोर्ट जस्टिस चंद्रशेखर, जम्मू एवं कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट जस्टिस अरुण पल्ली और वी. मोहना शामिल हैं।

### 1 जून से फ्लाइट्स कम और किराया ज्यादा!

नई दिल्ली। देश की दो बड़ी एयरलाइंस, एयर इंडिया और इंडिगो 1 जून से अगले तीन महीनों के लिए अपनी घरेलू उड़ानों में बड़ी कटौती करने जा रही हैं। इसके चलते हवाई टिकटों के दाम और बढ़ने की आशंका है। एयर इंडिया घरेलू उड़ानों में करीब 15% और इंडिगो 5 से 7% तक की कमी करेगी। एटीएफ की बढ़ती कीमतें इसकी मुख्य वजह है।



### केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव

नई दिल्ली। 8वें वेतन आयोग के गठन की चर्चाओं के बीच केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में भारी बढ़ोतरी को लेकर एक नया फॉर्मूला सामने आया है। इंडियन रेलवे टेक्निकल सुपरवाइजर्स एसोसिएशन ने एक प्रस्ताव रखा है, जिसमें कर्मचारियों की सैलरी में 400% तक का बंपर हाइक मिल सकता है।




यह प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को जिम्मेदारी देती है

मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

# एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह से वैध और संवैधानिक, ये चुनाव आयोग का अधिकार



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

**शीर्ष कोर्ट ने कहा-** संदिग्ध नागरिकता के आधार पर जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए, उनके नाम 4 हफ्ते में केंद्र सरकार को भेजे जाएं

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण, यानी एसआईआर प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक करार दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्व वाली बेंच ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि चुनाव आयोग को एसआईआर के लिए विशेष प्रक्रिया अपनाने का अधिकार है। सिर्फ इसलिए एसआईआर प्रक्रिया को रद्द नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह सामान्य वोटर लिस्ट संशोधन प्रक्रिया से अलग है। अदालत ने माना कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से जुड़ी हुई है। कोर्ट ने कहा कि कानून चुनाव आयोग को किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण ▸▸ शेष पेज 6 पर

प्रक्रिया में कोई खामी नहीं, इसे रद्द नहीं किया जा सकता



- यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के उद्देश्य से जुड़ी हुई
- आयोग ने अपने अधिकारों से बाहर जाकर काम नहीं किया

### नागरिकता के आधार पर नहीं हटा सकते नाम


कोर्ट ने कहा कि इस प्रक्रिया में अपनाए गए कदम जरूरत से ज्यादा कठोर नहीं हैं। लोगों को मनमाने तरीके से वोटर लिस्ट से बाहर होने से बचाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए। चुनाव आयोग केवल वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने तक सीमित फैसला ले सकता है। नागरिकता पर अंतिम फैसला नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि अगर किसी का नाम नागरिकता के आधार पर हटाया जाता है, तो ▸▸ शेष पेज 6 पर

### अब तक 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर

देश के 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर हो चुका है। इनमें अब तक कुल 7.41 लाख वोटर्स के नाम कट चुके हैं। दिल्ली में 30 जून से एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले फेज में बिहार शामिल था। दूसरे फेज में 9 राज्य और 3 केंद्रशासित प्रदेश शामिल था। इसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, यूपी, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप और अंडमान-निकोबार थे। एसआईआर के तीसरे फेज 16 राज्य और 3 केंद्रशासित प्रदेश कवर होंगे। पूरी प्रक्रिया 30 मई से 23 दिसंबर तक चलेगी। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

उफ! मोबाइल गेम बना 'हत्यारा'

## 12 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या


तड़के 3 बजे तक गेम खेलता रहा और फिर फांसी लगा ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित विश्वकर्मा नगर फेस-टू में 12 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पढ़ा-लिखा नहीं था और उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह मोबाइल पर कोई गेम खेलता था। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया है। अनुमान है कि ऑनलाइन गेम के कारण उसने फांसी लगाई है। मोबाइल की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार जाहिद अली, विश्वकर्मा नगर फेस टू निशातपुरा में रहते हैं और बुधवार में हम्माली करते हैं। उनके तीन बेटे थे। छोटा बेटा रिहान अली 12 साल का था और पढ़ाई नहीं करता था। उसे मोबाइल पर गेम खेलने की लत थी। करीब 12 दिन पहले उसका मोबाइल खराब हो गया। उसने पिता का मोबाइल ▸▸ शेष पेज 6 पर

बेटी को तीन महीने की उम्र में गोद लिया था

## सुसाइड नोट में लिखा- मम्मी-पापा, मैं अच्छी बेटी नहीं बन सकी, आई एम सॉरी


जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

- आईपीएस-जज दंपती की बेटी का सुसाइड मामला
- नोट में आत्मघाती कदम उठाने के कारण का कोई जिक्र नहीं

राजधानी के हाई-प्रोफाइल इलाके चार इमली में एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। यहां रहने वाले आईपीएस अधिकारी संजीव कंचन और भोपाल गैस राहत अदालत की जज रेणुका कंचन की 17 वर्षीय बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार दोपहर हुई इस घटना के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका 11वीं कक्षा की छात्रा थी। एसीपी उमेश तिवारी के मुताबिक मृतका के पास से ▸▸ शेष पेज 6 पर

इंदौर लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई

### खरगोन के असिस्टेंट प्रोफेसर 50 हजार रुपए लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरगोन

जिले से रिश्वतखोरी का एक बड़ा मामला सामने आया है। इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार को मंडलेश्वर गवर्मेंट कॉलेज में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर आत्माराम सोलंकी को 50,000 की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता मनोज वास्कले के मुताबिक ▸▸ शेष पेज 6 पर


■ मनचाही पोस्टिंग के लिए मांगी 4 लाख की घूस

वैभव बने आईपीएल के नए 'सिक्सर किंग'

### 15 साल के लड़के ने 14 साल पुराना महारिकॉर्ड किया ध्वस्त

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास रच दिया है। मुल्लांपुर मैदान में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में 7 गगनचुंबी छक्के जड़े। उन्होंने 'यूनिवर्स बॉस' क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का 14 साल पुराना महारिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। वैभव ने इस सीजन को ▸▸ शेष पेज 6 पर


■ 15 पारियों में 65 छक्के जड़े, गेल का रिकॉर्ड तोड़ा

8 घंटे बाद दिल्ली लौटी फ्लाइट

### दिल्ली से यूएस जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हुई एयर इंडिया की उड़ान (एआई 173) को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से ही दिल्ली लौटना पड़ा। इस बोइंग 777-300 ईआर विमान में करीब 230 यात्री सवार थे, जो लगभग 8 से 9 घंटे तक हवा में फंसे रहे। उड़ान भरने के बाद यह विमान करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चीन ▸▸ शेष पेज 6 पर


■ 3 घंटे तक चीन के एयर स्पेस में अटके रहे 230 यात्री

नौतपे का तीसरा दिनः प्रदेशभर में भीषण गर्मी, कल से राहत की बारिश

## 14 जिलों में लू, खजुराहो-नौगांव 46.6 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में नौतपे के तीसरे दिन बुधवार को भीषण गर्मी का दौर रहा। 13 जिलों में पारा 45 से 46 डिग्री के बीच रहने से हीटवेव और तीव्र लू का असर रहा। भोपाल में पारा 43.6 डिग्री पर थमा रहा, जिससे तेज गर्मी महसूस की गई। प्रदेश में सर्वाधिक पारा खजुराहो और नौगांव में 46.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3-3 डिग्री अधिक है। दतिया में 45.6 डिग्री रहा। इन तीनों जिलों में तीव्र लू चली। शेष 11 जिलों में लू का असर रहा। इनमें ग्वालियर, रायसेन, राजगढ़, श्योपुर, दमोह, मंडला ▸▸ शेष पेज 6 पर

प्रदेशभर में गर्मी के बीच कुछ जिलों में आंधी-बौछारें होंगी शुरू


गर्मी का दृश्य

**यहां बदलेगा मौसम :** गुरुवार को सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिंगरौली, सीधी, मऊगंज, दतिया में आंधी बारिश का दौर रह सकता है। राजगढ़, आगर, भिंड, रीवा, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, दमोह, सागर, मैहर ▸▸ शेष पेज 6 पर

राज्यपाल से समय मांगा सुरजेवाला रहेंगे मौजूद

कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन की तैयारियां पूरी

## सिद्धारमैया आज देंगे इस्तीफा डीके बनेंगे कर्नाटक के सीएम!

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक में लंबे समय से चली आ रही सीएम की कुर्सी की खींचतान को अब विराम लगता नजर आ रहा है। करीब तीन साल पहले राज्य में सत्तासीन हुई कांग्रेस में एक फॉर्मूले पर खूब चर्चा हुई थी। जिसमें माना गया था कि सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार ढाई-ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री बनेंगे। पहला कार्यकाल सिद्धारमैया को मिला। इसका समाधान निकाल लिया गया है और कांग्रेस हाईकमान ने भी सहमति दे दी है। गुरुवार को संभवतः मुख्यमंत्री और डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे। इसके बाद राज्य की कैबिनेट में सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र को मंत्री बनाया जाएगा और सिद्धारमैया को राज्यसभा भेजा जाएगा। सिद्धारमैया ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मिलने का समय भी मांगा ▸▸ शेष पेज 6 पर


डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया

ट्विशा डेथ केस : मप्र हाईकोर्ट में सरकार ने चोटों के निशान पर कहा

## मौत से पहले ट्विशा से हुई थी मारपीट हाईकोर्ट में सरकार ने किया ये खुलासा

- सास गिरिबाला सिंह की देर रात जमानत रद्द, सीबीआई ने मांगी कस्टडी
- पति समर्थ सिंह 29 मई तक रहेगा सीबीआई की रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर/भोपाल

ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। एसआईटी ने बुधवार को आरोपी पति समर्थ सिंह को भोपाल कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेज दिया गया है। रिमांड मिलते ही सीबीआई की टीम आरोपी समर्थ को लेकर भोपाल के कटारा हिल्स स्थित घटनास्थल (उसके घर) पहुंची और बारीकी से निरीक्षण ▸▸ शेष पेज 6 पर



पति समर्थ सीबीआई के साथ

### सीबीआई जांच से तय होगी सास की गिरफ्तारी

ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में रिटायर जज गिरिबाला सिंह को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने निचली अदालत से गिरिबाला सिंह को मिली जमानत को रद्द कर दिया है। ▸▸ शेष पेज 6 पर

सीबीआई का गिरिबाला से सख्त सवाल

### बहू को फंदे पर लटका देखकर पहला फोन पुलिस को क्यों नहीं किया?

सीबीआई ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद गिरिबाला सिंह से पूछा कि आप वर्षों न्यायाधीश रहीं, इस तरह के कई मामलों में फैसला सुनाया। कानूनविद होने के बाद भी बहू ट्विशा को फंदे पर लटका देखने के बाद आपने सबसे पहले फोन संबंधित थाना पुलिस को क्यों नहीं किया? फंदे पर लटकी ट्विशा को पहली नजर में जब सांस नहीं चल रही थी, तब उसको लेकर पुलिस को सूचना देने में देरी, अस्पताल पहुंचाने में देरी और मायके वालों को सूचना देने में देरी के पीछे क्या कारण था? क्या कोई ऐसी बात थी, जिसे पुलिस या मायके वालों से ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

## खबर संक्षेप

### विजय नगर में भागवत कथा का आयोजन

**भोपाल।** सिंधी समाज उत्थान पंचायत के अध्यक्ष आनंद सबधाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान के परम प्रिय पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत 28 मई से 3 जून तक साप्ताहिक भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन विजय नगर, लालघाटी में किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में 28 मई को शाम 4 बजे भव्य कलश यात्रा श्री हरी सेवा गंगा दरबार से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए महामृत्युंजय मंदिर, विजय नगर, लालघाटी, भोपाल पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एवं मातृशक्ति सम्मिलित होंगे। कलश यात्रा के उपरांत महामृत्युंजय मंदिर परिसर में कथा का शुभारंभ होगा, जहां संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक कथावाचक साध्वी मंजरी प्रिया के मुखारविंद से श्रवण कराई जाएगी।

### भारतीय ज्ञान परंपरा पर आवासीय प्रशिक्षण

**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापकों के लिए राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) द्वारा 3 से 5 जून 2026 तक भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों से 60 प्राध्यापकों का चयन किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल सिद्धांतों, सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन शिक्षा पद्धति और समकालीन शिक्षा में इसकी उपयोगिता से विद्यार्थियों का परिचय कराना है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्राध्यापकों को भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों से परिचित कराया जाएगा, जिससे वे शिक्षण कार्य में इन अवधारणाओं को प्रभावी रूप से शामिल कर सकें।

### निगम अमले ने 37 पानी के सैंपल लिए

**भोपाल।** नगर निगम के जल कार्य विभाग के अमले ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 37 पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। जबकि महापौर और सीएम हेल्पलाइन पर पानी से संबंधित दर्ज 5 शिकायतों का निराकरण किया गया। निगम अमला अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 9355 स्थानों सहित शहरभर से 20286 पानी के सैंपल लेकर जांच करवा चुका है।

### मेधावी सम्मान में बुके की जगह कलम देगा कायस्थम

**भोपाल।** कायस्थम के सम्मान कार्यक्रम की चहुँ ओर सराहना की जा रही है। कार्यक्रम में एक छात्रा जम्मू से भी सम्मानित होने आएगी। ज्यों ज्यों इस कार्यक्रम की तारीख नजदीक आ रही है तो सहयोग करने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। वरिष्ठ साहित्यकार अरुण अर्नव खरे ने आगे बढ़ते हुए अपनी स्व. बिटिया नैली राजेश सिंह की स्मृति में कार्यक्रम के लिए चुने गए सभी बच्चों को बुके के स्थान पर पेन देने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के संयोजक कायस्थम के विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश खरे एवं विष्णु कांत सहाय ने बताया कि कायस्थों को कलम का धनी माना जाता है एवं उनका मुख्य हथियार कलम ही होता है ।बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए इससे अच्छा कोई उपहार नहीं हो सकता।लोगों द्वारा इस कार्यक्रम को मिल रहे व्यापक समर्थन से समिति के सभी सदस्यों में जबर्दस्त उत्साह है।

### योद्धा कीरत की धूमधाम से मनाएंगे जयंती

**भोपाल।** राष्ट्रीय योद्धा बारी कल्याण महासमिति द्वारा भोपाल में पांच जून को मेवाड़ राजवंश के रक्षक एवं कुंवर उदय सिंह को जीवन दान देने वाले महाबलिदानी विश्वास पात्र वीर योद्धा कीरत बारी की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण वर्मा एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल सिंह रावत ने बताया कि पांच जून को बारी समाज द्वारा वीर योद्धा कीरत बारी की जयंती मनाई जाएगी।

---

## जन सुविधाओं को बेहतर करने अधिकारियों को दिए निर्देश

# पार्कों की सफाई, हरियाली और आम आदमी की सुविधाओं पर महापौर राय सख्त, तीन वार्डों का औचक निरीक्षण करने पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के पार्कों की साफ-सफाई, हरितिमा विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए महापौर मालती राय ने बुधवार को वार्ड नंबर- 31, 43 और 48 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के पार्कों में नियमित साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और बच्चों व नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूरा करने तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने वार्ड - 43 के शिवाजी नगर स्थित परिवार नियोजन केंद्र परिसर का दौरा किया। यहां प्रस्तावित पार्क विकास कार्यों


निरीक्षण करने पहुंची महापौर।

की जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों से चर्चा की और निर्देश दिए कि पार्क को आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि पार्क केवल हरियाली तक सीमित न रहें, बल्कि नागरिकों और बच्चों के लिए मनोरंजन और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का बेहतर केंद्र बनें। इसके बाद महापौर राय ने वार्ड क्रमांक 48 के ई-8 भरत नगर स्थित पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित करने तथा खुले स्थानों पर पौधरोपण बढ़ाने के नि3र्देश दिए। महापौर ने पेड़-पौधों की नियमित कटाई-छंटाई कर हरियाली को सुव्यवस्थित रखने और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बच्चों के लिए झूले, फिसलपट्टी और अन्य मनोरंजन संसाधन विकसित करने के भी निर्देश दिए गए। वे वार्ड-31 के चक्की चौराहे क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण करने पहुंची और सभी निर्माण कार्य मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ जल्द पूरे करने के निर्देश दिए।

### सरकारी कन्या स्कूल में होंगे विकास कार्य

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने विधायक भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में बुधवार को शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल नेहरू नगर में 30 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। निगम द्वारा शिक्षा उपकर की राशि से स्कूल भवन में शौचालय, बाउंड्रीवाल, नवीन कक्षों व हॉल का निर्माण तथा पुराने कक्षों, शेड, सांस्कृतिक मंच, पेंटिंग आदि कार्य कराए जाएंगे।


भूमिपूजन करतीं महापौर

---

## वक्फ बोर्ड ने ईदुज्जुहा पर मुस्लिम समाज के लिए जारी की महत्वपूर्ण एडवाइजरी

# वक्फ बोर्ड की अपील: सड़क पर नहीं पढ़ें नमाज, कुर्बानी के वीडियो शेयर करने से बचें

### सबसे पहले सुबह 6.30 बजे ईदगाह में होगी नमाज

### सुबह 5:30 बजे से बदले रहेंगे कई रूट, चप्पे-चप्पे पर निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईदगाह सहित शहर की चुनिंदा मस्जिदों में गुरुवार सुबह होने वाली ईदुज्जुहा की नमाज और तीन दिन होने वाली जानवरों की कुर्बानी को लेकर बुधवार को मप्र वक्फ बोर्ड ने मुस्लिम समाज के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसमें सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने की अपील की गई है। कुर्बानी के जानवरों को तय जगह पर ही कुर्बानी करने की भी नसीहत दी गई है। यह एडवाइजरी बोर्ड के अध्यक्ष सनव्वर पटेल के हवाले से जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि ईद उल अजहा पर कुर्बानी के लिए जो जगह तय हो, वहीं पर कुर्बानी कराएं।

प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के वीडियो, ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल न किए जाएं। जहां कुर्बानी हो वह जगह चारों तरफ से दीवार, टीनशेड से बंद रखी जाए और जरूरी दवाओं का छिड़काव किया जाए। बोर्ड ने सड़क पर ईद की नमाज नहीं पढ़ने के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि वक्फ मुतवल्ली, प्रबंध समितियां ईदुज्जुहा को देखते हुए एडवाइजरी का पालन कराएं, जिसके लिए आम लोगों को भी जागरुक किया जाए।


ईदगाह पर ईद की तैयारियां।

### 43 जगहों पर बनाई अस्थाई कुर्बानगाह

ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष अहमद शाहमीरी खुर्रम ने बताया कि ईद-उल-अजहा के मौके पर नगर निगम ने शहर में 43 अस्थाई कुर्बानी स्थल बनाए हैं। जहां पर 28 से 30 मई तक कुर्बानी की जाएगी। यहां पर साफ-सफाई, सैनिटेशन, अपशिष्ट प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इधर शहर के भोपाल टॉकीज, जहांगीराबाद, जिंसी सहित अन्य क्षेत्रों में बुधवार देर रात तक कुर्बानी के जानवरों की खरीद-फरोख्त चलती रही।

### ईदगाह पर सुबह 6.30 बजे होगी नमाज

ईद के दिन सबसे पहले ईदगाह पर सुबह साढ़े छह बजे नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद ताजुल मसाजिद में 6.45, जामा मस्जिद में सुबह 7.00, मोती मस्जिद में 7.15, मस्जिद रब्बानी प्रेस कांपलेक्स में सुबह 9 बजे और मस्जिद मुनव्वर राजीव कॉलोनी करोंद में सुबह 7 बजे नमाज अदा की जाएगी, जहां पेशे इमाम मोहम्मद साजिद नमाज अदा कराएंगे।

### आज ईद पर बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था: लालघाटी, ईदगाह में भारी वाहनों की एंट्री नहीं

**भोपाल।** गुरूवार को ईद-उल-अजहा के मौके पर ईदगाह और शहर की प्रमुख मस्जिदों में नमाज के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बदली रहेगी। गुरूवार सुबह 5:30 बजे से लालघाटी, ईदगाह, रॉयल मार्केट और मोती मस्जिद इलाके में वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की अपील की है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, ईदगाह जाने वाले नमाजी भोपाल गेट-तरुण पुष्कर मार्ग, गोलघर-परि बाजार मार्ग और वीआईपी गेस्ट हाउस-टीबी अस्पताल वाली रोड का इस्तेमाल कर सकेंगे। जिन लोगों को नमाज में शामिल नहीं होना है, उन्हें नजदीकी गलियों और वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

#### बसों और भारी वाहनों के लिए ये व्यवस्था

इंदौर-उज्जैन और राजगढ़ की ओर से आने-जाने वाली बसें लालघाटी से नादरा बस स्टैंड की ओर नहीं जाएंगी। इन्हें हलालपुर बस स्टैंड तक डायवर्ट किया जाएगा। रेतघाट से मोती मस्जिद और सदर मंजिल-रॉयल मार्केट की ओर जाने वाले वाहन वीआईपी रोड से गुजरेंगे। लालघाटी से कोहेफिजा, इमामी गेट और पीरगेट की ओर जाने वाले वाहनों को भी वीआईपी रोड से निकाला जाएगा। लालघाटी से रॉयल मार्केट, रॉयल मार्केट से मोती मस्जिद, तीन मोहरा और नादरा बस स्टैंड की ओर बीसीएलएल, मध्यम और बड़ी बसों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।

#### इन वाहनों की एंट्री रहेगी बंद

ईदगाह की ओर जाने वाले रास्तों पर सभी प्रकार के लोक परिवहन, मालवाहक, भारी व्यावसायिक और परमिट वाले वाहनों की एंट्री बंद रहेगी।

---

# आरजीपीवी: हॉस्टल में पानी की समस्या को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

चंद्रशेखर हॉस्टल के मुख्य द्वार पर नारेबाजी कर पानी की समस्या सहित अन्य समस्याएं जल्द हल करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित आरजीपीवी (राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) के एक हॉस्टल में पानी की समस्या को लेकर बुधवार को दोपहर बाद कुछ छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया। होस्टल के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन के दौरान विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर होस्टल में पानी सहित अन्य समस्याओं को जल्द हल करने की मांग की गई। छात्रों के अनुसार आरजीपीवी के चंद्रशेखर हॉस्टल के मुख्य द्वार पर जमकर प्रदर्शन किया गया। छात्रों का आरोप है कि गर्मी के मौसम में हॉस्टल में पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। कई छात्र दो-तीन दिन से नहाए तक नहीं है। बिजली कटौती की परेशानी से पढ़ाई में दिक्कत आ रही है।



#### बसें गेट के बाहर ही रुकी रहीं

हॉस्टल के छात्र दोपहर बाद करीब 3.30 बजे से मुख्य द्वार पर पहुंचे और पानी की समस्या को लेकर नारेबाजी शुरू की। प्रदर्शन के दौरान कई बसें और कारें भी विवि कैंपस में अंदर नहीं जा पाईं। छात्रों का कहना था कि पानी की समस्या का स्थायी हल होना चाहिए। इस संबंध में विवि प्रबंधन से बात कर रहे हैं। प्रबंधन जल्द इस समस्या को हल करे।

---

## बड़ी संख्या में शामिल हुए स्थानीय रहवासी

# हुजूर विधायक शर्मा ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



विधायक ने किया भूमिपूजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने महापौर परिषद के सदस्य रविन्द्र यती की उपस्थिति में बुधवार को वार्ड-83 के तहत विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किया। मुखर्जी नगर कोलार के बंजारी डी-सेक्टर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में बडी संख्या में स्थानीय रहवासी शामिल हुए।

## यूजी, पीजी, एनसीटीई में हुए रजिस्ट्रेशन

# ई-प्रवेश: 87 हजार से अधिक कॉलेजों में हुए एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी कॉलेजों में उच्च शिक्षा विभाग की ई- प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इसके तहत बुधवार तक सत्र 2026-27 के लिए पहले चरण में अब तक 87 हजार 687 विद्यार्थियों ने कॉलेजों में एडमिशन ले लिया है। अभी तक स्नातक, स्नातकोत्तर और एनसीटीई पाठ्यक्रमों में कुल 2,78,742 पंजीयन हुए हैं, जिनमें से 2,10,460 आवेदनों का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। प्रथम चरण में स्नातक स्तर पर 70 हजार 752 तथा स्नातकोत्तर के लिए 16 हजार 935 विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया है।

#### 30 जून तक रजिस्ट्रेशन

उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रथम चरण में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 रहेगी। आवंटन सूची 10 जून 2026 को जारी की जाएगी। सामान्य पाठ्यक्रमों में द्वितीय चरण के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 3 जून 2026 है। सीट आवंटन सूची 7 जून 2026 को जारी होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से कहा है कि वे निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करें, जिससे समय पर प्रवेश सुनिश्चित किया जा सके।

## पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक

# 41 अस्पतालों और सोनोग्राफी केंद्रों को मिला नया रजिस्ट्रेशन, मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति बैठक बुधवार को सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में प्राप्त आवेदनों पर चर्चा, मासिक निरीक्षण रिपोर्ट, एक्ट के प्रावधानों के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। समिति द्वारा नवीन पंजीयन, एडिट एप्लीकेशन एवं नवीनीकरण आवेदनों पर चर्चा कर कर स्वीकृति दी गई।

सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति सदस्य सिविल सर्जन डॉ संजय जैन, डॉ शैलेश लूणावत, डॉ



जिला सलाहकार समिति की बैठक

रणधीर सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी राजेंद्र उपाध्याय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति खरे सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में 41 अस्पतालों और सोनोग्राफी केंद्रों के आवेदनों के नवीन पंजीयन, नवीनीकरण और एप्लिकेशन एडिट पर चर्चा कर समिति की अनुशंसा अनुसार कार्यवाही की गई।

---

## स्मार्ट एजुकेशन थ्रू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पुरस्कार से किया सम्मानित

वैश्विक पटल पर प्रदेश और देश का नाम किया रोशन

# बैंकॉक में गूंजा प्रदेश का नाम: एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को मिला ग्लोबल एजुकेशन अवार्ड, भव्य शिखर सम्मेलन में अंबकेश्वर पाठक ने हासिल किया गौरवशाली सम्मान



एलएनसीटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने वैश्विक पटल पर एक बार फिर राज्य और देश का नाम रोशन किया है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित 'ग्लोबल एजुकेशन समिट 2026' में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को स्मार्ट एजुकेशन थ्रू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई के माध्यम से स्मार्ट शिक्षा) के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 26 मई को 'एडुस्किल्स इंटरनेशनल' द्वारा आयोजित इस भव्य शिखर सम्मेलन में, एलएनसीटी ग्रुप की ओर से डॉ. अंबकेश्वर पाठक ने यह सम्मान ग्रहण किया।

#### उच्च शिक्षा में तकनीकी क्रांति का सम्मान

यह वैश्विक पुरस्कार एलएनसीटी यूनिवर्सिटी द्वारा उच्च शिक्षा में आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शामिल करने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। यूनिवर्सिटी प्रशासन के अनुसार, संस्थान छात्रों को भविष्य की बदलती तकनीकी दुनिया के लिए तैयार करने और क्लासरूम लर्निंग को अधिक स्मार्ट व प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### इस रिकॉग्निशन से संस्थान में खुशी की लहर

मध्य प्रदेश के क्लासरूम से निकलकर थाईलैंड के वैश्विक मंच तक मिली इस पहचान से पूरे एलएनसीटी परिवार में उत्साह और गर्व का माहौल है। संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारियों, संकाय सदस्यों, पूर्व छात्रों और विद्यार्थियों ने इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे एक सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है। यूनिवर्सिटी के प्रबंधन ने इस मौके पर कहा, यह पुरस्कार हमारे उस संकल्प को मजबूती देता है, जिसके तहत हम अपने विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और भविष्य के अनुकूलबनाना चाहते हैं। यह पूरे मध्य प्रदेश और देश के लिए एक गौरवशाली क्षण है।

---

भारत सरकार से मिला इंटरनेशनल ट्रैवल ग्रांट

# एम्स: मालती दधीच ने आयरलैंड में प्रस्तुत किया मेलियोइडोसिस पर शोध

**भोपाल।** एम्स भोपाल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की पीएचडी शोधार्थी मालती दधीच ने डबलिन आयरलैंड में आयोजित यूरोपियन मेलियोइडोसिस कांग्रेस 2026 में अपना शोध प्रस्तुत किया। उन्हें इस शोध प्रस्तुति के लिए अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन और भारत सरकार द्वारा 'इंटरनेशनल ट्रैवल ग्रांट' प्रदान किया गया। मालती दधीच ने यह शोध डॉ. आयुष गुप्ता, अतिरिक्त प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह संक्रमण बर्कहोल्डेरिया स्यूडोमैल्ली नामक बैक्टीरिया के कारण होता है, जो प्रायः मिट्टी और पानी में पाया जाता है, विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में। संक्रमित मिट्टी या पानी के संपर्क में आने से यह संक्रमण त्वचा के कटाव, सांस या भोजन के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर सकता है। मेलियोइडोसिस में बुखार सहित शरीर के विभिन्न अंगों में संक्रमण हो सकता है और समय पर पहचान एवं उपचार न होने पर यह गंभीर रूप ले सकता है। मधुमेह, किडनी या फेफड़ों की पुरानी बीमारी, अत्यधिक शराब सेवन तथा कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों में इस बीमारी का खतरा अधिक रहता है। खेती-किसानी या मिट्टी और पानी के लगातार संपर्क में रहने वाले लोग भी अधिक जोखिम में होते हैं। यह अध्ययन वर्ष 2022 से


एम्स

2024 के बीच एम्स भोपाल में डायग्नोस किए गए मरीजों पर आधारित था। इसमें मरीजों के क्लीनिकल एवं एपिडेमियोलॉजिकल विश्लेषण के साथ-साथ बैक्टीरिया का होल जीनोम सीक्वेंसिंग द्वारा अध्ययन किया गया।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 28 मई 2026

4 1.55 करोड़ की धोखाधड़ी पर ईओडब्ल्यू में ...



9 40 फीट की ऊंचाई पर ड्रोन से साकार हुआ इंद्र स्वरूप...





## रोड निर्माण के दौरान पाइप लाइन टूटने से आज कई इलाकों में पानी सप्लाई नहीं

अयोध्या बायपास पर 180 एमएम व्यास की एचडीपीई पाइप लाइन को सुधारने जुटा अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के अयोध्या बायपास को एनएचएआई द्वारा टेनलेन किए जाने के दौरान पाइप लाइन टूटने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। बार-बार पाइप लाइन टूटने से एक बडी आबादी को जल संकट का सामना करना पड रहा है। वहीं नगर निगम पर आर्थिक बोझ पड रहा है। नगर निगम एनएचएआई पर हर्जाना राशि के लिए नोटिस भी दे चुका है। इसके बावजूद निर्माण कार्यों में



लापरवाही बरती जा रही है और पाइप लाइनों की सुरक्षा को लेकर मैदानी अमला ध्यान नहीं दे रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आशाराम तिराहे से रत्नागिरी तक सड़क निर्माण कार्य के दौरान गत दिवस टूबा कॉलेज के पास 180 एमएम व्यास की एचडीपीई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण गुरूवार 28 मई को पलासी स्थित उच्च स्तरीय टंकी से संबंधित जलप्रदाय वाले क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। इसके चलते कमलेश नगर, शंकर नगर बस्ती, राज नगर, भारती स्टेट आदि क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा।




# स्वच्छता टीम आदमपुर खंती पहुंची, कोलार इलाके में भी सफाई-व्यवस्था देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के विभिन्न इलाकों का टीम ने लिया जायजा, देखा कचरा प्रबंधन

आदमपुर खंती में टीम ने किया प्लास्टिक प्लांट का निरीक्षण

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत शहर में निरीक्षण का दौर लगातार जारी है। सर्वेक्षण टीम ने बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा कर सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। टीम के सदस्य आदमपुर खंती पहुंचे, जहां उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया को देखा। इसके अलावा कोलार, भेल और जोन-14 एवं 15 के कई क्षेत्रों में भी सफाई व्यवस्था भी चेक की।

स्वच्छता टीम ने आदमपुर खंती में प्लास्टिक कचरे की प्रोसेसिंग, छंटाई और रीसाइक्लिंग व्यवस्था देखी। सदस्यों ने यह भी देखा कि शहर से एकत्रित प्लास्टिक वेस्ट का किस तरह वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन किया जा रहा है। अधिकारियों ने टीम को प्लांट की कार्यप्रणाली, मशीनों और वेस्ट मैनेजमेंट को नजदीकी से परखा। टीम के सदस्य कोलार क्षेत्र भी पहुंचे, जहां सड़क सफाई, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, कचरा वाहनों की निगरानी और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर आम लोगों से फीडबैक लिया। वहीं भेल क्षेत्र में भी नालियों की सफाई, कचरा उठाव और स्वच्छता संसाधनों की स्थिति देखी।

### आठ दिन से लगातार सर्वे कर रही हैं टीमें




आदमपुर खंती

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए दिल्ली से भोपाल आई टीम को बुधवार को आठ दिन पूरे हुए। टीम को 30 मई तक सर्वे पूरा करना है। लगभग शहर के सभी जोन में टीमें सर्वे कर चुकी हैं। आगामी एक-दो दिन में टीम के दिल्ली वापस लौटने की उम्मीद है। बीते एक सप्ताह से टीम शहर के अलग-अलग इलाकों, ट्रांसफर स्टेशनों, गार्बेज प्लांट, सार्वजनिक शौचालयों और बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं। इसे देखते हुए निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को लगातार अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि सर्वेक्षण के दौरान किसी प्रकार की कमी सामने न आए।

### टीम के सदस्य आम लोगों से सीधे ले रहे फीडबैक

टीम के सदस्य हर जोन में सुबह सात बजे से रात के सात बजे तक लोगों से फीडबैक लेने में जुटे हुए हैं। संभवत यह काम गुरुवार को भी जारी रहेगा। बताया जा रहा है कि शहर में 85 फीसदी सर्वे का काम पूरा हो चुका है।

### अब वाटर प्लस की टीम आएगी भोपाल

सर्वे पूरा होने के बाद मौजूद टीम के दिल्ली लौटने के बाद शहर में दूसरी परीक्षा शुरू होगी। अब वॉटर प्लस की टीम आएगी जो वाटर बॉडी के साथ नाले और नालियों के चैनलाइजेंशन परखेगी। इसे लेकर निगम ने पहले से काफी तैयारियां की हैं और कई जगह बडे प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण के सिटीजन फीडबैक में मप्र देश में नंबर-1

*प्रदेश के नागरिक दे रहे हैं शहर की स्वच्छता के लिए डिजिटल फीडबैक*

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शहरों की साफ-सफाई को लेकर लिए जाने वाले देशव्यापी सिटीजन फीडबैक में सेंसस पॉपुलेशन 2011 की जनसंख्या के आधार पर मध्यप्रदेश देश में पहले पायदान पर है। अब तक मध्यप्रदेश के 35.69 लाख से अधिक नागरिकों ने ऑनलाइन फीडबैक दर्ज किया है। 27 मई तक दर्ज इस सिटीजन फीडबैक में मध्यप्रदेश के जागरुक नागरिकों ने बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है। प्रदेश के नागरिक डिजिटल होने के मामले में भी देश में अव्वल हैं।

### डिजिटल और ऑनलाइन माध्यमों से फीडबैक में मप्र अव्वल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को चरितार्थ करने एवं माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है। इस बार के ऑनलाइन सिटीजन फीडबैक के आंकड़े दर्शातें है कि प्रदेश डिजिटल इंडिया के मामले में भी अव्वल है।

### नागरिकों की जागरुकता का परिणाम...

मध्यप्रदेश के नागरिकों की जागरुकता और सफाई मित्रों के अथक परिश्रम व लगन से



ही प्रदेश को स्वच्छता के मामले में देश में अग्रणी है। स्वच्छ भारत मिशन और सिटीजन फीडबैक में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए विभाग धरातल पर सक्रियता से कार्य कर रहा है।

**कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री, नगरीय विकास एवं आवास**

## गिरिबाला का बेटा समर्थ और चचेरे भाई से 3 घंटे तक सीबीआई ने की पूछताछ

# पहली बार...घटनाक्रम को समझने सीबीआई ने 3डी स्कैनर कैमरे से तैयार किया क्राइम स्ट्रक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

2:30 बजे एम्स मेडिकल कराने पहुंची सीबीआई, 3 बजे स्पेशल सीबीआई कोर्ट में किया पेश

सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर की फुटेज को भी किया वेरीफाई, सीबीआई की जांच प्रभावित न हो

राजधानी के चर्चित ट्विशा शर्मा की मौत के केस में सीबीआई ने जांच तेज कर दी है। पूरे घटनाक्रम को समझने के बाद सीबीआई ने भोपाल में पहली बार पूरे घर का 3डी स्कैन तैयार किया है। जिसे सीबीआई को यह पता चल सके कि किन परिस्थितियों में घटनाक्रम हुआ है। क्योंकि ट्विशा शर्मा की आने जाने से लेकर घटनाक्रम के बारे में बहुत विरोधाभास है। इसलिए तकनीक का सहारा लेते हुए सीबीआई ने पूरा एक नक्शा तैयार किया है।

इस मामले में सीबीआई ने सबसे पहले समर्थ का एम्स दोपहर में मेडिकल कराया। उसके बाद कोर्ट में पेश करने के साथ-साथ 7 दिन की डिमांड भी ली है। इन 7 दिनों के भीतर आरोपी समर्थ सिंह से सीबीआई सभी केस से जुड़े हुए मामले की पूछताछ करेगी। बुधवार को सीबीआई ने 3 घंटे तक समर्थ के घर में पूछताछ की है। इस दौरान मां गिरिबाला सिंह और पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई स्वराज सिंह बघेल से भी पूछताछ की गई है। वही गिरिबाला सिंह ने घर की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस से मदद मांगी है। पुलिस ने सीबीआई की जांच में सहयोग हो सके इसके लिए पुलिस जवान तैनात करने किया गया है। करीब 100 से डेढ़ सौ पुलिस जवान गिरिबाला सिंह की घर पर बाहर तैनात किए गए हैं। सीबीआई की अधिकारी के मुताबिक डीएनए सैंपल के लिए समर्थ और उसकी पत्नी के कुछ निजी सामान को भी लिया गया है। सीबीआई की टीम ने दूसरे दिन भी रिक्रिएशन किया है। जिस जगह पर ट्विशा शर्मा की बॉडी मिली। ओपन जिम एरिया से लेकर कर में बॉडी रखने तक पूरा घटनाक्रम सीबीआई ने तैयार किया। इस दौरान मेडिकल साक्ष्य को भी घटनाक्रम की जगह पर रखकर वेरीफाई किया।

### फोन को भी किया जप्त, डीवीआर निकालने के लिए लिखा पत्र



3डी कैमरे से भवन की स्कैनिंग।

इधर, सीबीआई ने फोन कॉल की जानकारी निकालने के लिए कंपनियों को पत्र लिखा है। समर्थ और उसकी मां का फोन जप्त कर लिया है। इसके अलावा कुछ और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को भी जप्त किया है। जिसमें लैपटॉप भी शामिल है। वहीं ट्विशा शर्मा के मोबाइल को भी जांच के दायरे में रखा गया है। उसकी पुरानी चैट को भी रिकवर किया जा रहा है। सीबीआई से जुड़े हुए सूत्रों का कहना है कि फोन की कॉल डिटेल आने के बाद ही परिजनों की लगाए गए आरोप की सच्चाई निकलकर सामने आएगी।

### समर्थ की बातों से परेशान सीबीआई, मां को कराया चुप

आरोपी समर्थ को 3 घंटे के बीच पूछताछ के दौरान सीबीआई ने फटकार तक लगा दी। इस दौरान मां ने समर्थ को कहा कि वह जांच में सहयोग करे। सूत्र बताते हैं कि जो सवाल हिरासत में पूछे गए। वही सवाल घर में मां के बीच पूछे गए। समर्थ ने कहा वह जवाब दे चुका है। बार-बार वही सवाल न पूछे जाएं। इस पर गिरिबाला सिंह ने समर्थ से जांच में सहयोग करने के लिए कहा। समर्थ ने कहा मुझे पैसे की कोई जरूरत नहीं है। दो लाख का दहेज में क्या मांगूंगा मेरी मां ने तो सात 8 लाख खुद ट्विशा को दिए थे। इसके सबूत हैं, उसपर जांच क्यों नहीं होती है।सीबीआई ने कहा हम हर पहलू पर जांच करते हैं और तब कोई नतीजा निकलता है।

### ट्विशा के परिजनों के बयान के आधार पर हुए क्रॉस एग्जामिनेशन

तीसरे दिन सीबीआई ने समर्थ और गिरिबाला सिंह से पूछताछ करते हुए ट्विशा शर्मा के परिजनों की तरफ से लगाए गए आरोप के बारे में क्रॉस एग्जामिनेशन किया। सीबीआई ने कहा आपने अपनी बहू को परेशान किया। गिरिबाला सिंह ने कहा,उनके परिजनों ने ही एक चैट दिखाया। जिसमें ट्विशा मुझे अम्मा कह रही है। समर्थ ने कहा मेरा एक दो बार विवाद हुआ है। लेकिन मैंने कभी हाथ नहीं उठाया। समर्थ ने कहा, वह अजमेर जाना चाहती थी, मैंने जाने दिया। मैंने सिर्फ उसे बच्चा रखने के लिए कहा बाद में उसने अबॉर्शन कर दिया। इस दौरान एक दो बार विवाद हुआ। हालांकि वह घर के बाहर नहीं गया। ट्विशा इसके बारे में जानकारी दी। किसका है, यह मुझे नहीं पता है।

### घर के अंदर सीबीआई की टीम ने मां भी बेटे से बात की

सीबीआई की टीम घर के बहार पूछताछ करती रही। इस दौरान कुछ लोग बाहर आए और फिर समर्थ को लेकर पुलिस बाहर निकली। इस दौरान सीबीआई के अधिकारी पूछताछ कर रहे थे कि वह गाड़ी से कैसे निकला। कैसे ट्वीशा की बॉडी को रखा। इन तमाम बातों के बीच मां और बेटे की कुछ बातचीत भी हुई। इस दौरान सीबीआई की अधिकारी भी दोनों को दूर करते हुए नजर आए। फिर सीबीआई के अधिकारी उन्होंने दोनों के साथ बात की। जिससे पता चल सके की घटनाक्रम आखिर कैसे हुआ और सच्चाई क्या है।



कोर्ट में समर्थ को पेश किया गया।

## लोग पानी को तरसे, निजी टैंकरों से खरीदा

# पुराने शहर के कई इलाकों में नहीं हो पाई पानी की सप्लाई,रातभर फाल्ट सुधारते रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गत दिवस आरिफ नगर के सामने जेसीबी से पाइप टूटने के बाद बुधवार को पुराने शहर के कई इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। लोग बूंद-बूंद पानी को तरस गए। कई परिवारों ने निजी टैंकरों से पानी खरीदा तो वहीं बड़ी संख्या में लोग पीने के पानी के लिए इधर-उधर परेशान होते नजर आए। बीती रात निगम के जल कार्य विभाग का अमला रात भर फाल्ट सुधारने में लगा रहा। गुरुवार को ईदुज्जुहा का पर्व होने के कारण खुद निगम प्रशासन मुश्किल में पड़ गया। अलसुबह तक फाल्ट को सुधारा तो गया, लेकिन पानी की टंकियां समय पर नहीं भर पाईं। इसके चलते पानी की सप्लाई नहीं हो पाई।

पीजीबीटी कॉलेज रोड निवासी नसीम कुरैशी ने बताया कि मेट्रो निर्माण कार्य के चलते आए दिन पाइप लाइनें टूट रही हैं। इसके कारण एक बड़ी आबादी को भीषण गर्मी में जल संकट झेलना पड़ रहा है। गुरुवार को त्योहार है और बुधवार को घरों में पानी की सप्लाई नहीं हुई। इससे कई क्षेत्रों में लोगों की चिंता बढ़ गई है। इसके साथ ही आरिफ नगर के सामने मेन रोड पर पाइप लाइन टूटने के चलते नारियलखेडा, टीला जमालपुरा, पीजीबीटी कॉलेज रोड व उससे लगे कई इलाकों में लोग पानी के लिए लोग परेशान रहे।



इतना गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंचा।

### गैस पीड़ित बस्तियों में गंदे और बदबूदार पानी पहुंचने की शिकायतें



ब्लू मून कॉलोनी

यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से लगी कॉलोनियों शिव नगर, सुंदर नगर, ब्लू मून कॉलोनी, अटल अयूब नगर, नवाब कॉलोनी और कल्याण नगर में गंदा और बदबूदार पानी घरों में पहुंचने की शिकायतें हैं। कल्याण नगर में नाली में वाल्व डूबा हुआ है। भोपाल ग्रुप फार इंफारमेशन एंड एक्शन की संयोजक रचना ढींगरा का कहना है कि यहां के लोगों को नर्मदा का पानी मिलना था, क्योंकि यहां का भू-जल यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की वजह से प्रदूषित हुआ है।

### निगम बोला- देर शाम सप्लाई पूरी तरह से बहाल हो जाएगी

नगर निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि रात भर कर्मचारी फाल्ट सुधारने में लगे रहे। दिन टंकियां भरी गई हैं। देर शाम तक पानी की सप्लाई बहाल हो जाएगी। कुछ इलाकों में पानी की सप्लाई हुई है।

## महाबलि नगर में अवैध निर्माण पर चले हथौड़े, बिल्डिंग परमिशन से मंजूरी से ज्यादा कर लिया भवन का निर्माण

# तीन मंजिला भवन का अवैध निर्माण ढहाने नक्शा, अनुज्ञा लेकर पहुंचे निगम अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोलार स्थित महाबलि नगर में बुधवार को नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन मंजिला भवन के अवैध निर्माण को ढहाने की कार्रवाई की। निगम के अधिकारी भवन का स्वीकृत नक्शा और बिल्डिंग परमिशन दस्तावेज लेकर मौके पर पहुंचे और निर्माण की जांच की। जांच में पाया गया कि भवन स्वामी ने स्वीकृत मानचित्र और बिल्डिंग परमिशन से अधिक निर्माण कर लिया था।

### निगम को लंबे समय से मिल रही थी शिकायतें

निगम अधिकारियों के अनुसार भवन में पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल तक नियमों के विपरीत अतिरिक्त निर्माण किया गया था। इसके बाद निगम अमले ने अवैध हिस्से को हटाने की कार्रवाई शुरू की और अवैध निर्माण पर हथौड़े चलाए। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई



और कुछ देर तक गहमा-गहमी का माहौल रहा। बताया जा रहा है कि निगम को लंबे समय से भवन में अवैध निर्माण की शिकायतें मिल रही थीं। जांच के बाद नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा में निर्माण नहीं हटाया गया। इसके चलते निगम ने कार्रवाई की।



मौके पर कार्रवाई करते अफसर।

**कार्रवाई के बीच भू-स्वामी से हुआ समझौता**

हालांकि कार्रवाई के बीच भवन स्वामी ने निगम अधिकारियों से चर्चा कर अवैध हिस्से को स्वयं हटाने का आश्वासन दिया। इसके बाद निगम के अधिकारियों ने मोहलत देते हुए स्वेच्छा से अवैध निर्माण तोड़ने की अनुमति दे दी। अधिकारियों ने साफ कहा है कि तय समय सीमा में अवैध हिस्सा नहीं हटाया गया तो निगम दोबारा कार्रवाई करेगा और खर्च भी भवन स्वामी से वसूला जाएगा।

### निगम का तर्क- पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल तक अवैध निर्माण

नगर निगम की अतिक्रमण प्रभारी सृष्टि भदौरिया ने बताया कि महाबलि नगर में तीन मंजिला भवन में काफी हिस्से में अवैध निर्माण किया गया है। जिसे तोडने की कार्रवाई की गई। इस बीच भवन स्वामी ने स्वेच्छा से अवैध निर्माण हटाने का आश्वासन दिया है। अगर निर्धारित समय में नहीं हटाया गया तो दोबारा कार्रवाई की जाएगी।

## नाले को मोडिफाई कर किया संकरा, बुलडोजर से हटाई बाउंड्रीवॉल

*सौ मीटर के नाले से हटाया अतिक्रमण, आज भी चलेगा बुलडोजर*

सद्भावना परिसर लाऊखेड़ी में सरकारी नाले पर अतिक्रमण कर उसे संकरा करने वालों पर सख्ती शुरु हो गई है। जिसके तहत बुधवार को बैरागढ़ तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर नाले को मोडिफाई कर संकरा करने के मामले में अतिक्रमण हटाया गया है। टीम गुरुवार को भी अतिक्रमण हटाएगी।

संत हिरदाराम नगर सर्कल के लाऊखेड़ी स्थित सद्भावना परिसर में सरकारी नाला स्थित है। नाले पर अतिक्रमण करने को लेकर तहसीलदार को शिकायत मिली थी। जिसके बाद नाले का सीमांकन कराया गया। इस दौरान नाले पर सद्भावना परिसर कालोनी सहित अन्य कालोनियों की बाउंड्रीवाल, पिलर, शेड सहित अन्य निर्माण चिह्नित किए जा रहे हैं। तहसीलदार



जेसीसबी से बाउंड्रीवाल को तोड़ते कर्मचारी।

हर्षविक्रम सिंह ने बताया कि पहले दिन सीमांकन के दौरान नाले पर अवैध कब्जा कर बनाई गई बाउंड्रीवाल को तोड़ा गया है। तहसीलदार ने बताया कि एक सप्ताह में नाले का सीमांकन पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान अतिक्रमण चिन्हित कर उन्हें तोड़ा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### ग्राम मंडकासिया में बह रही भागवत की गंगा

**औबेदुल्लागंज।** ग्राम मंडकासिया में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक साध्वी किशोरीजी बुधवार को भगवान राम के दर्शन तथा रामनाम रूपी शब्दों के महत्व का वर्णन किया। इसके बाद श्रीमद् भागवत कथा की आरती की गई। आरती के बाद कांग्रेस सेवादल ब्लॉक महासचिव पंकज शर्मा एवं चंद्रप्रकाश शर्मा मित्र मंडली ने साध्वी किशोरीजी को शॉल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### पचौरी ने दी गड़करी को जन्मदिन की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर उनको जन्मदिन की बधाई दी। पचौरी ने कहा कि गडकरी के नेतृत्व में देश में सड़कों का विकास, आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और बेहतर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हुए हैं। जनसेवा और देशहित में उनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय है।

### किसानों को नहीं मिल रही खाद, हो रहे परेशान



**औबेदुल्लागंज।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर कहा कि भीषण गर्मी में किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। औबेदुल्लागंज सोसाइटी पर किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। सरकार ने ई-टोकन व्यवस्था लागू तो कर दी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसान खाद लेने पहुंचता है और वहां 'सर्वर डाउन' बता दिया जाता है। 42-45 डिग्री की गर्मी में किसान दिनभर इंतजार करता है, फिर खाली हाथ घर लौट जाता है। मध्यप्रदेश में लाखों किसान डिजिटल व्यवस्था से जुड़े हैं, लेकिन गांवों में न सर्वर की व्यवस्था है, न नेटवर्क की। किसान आज खाद, बिजली और अव्यवस्था से सबसे ज्यादा परेशान है। आखिर किसान खेती करे या सोसाइटी के चक्कर लगाए?

### पटवा ने शिवराज को पुस्तक के लोकार्पण पर दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा बुधवार को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखित पुस्तक 'अपनापन : नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' के लोकार्पण के बाद दिल्ली स्थित उनके निज निवास पर सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं दीं। पटवा ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपनापन सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व, उनकी कार्यशैली और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके विजन को बेहद करीब से देखने का एक जीवंत दस्तावेज है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक ठाकुर रामपाल सिंह, रायसेन जिले के भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा भी साथ मौजूद रहे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5094 | | |
| दिन: | 679 | 21 | 290 |
| रात: | 340 | 70 | 235 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 790 | 64 | 158 |
| रात: | 268 | 65 | 159 |

---

मिलते-जुलते नाम की फर्जी फर्म बनाकर फर्जी खाते में भुगतान लेने का आरोप

# 1.55 करोड़ की धोखाधड़ी पर ईओडब्ल्यू में एफआईआर, 3 पूर्व प्राचार्य, लेखापाल सहित 7 लोगों पर ईओडब्ल्यू ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने राजधानी के शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय मुगलिया छाप में मेस भुगतान के नाम पर की गई करोड़ों रुपए की हेराफेरी पर कार्रवाई की है। यहां करीब 1.55 करोड़ रुपए की बड़ी वित्तीय गड़बड़ी का मामला सामने आया है।

ईओडब्ल्यू ने जांच के बाद इस मामले में तीन पूर्व प्राचार्यों, एक लेखापाल और निजी ठेकेदारों सहित सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता सौरभ गुप्ता की शिकायत के आधार पर ईओडब्ल्यू द्वारा मामले में जांच की गई थी। जांच में यह समामने आया है कि प्रकरण में लगभग 1.55 करोड़ रुपए का गबन किया गया है,



फाइल फोटो

जिसके बाद 7 व्यक्तियों पर फर्जीवाड़े के मास्टरमांइड गौरव शर्मा, फर्जी फर्म के मालिक हर्ष मरजानी, कर्मचारी कुलदीप शुक्ला, विद्यालय के तीन पूर्व प्राचार्य विजय सिंह महोबिया, संतोष सिंह सिसोदिया एवं वीरेंद्र दुबे और विद्यालय की तत्कालीन लेखापाल लीना विश्वकर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### यह है पूरा मामला

ईओडब्लयू की जांच में सामने आया कि वर्ष 2021 में मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर स्थित मॉडल स्कूलों में मेस संचालन के लिए टेंडर जारी किया था। भोपाल और इंदौर स्कूलों का ठेका 'कनका फूड मैनेजमेंट सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी को मिला था। कंपनी विद्यार्थियों को भोजन उपलब्ध कराती थी और भुगतान उसके अधिकृत बैंक खाते में किया जाता था। जांच में खुलासा हुआ कि वर्ष 2023 में कंपनी में सुपरवाइजर रहे गौरव शर्मा ने एक सुनियोजित साजिश रची। उसने असली कंपनी के नाम से 'प्राइवेट लिमिटेड' शब्द हटाकर 'कनका फूड मैनेजमेंट सर्विसेस' नाम से फर्जी फर्म तैयार करवाई। यह फर्म उसके परिचित हर्ष मरजानी के नाम पर बनाई गई और उसका बैंक खाता इंदौर में खुलवाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि स्कूल की तत्कालीन लेखापाल लीना विश्वकर्मा ने बिना सक्षम अधिकारियों की अनुमति के कंपनी का बैंक खाता बदल दिया। अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत फाइलों में असली कंपनी का नाम दर्ज किया जाता था, लेकिन चेक जारी करते समय जानबूझकर 'प्राइवेट लिमिटेड' शब्द हटाकर भुगतान फर्जी फर्म के खाते में ट्रांसफर किया जाता रहा।

### *ऑनलाइन पिनअप ट्रेडिंग के नाम पर युवक से सवा लाख रुपए की ठगी*

**भोपाल।** मोबाइल पर पिनअप ट्रेडिंग एप पर निवेश के नाम पर साइबर ठग ने युवक को सवा लाख रुपए का चूना लगा दिया। दरअसल, मोबाइल चलाते हुए युवक ने पिनअप ट्रेडिंग एप नाम की वेबसाइट पर चला गया था। वहां पता चला कि साइट पर पैसा डबल होता है। लालच में आकर युवक ने 1 लाख 21 हजार 740 रुपए निवेश कर दिए। बड़ी रकम निवेश होने के बाद साइट पर बनाया गया अकाउंट लॉक हो गया। युवक ने घटना की शिकायत साइबर सेल में की थी। वहां केस डायरी आने के बाद स्टेशन बजरिया पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि राहुल विश्वकर्मा, विद्याभारती स्कूल के पास द्वारिका नगर में रहता है और प्राइवेट नौकरी करता है। 4 नवंबर 2025 को मोबाइल देखते देखते आनलाइन पिनप ट्रेडिंग नाम की बेवसाइट पर पहुंचा। *उसने देखा कि इस वेबसाइट पर पैसे डबल होने की स्कीम है। लालच में आकर राहुल विश्वकर्मा ने आनलाइन पिनप ट्रेडिंग पर अपनी आईडी बनाई। उसने ऑनलाइन पिनप ट्रेडिंग पर कुल 1 लाख 21 हजार 740 रुपए डेबिट किए थे। बाद में ऑनलाइन पिनप ट्रेडिंग पर बनाया गया अकाउंट चेक किया अकाउंट लॉक हो चुका था। राहुल ने ऑनलाइन पिनप ट्रेडिंग का कस्टमर केअर नंबर की बेबसाइट से सर्च कर कॉल किया। वह नंबर भी बंद था। राहुल को लगा कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है। उसने साइबर के टोल फ्री नंबर पर शिकायत कर दी।*


---

गांव के अन्य बच्चों के साथ नहाने पहुंचा था अकाश

# कालापानी गांव के तालाब में नहाने पहुंचा 12 साल का बच्चा डूबा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित कालापानी गांव में तालाब में डूबने से 12 साल के किशोर की मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार आकाश पिता भूरा वाल्मीकि (12) गांव कालापानी, कजलीखेड़ा में रहता था। मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे आकाश गांव के बच्चों के साथ जंगल में बने तालाब में नहाने पहुंचा था। सभी बच्चे तालाब किनारे बैठकर नहा रहे थे। इस दौरान आकाश भी तालाब में नहाने के लिए उतर गया।



फाइल फोटो

गहरा पानी होने के कारण वह डूबने लगा। वहां मौजूद बच्चों ने शोर मचाया तो पास ही ईंट के भट्टे पर काम कर रहा आकाश का बड़ा भाई मौके पर पहुंचा और किसी तरह आकाश को बाहर निकाला। हालांकि उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में आकाश का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। बुधवार को आकाश के शव का पीएम कराया गया। पुलिस ने बताया कि गांव से कुछ दूरी पर जंगल और खेतों के पास बारिश का पानी इकट्ठा होता है। पानी में बच्चे नहाते हैं और गांव के लोग मवेशियों को पानी पिलाते हैं। इसी गड्ढेनुमा तालाब में डूबने से आकाश की मौत हुई है।

### रंजिश में तीन नाबालिगों पर चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड पर बुधवार सुबह साढ़े चार बजे महाकाल रेस्टोरेंट के पास बाइक सवार बदमाश ने तीन नाबालिगों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक नाबालिग को हाथ में चाकू से गंभीर चोट आई है, जबकि दूसरे को गर्दन के पास चोट है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 15 साल का अनस, ईंटखेड़ी के अरवलिया गांव में रहता है और वेटर का काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि अयोध्या नगर इलाके में शादी थी। शादी में काम कर अपने भाई सहित चार दोस्तों के साथ ऑटो से लौट रहा था। अस्सी फीट रोड पर महाकाल रेस्टोरेंट के पास ऑटो रुका और चारों नाबालिग ऑटो से उतरे ही थे कि अरवलिया निवासी फैजान खान अपने साथी के साथ बाइक से पहुंच गया। उस समय सुबह करीब साढ़े 4 बज रहे होंगे। फैजान ने बाइक से उतरते ही नाबालिगों से गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया।

#### ऐसे पकड़ाया आरोपी

पुलिस ने बताया कि जानलेवा हमले की वजह रंजिश की बात सामने आई है। नाबालिगों और फैजान के बीच पैसों को लेकर विवाद चल रहा है। चाकूबाजी के बाद फैजान ने नाबालिगों को इलाज कराने का कहा था और उन्हें लेकर जा रहा था, तभी रात्रि गश्त में घूम रही पुलिस की नजर पड़ गई। घायलों को देख पुलिस रुक गई और आरोपी फैजान भागने का प्रयास करने लगा। उसे दौड़कर पकड़ लिया गया, जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है।

#### भदभदा तालाब में डूबने से युवक की मौत

*रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित भदभदा तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर की है। वह अपने दोस्त के साथ नहाने तालाब गया था। उसके दोस्त को तैरना नहीं आता था इसलिए वह किनारे पर ही बैठा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक साउथ टीटी नगर निवासी अतुल पवार पिता सुभाष पवार (25) प्राइवेट काम करता था। बुधवार दोपहर करीब दो बजे वह अपने एक दोस्त के साथ नहाने भदभदा तालाब पहुंचा था।*

### डंपर की टक्कर से महिला की मौत

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित मानसरोवर तिराहा के पास डंपर ने महिला को टक्कर मार दी। घटना गत 22 मई की सुबह सवा 4 बजे के आसपास की है। महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। इलाज के दौरान मंगलवार को महिला की मौत हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले डंपर चालक पर मामला दर्ज लिया है। पुलिस के अनुसार अनिता महाले पिता संजय महाले (35) मद्रासी कॉलोनी में रहती थी। गत 22 मई की सुबह करीब चार बजे वह मानसरोवर तिराहा के पास सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनिता के सिर में गंभीर चोट आई थी।

सुरक्षा, पेयजल एवं सफाई की व्यवस्थाएं की

## ईद-उल-अजहा आज, तीन स्थानों पर अदा की जाएगी ईद की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को ईद-उल-अजहा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह देखा जा रहा है। मस्जिदों और ईदगाहों में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। जानकारी देते हुए मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष एवं ईदगाह प्रबंधन समिति के नायब सदर हाजी अल्ताफ खान ने बताया कि मुस्लिम त्योहार कमेटी एवं ईदगाह प्रबंधन समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि परंपरानुसार नगर में तीन स्थानों पर ईद की नमाज अदा कराई जाएगी। सबसे पहले सुबह 8 बजे ईदगाह में ईद की नमाज होगी। इसके बाद ईदगाह मस्जिद में सुबह 8:30 बजे तथा मोहम्मदी मस्जिद में सुबह 9 बजे नमाज अदा की जाएगी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि नमाज के दौरान व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। नमाज स्थलों पर पेयजल, सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

औबेदुल्लागंज थाना में शांति समिति की

## ईद-उल-अजहा पर शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से थाना औबेदुल्लागंज परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी भारत प्रताप सिंह एवं नायब तहसीलदार निलेश सरवटे विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने और त्योहार को शांति व सद्भाव के साथ मनाने की अपील की।



शांति समिति की बैठक में अधिकारी और समाज के गणमान लोग चर्चा करते हुए।

#### संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी होगी

थाना प्रभारी भारत प्रताप सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नायब तहसीलदार निलेश सरवटे ने नागरिकों से अपील की कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और कुर्बानी के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करें।

---

10 प्रकरण बनाए, मौके से 5 लोगों को किया गिरफ्तार

## होटल, ढाबों एवं कच्ची शराब के अड्डों पर पुलिस ने दबिश देकर की कार्रवाई

80 लीटर अवैध हाथभट्टी और 42 पाव प्लेन शराब किया जब्त



पुलिस ने कार्रवाई कर बड़ी मांत्रा में जब्त की अवैध शराब।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी और थाना गौहरगंज की संयुक्त कार्रवाई बुधवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन मैं दीपक अवस्थी सहायक आयुक्त आबकारी के आदेश पर की। चारों आबकारी वृत एवं थाना गौहरगंज की संयुक्त टीम ने गौहरगंज, बिनेका क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल, ढाबों एवं कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश दी, जिसमें 10 प्रकरण दर्ज किए गए और 5 लोगों को मोके पर गिरफ्तार किया गया।

#### नष्ट किया महुआ लहान

कार्रवाई के दौरान 80 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब, 42 पाव प्लेन शराब जब्त की गई। साथ ही करीब 400 किलोग्राम महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई मैं निरीक्षक रविन्द्र अहिरवार, सुनील मीना, गौरव भद्रसेन, शैलेन्द्र भील सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### ग्राम कुमारिया में डीपी लगाने की मांग

**औबेदुल्लागंज।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, ब्लॉक किसान कांग्रेस अ ध्य क्ष सूरजमल गौर ने बिजली दफ्तर जाकर मांग की कि ग्राम कुमारिया में हमने डीपी रखने के बारे जेई छाबड़ा से कई बार निवेदन किया है, मगर अभी तक सुनवाई नहीं हुई है। कुमारिया ग्राम में किसान लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। वहीं पीने का पानी भी 2 किलोमीटर दूर से लाना पड़ रहा है। डीपी लगाने में टालमटोल करने से किसानों में रोष है। अगर एक सप्ताह में डीपी नहीं लगाया गया तो बिजली दफ्तर का घेराव किया जाएगा।



इमरत सिंह दरबार



सूरजमल गौर

नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में स्थापना दिवस मनाया

## 'छल-कपट की संपत्ति अंततः विनाश का कारण बनती है': उपाध्याय विश्रुतसागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बुधवार को मंदिर स्थापना एवं पंचकल्याणक महोत्सव की तृतीय वर्षगांठ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम आचार्य विरागसागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय विश्रुतसागर ससंघ के सान्निध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान नेमीनाथ के महामस्तकाभिषेक से हुई, जिसका सौभाग्य विमल कुमार जैन एवं नितेश कुमार जैन पोद्दार परिवार को प्राप्त हुआ।

अभिषेक के उपरांत शांतिधारा पारुल जैन परिवार द्वारा की गई। वहीं ब्रह्मचारी अमित भैया के सान्निध्य में श्री 1008 नेमीनाथ विधान का आयोजन भी किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप एवं सचिव अभिनेष 'आशु' जैन ने बताया कि मंदिर स्थापना दिवस एवं पंचकल्याणक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं, जिनमें श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी रही।

#### संसार का सुख क्षणिक होता है

धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय विश्रुतसागर ने कहा कि मनुष्य को जैन कुल, धर्म और अहिंसा जैसे संस्कार पुण्योदय से प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख-दुख चाहे जैसे भी हों, व्यक्ति को धर्म, देव, शास्त्र और गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा एवं समर्पण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि दान, श्रद्धा और धर्म का पालन व्यक्ति को सम्यक दर्शन की ओर ले जाता है। जो व्यक्ति धर्म और वैराग्य के मार्ग पर चलता है, वही वास्तविक आत्मसुख को प्राप्त करता है। छल-कपट से अर्जित संपत्ति अंततः विनाश का कारण बनती है, इसलिए व्यक्ति को सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि संसार का सुख क्षणिक है, जबकि आत्मा का सुख शाश्वत है। महात्माओं का सान्निध्य व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता और शांति लाता है। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



मंदिर में पूजा करते जैन समाज के लोग।

---

पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा देने की दिशा में बड़ा कदम

पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य एवं परिवार की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: डीजीपी

## गंभीर बीमारियों एवं ड्यूटी के दौरान घायल पुलिसकर्मियों को पीएचपीएस निधि से अधिकतम 14 लाख की मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश पुलिस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना न्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके आश्रित परिवारजनों को बेहतर, सरल और व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा की गई। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि पुलिसकर्मी चौबीसों घंटे नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य और परिवार की सुरक्षा पुलिस संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



मध्यप्रदेश पुलिस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना न्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में चर्चा करते डीजीपी मकवाणा।

#### अनुकंपा नियुक्त कर्मचारियों के परिवार को भी लाभ

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त पुलिस कर्मचारियों पर आश्रित छोटे भाई-बहनों और दिव्यांगजनों को भी योजना का लाभ देने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। यह फैसला उन कर्मचारियों की पारिवारिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखकर लिया गया है, जो अपने भाई-बहनों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

#### योजना को अधिक संवेदनशील और व्यावहारिक बनाने पर जोर

*विशेष परिस्थितियों में मानवीय आधार पर निर्णय लेने के लिए विशेषाधिकार प्रावधान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही सभी इकाई प्रमुखों को लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति और उपचार संबंधी बिलों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य सुरक्षा योजना को अधिक संवेदनशील और व्यावहारिक बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसमें आश्रित सदस्यों की पात्रता, कैशलेस उपचार, गंभीर बीमारियों के इलाज, आकस्मिक चिकित्सा सहायता और उपचार प्रक्रिया को सरल बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।*

8वीं और 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी कर सकते हैं आवेदन

## आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन 30 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मध्यप्रदेश समेत जिले के सभी शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के पोर्टल पर अपलोड होगी। प्रवेश के लिए पंजीयन 20 जून तक किए जा सकते हैं। आवेदक इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन 1 से 3 जून तक कर सकेंगे। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी डीएसडी पोर्टल पर उपलब्ध है। प्रवेश हेतु निर्धारित योग्यता कक्षा 8वीं एवं कक्षा 10वीं उत्तीर्ण है।

#### कुल 176 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा

आवेदक का चयन मैरिट के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थी आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं। शासकीय आईटीआई रायसेन में व्यवसाय फिटर में 20 सीट, विधुतकार में 20 सीट, ड्राफ्टसमेन सिविल में 24 सीट, कोपा में 48 सीट, वेल्डर में 40 सीट एवं स्टेनोग्राफी हिन्दी में 24 सीट सहित कुल 176 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

**शहरों के बीच दूरी और यात्रा समय को कम करना उद्देश्य**

# एरियल डिस्टेंस के आधार पर बनेंगे आधा दर्जन नए ग्रीनफील्ड हाईवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में पहली बार एरियल डिस्टेंस के आधार पर हाईवे विकसित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार करीब आधा दर्जन नए ग्रीनफील्ड हाईवे बनाने की तैयारी कर रही है, जिनकी कुल लंबाई 1100 किलोमीटर से अधिक होगी। इन हाईवे को अधिकतम सीधा बनाने की योजना है, ताकि शहरों के बीच दूरी और यात्रा समय कम किया जा सके। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, इन हाईवे के बनने के बाद बड़े शहरों के बीच यात्रा में एक से तीन घंटे तक की बचत होगी।

परियोजनाओं का निर्माण ग्रीनफील्ड मॉडल पर किया जाएगा और इन्हें एक्सक्लूसिव कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इन हाईवे पर लोकल वाहनों को सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा। हर 50 किलोमीटर पर एंट्री और एग्जिट पॉइंट बनाए जाएंगे। इसके अलावा जहां ग्रामीण सड़कें या स्थानीय आवागमन होगा, वहां फ्लाईओवर, ओवरब्रिज और अंडरपास बनाए जाएंगे, ताकि गांवों का संपर्क प्रभावित न हो। हाईवे सामान्य जमीन स्तर से 5 से 7 फीट ऊपर बनाए जाएंगे और दोनों तरफ सुरक्षा रेलिंग लगाई जाएगी, जिससे मवेशियों और वाहनों की अनियंत्रित एंट्री रोकी जा सके।

### मप्र में पहली बार लागू होगा मॉडल, हर 50 किमी पर होगा एंट्री-एग्जिट पॉइंट

### निजी एजेंसी करेगी रूट तय, राहगीरों को होगा लाभ


प्रतीकात्मक फोटो।

हाईवे का अंतिम रूट निजी एजेंसी द्वारा फिजिबिलिटी सर्वे के आधार पर तय किया जाएगा। कोशिश रहेगी कि सड़कें अधिकतम सीधी रहें, लेकिन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार मोड़ दिए जाएंगे। इससे विस्थापन कम होगा और शहरों को बायपास सुविधा भी मिलेगी।

### प्रस्तावित हाईवे और यात्रा समय में कमी

सागर-सतना हाईवे : 295 किमी की मौजूदा दूरी घटकर 235 किमी होगी। यात्रा समय 6-7 घंटे से घटकर करीब 3 से 3.30 घंटे रह जाएगा।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा भोपाल

भोपाल-मंदसौर हाईवे को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। इसके बाद भोपाल से दिल्ली की यात्रा करीब 8 घंटे में पूरी हो सकेगी, जबकि अभी 10 से 12 घंटे लगते हैं। करीब 11,550 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में सिर्फ 13 इंटरचेंज प्रस्तावित हैं।

### रूट तय होने के बाद कुछ ऐसा रहेगा खाका

- **भोपाल-इंदौर हाईवे :** दूरी 190 किमी से घटकर 160 किमी होगी। सफर 3-4 घंटे के बजाय 2 से 2.30 घंटे में पूरा होगा।
- **भोपाल-मंदसौर हाईवे :** 313 किमी की दूरी घटकर 255 किमी होगी। यात्रा समय 4-5 घंटे से घटकर 2-3 घंटे रह जाएगा।
- **जबलपुर-भोपाल मार्ग :** 350 किमी से घटकर 320 किमी होगा और यात्रा समय 8-9 घंटे से घटकर 5-6 घंटे हो जाएगा।
- **सागर-जबलपुर हाईवे :** दूरी 54.4 किमी से घटकर 48 किमी होगी। यात्रा समय 1 घंटे से घटकर 35-40 मिनट रह जाएगा।
- **इंदौर-उज्जैन मार्ग :** 199 किमी से घटकर 140 किमी होगा और यात्रा समय 4-5 घंटे से घटकर करीब 2 से 2.15 घंटे हो जाएगा।

### डीपीआर का काम शुरू हो चुका है...

कई परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने का काम शुरू हो चुका है। इन हाईवे के निर्माण से प्रदेश में व्यावसायिक गतिविधियों और माल परिवहन को नई गति मिलेगी।

**सुखबीर सिंह**, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए शिवप्रकाश

**भोपाल।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने बुधवार को माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत अनूपपुर के जिला प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### रेल मंत्री ने पन्ना के जंगल में रेलवे लाइन पर दिए निर्देश

**भोपाल।** ललितपुर–सिंगरौली रेल लाइन परियोजना बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेल कनेक्टिविटी परियोजना है। यह परियोजना मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ती है। सिंगरौली ललितपुर रेलवे लाइन पन्ना के जंगलों से गुजरती है यह लाइन मध्य प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र को झांसी भोपाल के मेन लाइन से जोड़ती है।

### जनजातीय विद्यार्थियों को मिल रहीं बेहतर शिक्षा

**भोपाल।** प्रदेश के जनजातीय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनजातीय कार्य विभाग लगातार कार्य कर रहा है। यह बात जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कही। उन्होने कहा कि सरकार जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनजातीय समाज का हर बच्चा आधुनिक शिक्षा से जुड़े और अपने सपनों को पूरा कर सके।

**विश्व धरोहर खजुराहो में आयोजित हुआ योग महोत्सव**

# योग और खजुराहो दोनों भारतीय संस्कृति के प्रमुख स्तंभ: डॉ यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय योग परम्परा को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। योग और खजुराहो, दोनों ही सदियों से भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ रहे हैं।

हमारी सरकार योग के प्रचार के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। योग को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए आयुष विभाग द्वारा इन दिनों 'घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग' अभियान भी चलाया जा रहा है। डॉ यादव ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 25 दिवसीय काउंटडाउन के अवसर पर यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में आयोजित 'योग महोत्सवः 2026' कार्यक्रम को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

**[ मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश से किया संबोधित ]**


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्र और राज्य सरकार के आयुष मंत्रालय के अधिकारियों और जिला प्रशासन, छतरपुर को खजुराहो में इस विशेष आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी और सांसद खजुराहो विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया।

### योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने अभियान

सीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले काउंटडाउन इवेंट से देशभर में लाखों लोग जुड़ रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी भी योग को सहर्ष स्वीकार कर रही है। हम योग को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जोड़कर एक स्वस्थ, जागरुक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से हम योग को हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय का यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की राष्ट्रव्यापी तैयारियों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह कार्यक्रम योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति केन्द्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

**गेहूं उपार्जन और जलसंकट के चलते सरकार नहीं देगी राहत**

# आईएएस संतोष वर्मा और कलेक्टर्स नहीं जाएंगे मिड करियर ट्रेनिंग पर

*वर्तमान में मध्यप्रदेश के 11 आईएएस अधिकारी मसूरी में हैं मिड करियर ट्रेनिंग पर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्राह्मण बेटियों को लेकर विवादित टिप्पणी के बाद चर्चा में आए आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को सरकार मिड करियर ट्रेनिंग पर नहीं भेजेगी। उनके थर्ड फेज की ट्रेनिंग पहले ही रोक दी गई थी और अब चौथे चरण की ट्रेनिंग में भी उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, संतोष वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों के बाद कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन उस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। ऐसे में उन्हें फिलहाल ट्रेनिंग के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के कलेक्टरों को भी इस बार मिड करियर ट्रेनिंग से छूट नहीं मिलेगी। सरकार ने गेहूं उपार्जन, जलसंकट, जनगणना और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को देखते हुए कलेक्टरों को ट्रेनिंग पर नहीं भेजने का फैसला किया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 11 आईएएस अधिकारी मसूरी में मिड करियर ट्रेनिंग पर हैं। यह ट्रेनिंग 11 मई से शुरू हुई थी और 5 जून को समाप्त होगी। इस बैच में संतोष वर्मा को पहले ही रोक दिया गया था। बताया गया है कि इस चरण में केवल सिवनी कलेक्टर को ही ट्रेनिंग पर भेजा गया, जबकि अन्य कलेक्टरों को प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण नहीं भेजा गया। मिड करियर ट्रेनिंग का चौथा चरण 15 जून से 10 जुलाई के बीच प्रस्तावित है। इसमें वर्ष 2000 से 2012 बैच तक के अधिकारियों को शामिल किया जाना है। हालांकि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी, भंडारण, परिवहन व्यवस्था, जल संकट और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के चलते इस बार भी कई कलेक्टरों को ट्रेनिंग से बाहर रखा जा सकता है।

### आईएएस आईपीएस और आईएफएस अफसरों का बढ़ा डीए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने आईएएस, आइपीएस और आईएफएस अधिकारियों को बड़ा तोहफा दिया है। राज्य सरकार ने ऑल इंडिया सर्विस अधिकारियों के महंगाई भत्ते यानी डीए में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन अधिकारियों को 58 प्रतिशत की जगह 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। सरकार का यह फैसला 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना जाएगा। बताया जा रहा है कि यह निर्णय केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय की 22 अप्रैल 2026 को जारी अधिसूचना के आधार पर लिया गया है। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के बाद प्रदेश के आईएएस, आइपीएस और आईएफएस अधिकारियों के वेतन में भी इजाफा होगा। राज्य सरकार के इस फैसले को अधिकारियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

## मंत्री राकेश शुक्ला पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यालय, कार्यकर्ताओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में संगठन और सरकार के बेहतर तालमेल के लिए नई व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत मंत्रियों और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद और समस्याओं के निराकरण की व्यवस्था जारी है। इसी क्रम में बुधवार को मंत्री राकेश शुक्ला ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे और प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री शुक्ला ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का तत्काल समाधान भी किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

## बूथ पर किसानों संग 'मन की बात' सुनेंगे जनप्रतिनिधि प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने बूथ अध्यक्षों को लिखा पत्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विशेष रणनीति तैयार की है।

इस बार कार्यक्रम किसानों के बीच सुनाने पर जोर दिया जा रहा है। हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश के बूथ अध्यक्षों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि 31 मई को होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम में किसानों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। पत्र में कहा गया है कि मध्य प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है, जहां बड़ी संख्या में किसान खेती-किसानी से जुड़े हैं। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर के कृषि आधारित क्षेत्रों में किसान मोर्चा के समन्वय से बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें किसानों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' सुनी जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि इस आयोजन में सरपंच से लेकर सांसद तक सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम के दौरान किसानों से संवाद भी किया जाएगा और राज्य सरकार की किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### बहुसंख्यक सांप्रदायिकता सबसे बड़ी चुनौती: सिंह

**भोपाल।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार और मौजूदा राजनीतिक माहौल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू की विचारधारा और संविधान में शामिल मूल्यों को बदलने की कोशिश की जा रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि


दिग्विजय सिंह

प्रधानमंत्री बनने के बाद पंडित नेहरू ने भारतीय संविधान में जिन सिद्धांतों और मूल्यों को स्थान दिलाया था, आज उन्हें कमजोर करने और बदलने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति देश के सामने स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू की जो विचारधारा थी, उसका भारतीय संविधान में उल्लेख करवाया गया था। उसे भी इस प्रकार से बदलने का काम किया जा रहा है, वह आप सबके सामने है। सांप्रदायिकता के मुद्दे पर बोलते हुए दिग्विजय सिंह ने नेहरू के विचारों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नेहरू सांप्रदायिकता को समाज के लिए बेहद खतरनाक मानते थे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि नेहरू जी कहा करते थे कि सांप्रदायिकता बहुत खराब चीज है। यह द्वेष पैदा करती है, नफरत पैदा करती है। लेकिन अल्पसंख्यकों की सांप्रदायिकता से ज्यादा खतरनाक बहुसंख्यकों की सांप्रदायिकता होती है और वही आज हम सबके सामने सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि देश को संविधान की मूल भावना, सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस दौरान पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।




### आईपीएस को याद आई गांव की गालियां और झुलसा देने वाली गर्मी

मप्र कैडर के आईपीएस इन दिनों गांव की गालियों और वहां का अंदाज याद कर रहे हैं। वैसे तो मप्र में गर्मी का माहौल है, भीषण गर्मी के बीच में सब को गांव की याद आ रही है, क्योंकि गांव में तापमान देश भर में सबसे ज्यादा है। यही वजह है कि मप्र के मुख्यमंत्री की जगह उप्र के मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिले की गर्मी की स्थिति को ध्यान में रखा जाए। वैसे हर किसी ब्यूरोक्रेट को पता है कि मप्र में पेड़ों की कटाई का दायरा कितना बढ़ गया है। जब गर्मी सितम ढाती है तो फिर पेड़ याद आते हैं। जब फील्ड में पुलिस अधीक्षक थे तो खुद खड़े होकर अपने बंगले के पेड़ कटवा दिए थे। यही वजह है कि अब जब गांव याद आ रहा है तो सब के पुराने चर्चे भी पुलिस मुख्यालय में गुनगुनाए जा रहे हैं...

### वैसे सब तो का मन चल तो पंडिताई भी पुलिस वालों को बता दें...

स्पेशल डीजी भी नहीं बिगाड़ पाए महिला डीएसपी का खेल, व्यापारी से लेकर अफसर तक परेशान पुलिस मुख्यालय में इन दिनों महिला डीएसपी की चर्चा जोरों पर है... वैसे तो मैडम पहले से ही बहुत चर्चित हैं क्योंकि एक व्यापारी ने 5 लाख का भुगतान नहीं किया है..शिकायत डीजीपी तक हो गई है, लेकिन मैडम का कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता... स्पेशल डीजी तक नमस्तक हो चुके हैं... मैडम के न तो सैंया कोतवाल हैं, न ही मैडम आईपीएस, लेकिन रुतबा इतना कि सब भी डरते हैं.. यही वजह है कि व्यापारी से ही डीजीपी सबूत मांग रहे हैं, जबकि लेनदेन का पूरा ब्यौरा व्यापारी दे चुका है और साहब ने ही मैडम की रिपोर्ट बना दी है.. फिर भी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ अंगूठा व्यापारी और अफसर दोनों को मिला है...

### गोल्ड की खेप का पता नहीं, डकार तो नहीं गए

राजधानी के एक थाना क्षेत्र में एक शख्स के पास से गोल्ड और चांदी की बड़ी खेप पुलिस ने पकड़ी थी। बात बाहर तक नहीं आई। कही से बात बाहर भी आई तो पता चला कि थाना प्रभारी खास खुलासा करने वाले हैं। पर तीन दिन से ज्यादा का समय बीत गया और थाना प्रभारी क्या अब तो निचले स्तर के कर्मचारी भी भूल गए। देखना यह है कि इस खेप की भनक आलाधिकारी तक पहुंची या नहीं। सुना है कि गोल्ड और चांदी की खेप बाहर से आई थी।

### कमिश्नर की फटकार के बाद फरियादी को मनाने जुटा स्टाफ

राजधानी के थाने की पुलिस वाहन चेकिंग के नाम पर एक युवक से 1 हजार रुपए वसूल लिए। हैरानी की बात तो यह है कि न तो रसीद दी गई न ही ऑनलाइन चालान मिला। युवक भी कमिश्नर कार्यालय पहुंच गया और शिकायत कर दी। थाना प्रभारी को ईमानदार कमिश्नर ने तलब किया तो थाना प्रभारी के अधीनस्थ स्टाफ के पास कॉल पहुंचने लगे। थाना प्रभारी कहने लगे कैसे भी कर युवक को मनाओ मेरी कमान बचाओ। अब दरोगा जी युवक को मनाने गुजारिश कर रहे है।

**प्रकाश भौमरकर**

### मऊगंज को मिला नया आरटीओ कोड, एमपी 72 से होगी पहचान

**भोपाल।** मप्र शासन ने मऊगंज जिले को नया आरटीओ कोड जारी कर दिया है। अब मऊगंज जिले में खरीदे जाने वाले नए वाहनों का पंजीयन एमपी-72 सीरीज से किया जाएगा। इस फैसले के बाद जिले के वाहन मालिकों को अपनी गाड़ियों पर अलग पहचान मिलेगी और जिले की प्रशासनिक पहचान भी और मजबूत होगी। हालिया स्थानीय रिपोर्ट्स में एमपी-72 को मऊगंज के लिए आवंटित किए जाने की जानकारी सामने आई है। अब तक मऊगंज जिले के वाहन रीवा या अन्य संबंधित आरटीओ कोड से पंजीकृत होते थे, लेकिन अब जिले के लिए अलग कोड जारी होने से वाहन पंजीयन प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी। नई बाइक, कार या अन्य वाहन खरीदने वाले लोगों को अब एमपी-72 नंबर आवंटित किया जाएगा। इस निर्णय से जिलेवासियों में खुशी का माहौल है।

## डिप्टी सीएम ने किया 'एयर एम्बुलेंस एमपी' मोबाइल ऐप का शुभारंभ

*अब तक 140 जीवनरक्षक मिशनों को सफलता पूर्वक दे चुकी अंजाम*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में 'एयर एम्बुलेंस एमपी' पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। शुक्ल ने कहा कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत किसी भी नागरिक को समय पर उपचार के अभाव में जीवन न गंवाना पड़े। नए पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से एयर एम्बुलेंस सेवा के लिए अनुरोध की प्रक्रिया अब और अधिक सरल एवं तेज होगी। पोर्टल में एयर एम्बुलेंस फ्लीट की रियल टाइम ट्रैकिंग, सेवा अनुरोधों का सुगम डिजिटल प्रवाह, सेवा प्रदाताओं को तत्परता के लिये रियल टाइम नोटिफिकेशन तथा अनुमोदन प्राधिकारी को समयबद्ध स्वीकृति के लिए अलर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही पूरी प्रक्रिया में जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश में यह सेवा अब तक 140 जीवनरक्षक मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी है। इनमें नवजात शिशुओं, हृदय रोग, ट्रॉमा, न्यूरोलॉजिकल आपात स्थितियों एवं अंग प्रत्यारोपण से जुड़े मामलों का सफल एयर मेडिकल ट्रांसफर शामिल है।

## युवा कांग्रेस में खाली पद भरने की कवायद तेज, जिलों-विधान सभाओं से मांगे नाम

**भोपाल।** प्रदेश भारतीय युवा कांग्रेस में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए खाली पड़े पदों को भरने की कवायद तेज कर दी गई है। युवा कांग्रेस चुनाव के दौरान जिन जिलों और विधानसभा इकाइयों में पदाधिकारी नहीं चुने जा सके थे, वहां अब मनोनयन के जरिए नियुक्तियां की जाएंगी। प्रदेश संगठन ने सभी जिला अध्यक्षों, जोन और जिला प्रभारियों से 10 जून तक योग्य उम्मीदवारों के नामों का पैनल भेजने को कहा है। संगठन का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाना और संगठन को मजबूत करना बताया जा रहा है। युवा कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे के अनुसार जिला कमेटी में कुल 31 पदाधिकारी होते हैं, जिनमें 1 अध्यक्ष, 10 उपाध्यक्ष और 20 महासचिव शामिल रहते हैं। वहीं प्रत्येक विधानसभा कमेटी में 27 पदाधिकारी तय किए गए हैं, जिनमें 1 अध्यक्ष, 6 उपाध्यक्ष और 20 महासचिव शामिल होते हैं। बताया गया है कि पिछले संगठनात्मक चुनाव में कई जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में तय संख्या के अनुसार पदाधिकारी निर्वाचित नहीं हो सके थे। इसके चलते संगठनात्मक कामकाज प्रभावित हो रहा था। अब राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संगठन से जुड़े नेताओं का कहना है कि नई नियुक्तियों के बाद बूथ और विस स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी।

**संगठन सृजन अभियान के तहत सीधी में कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू**

# भाजपा पर जीतू का निशाना: रीवा की सबसे ज्यादा बेची गई सरकारी जमीन, इलाज के लिए लोग जाते हैं नागपुर

**कार्यक्रम में जीतू पटवारी ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे "संगठन सृजन अभियान" के अंतर्गत सीधी में जिला सीधी और जिला सिंगरौली के ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों और मंडलम अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण शिविर में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जीतू पटवारी ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं और कांग्रेस गांव-गांव तथा घर-घर तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यशैली, जनसंपर्क और चुनावी तैयारी का व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जा रहा है। शिविर में आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची प्रबंधन, जमीनी स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी तरीके से जनता के बीच उठाने पर विशेष जोर दिया गया।


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जीतू।

### सक्रिय नेटवर्क तैयार करना जरूरी

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सक्रिय नेटवर्क तैयार करना जरूरी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को अजय सिंह, कमलेश्वर पटेल, डॉ. संजय कामले, ललित सेन, प्रोमिल मित्रा और आनंद जाट ने भी संबोधित किया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनसंपर्क अभियान को तेज करें और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता के साथ जनता के बीच लेकर जाएं। साथ ही संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय और सक्रियता को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

## पेज 1 का शेष

### सीएस ने जताई हैरानी...

पंचायत के सीईओ से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अगले तीन साल में प्रदेश को नारकोटिक्स और ड्रग्स से मुक्त करने का काम करना है, इसलिए अधिकारी कैंपेन चलाकर इसके खिलाफ कार्रवाइ करें।

### नरवाई जलाने पर ...

उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र की फैक्ट्रियों का निरीक्षण करें और देखें कि प्रदूषण रोकने के उपाय किए गए हैं या नहीं। कारखानों में जरूरी उपकरण न पाए जाने पर कार्रवाई करें।

### कोई सरकारी हैंडपंप ...

है। किसानों को ई विकास पोर्टल के जरिए पंजीयन कर खाद देने का काम किया जाए। साथ ही खाद लिए जो टोकन दिए जाते हैं उसमें सिर्फ डीएपी के लिए ही टोकन न दें बल्कि एनपीके के लिए भी टोकन दें ताकि भीड़ की स्थिति न बने।

### अवैध रेत परिवहन ...

में फ्रैक्चर और अंदरूनी चोटों के कारण अगले 72 घंटे बेहद अहम हैं। घटना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। लालबर्रा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध उत्खनन, शासकीय कार्य में बाधा और जानलेवा हमले समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बीते माह की 2 बड़ी घटनाएं**

**सीधी में रेत माफिया टीम को बंधक बनाकर पीटा :** बहरी थाना क्षेत्र के खुटेली गांव में सोन नदी पर पिछले माह अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिलने पर सोन घड़ियाल अभयारण्य की टीम मौके पर पहुंची थी। टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके से रेत से लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। इससे बौखलाए भारी संख्या में जुटे माफिया के गुर्गों ने पूरी टीम को घेर लिया और करीब 3 घंटे तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान माफियाओं ने लाठी-डंडों से वन कर्मियों पर हमला कर 3 से अधिक कर्मचारियों को गंभीर रूप से जख्मी किया। आरोपी जब्त ट्रैक्टरों को जबरन छुड़ाकर फरार हो गए।

**चंबल में फॉरेस्ट गार्ड को कुचला :** मुरैना में राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन करने वाले माफिया का खौफनाक चेहरा सामने आया है। पर्यावरण और वन्यजीवों की रक्षा में तैनात एक फॉरेस्ट गार्ड को बेखौफ रेत माफिया ने ट्रैक्टर से कुचलकर मार डाला। इन लोगों ने मप्र और राजस्थान को जोड़ने वाले अंतरराज्यीय पुल के पिलरों के पास तक गहरी खुदाई कर दी है, जिससे अब पूरे पुल के ढहने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। इस दुस्साहसिक वारदात और राष्ट्रीय सुरक्षा पर उपजे संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी और गहरी चिंता व्यक्त की है। फटकार के बाद अब चंबल क्षेत्र में एसएएफ को तैनात कर दिया गया है।

### एसआईआर प्रक्रिया ...

कराने का अधिकार देता है, इसलिए एसआईआर को अवैध नहीं कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया जनप्रतिनिधित्व कानून और उससे जुड़े नियमों की जगह नहीं लेती। अदालत के मुताबिक यह प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग की जिम्मेदारी को मजबूत करती है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग ने अपने अधिकारों से बाहर जाकर काम नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि एसआईआर प्रक्रिया में लोगों को अपनी बात रखने के कई मौके दिए गए। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि संदिग्ध नागरिकता के आधार पर जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं, उनके नाम 4 हफ्ते में केंद्र सरकार को भेजे जाएं।

### नागरिकता के ...

उस मामले का अंतिम फैसला सक्षम प्राधिकरण करेगा। दस्तावेजों का वर्गीकरण तर्कसंगत आधार पर किया गया और इसका सीधा संबंध वोटर लिस्ट की शुद्धता बनाए रखने से है।

### 12 साल के बच्चे ...

रखा था और पिता के मोबाइल पर गेम खेलता था। परिजन ने बताया कि मंगलवार तड़के तीन बजे तक वह सोया नहीं था और मोबाइल पर गेम खेल रहा था। परिजन ने उसे जाकर सोने का कहा। वह छत पर बने कमरे से लगे किचन में पहुंचा और वहीं दरवाजे की लोहे वाली चौखट पर फांसी लगा ली। सुबह करीब साढ़े 5 बजे मां की नींद खुली तो उन्होंने रिहान को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। उनका शोर सुनकर पिता और परिवार के सदस्यों की नींद खुल गई। पिता ने रिहान को फंदा काटकर नीचे उतार लिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस का कहना है कि रिहान के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने उसका खराब मोबाइल और पिता का मोबाइल जब्त किया है।

### सुसाइड नोट में ...

एक भावुक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने लिखा कि मम्मी-पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं, लेकिन मैं आपकी अच्छी बेटी नहीं बन सकी। आई एम सॉरी। हालांकि, नोट में आत्मघाती कदम उठाने के ठोस कारण का कोई जिक्र नहीं है। पुलिस ने सुसाइड नोट और छात्रा का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। पुलिस कमिश्नर संजय सिंह ने पुष्टि की है कि आईपीएस संजीव कंचन ने बेटी को महज तीन महीने की उम्र में कानूनी प्रक्रिया के तहत गोद लिया था और बेहद लाड़-प्यार से पाला था। इस अप्रत्याशित कदम से पूरा परिवार गहरे सदमे में है, जिसके कारण पुलिस अभी उनके विस्तृत बयान दर्ज नहीं कर सकी है।

**सोशल मीडिया और पढ़ाई के दबाव पर जांच:** हबीबगंज पुलिस और साइबर सेल मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। छात्रा के सोशल मीडिया अकाउंट्स और कॉल डिटेल्स खंगाले जा रहे हैं, ताकि पता चल सके कि घटना से पहले वह किसके संपर्क में थी। व्यवहार में आए किसी भी बदलाव या मानसिक तनाव को समझने के लिए उसके दोस्तों और सहपाठियों से बात की जाएगी। हाल ही में नई कक्षा में जाने के कारण पढ़ाई के दबाव वाले एंगल को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फॉरेंसिक इनपुट और परिजनों के बयानों के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

### खरगोन के ...

उनकी पत्नी उर्मिला वास्कले का चयन पीएससी के जरिए सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ था और उनकी पहली पोस्टिंग मंदसौर के दलौदा कॉलेज में हुई थी। आरोपी प्रोफेसर आत्माराम सोलंकी ने उर्मिला का तबादला धार कॉलेज में कराने के एवज में 4 लाख की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित परिवार आरोपी को पहले ही 1 लाख दे चुका था, लेकिन वह बाकी के 3 लाख के लिए लगातार दबाव बना रहा था। परेशान होकर मनोज ने इसकी शिकायत इंदौर लोकायुक्त से की। योजना के मुताबिक, मनोज ने आरोपी प्रोफेसर को 50,000 की अगली किस्त देने के लिए मनाया। प्रोफेसर ने उन्हें धामनोद बायपास स्थित मधुबन ढाबे पर बुलाया। जैसे ही मनोज ने आरोपी को पैसे दिए, वहां पहले से घात लगाए बैठी लोकायुक्त एएसपी सुनील तालान की टीम ने प्रोफेसर को रंगे हाथों दबोच लिया। लोकायुक्त पुलिस अब इसकी विस्तृत रिपोर्ट उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित कलेक्टर को सौंपेगी।

### 15 साल के लड़के ...

मात्र 15 पारियों में कुल 65 छक्के उड़ाकर यह कीर्तिमान अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था, जिन्होंने साल 2012 के सीजन में 59 छक्के लगाए थे। इसके बाद सूची में आंद्रे रसेल (2019) 52 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वैभव की इस तूफानी पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने हैदराबाद को 47 रनों से हराकर मैच अपने नाम किया। इस जीत के दम पर राजस्थान ने क्वालीफायर 2 में जगह बना ली है, जहां उसका सामना 29 मई को गुजरात टाइटंस से होगा। सनराइजर्स आईपीएल 2026 से बाहर हो गई है।

### दिल्ली से यूएस ...

के एयर स्पेस (हवाई क्षेत्र) में रहा। इसी दौरान विमान के ट्रैफिक कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम (टीसीएएस) में खराबी का पता चला। अंतर्राष्ट्रीय विमानन नियमों के तहत, 29,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने वाले सभी विमानों के लिए टीसीएएस का सुचारू रूप से काम करना अनिवार्य है। इसके बिना आगे की यात्रा जोखिम भरी हो सकती थी, इसलिए पायलटों को विमान दिल्ली वापस मोड़ने का निर्देश दिया गया। एयर इंडिया ने बयान जारी कर यात्रियों को हुई इस असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है। विमानन कंपनी ने बताया कि सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। एयरलाइन की टीमें प्रभावित यात्रियों को जलपान और होटल में ठहराने की सुविधा दे रही हैं। साथ ही, उन्हें जल्द से जल्द गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक उड़ानों और यात्रा का समय बदलने (री-शेड्यूलिंग) की व्यवस्था की जा रही है।

### 14 जिलों में लू ...

नरसिंहपुर, रीवा, सतना, सागर, टीकमगढ़ में लू का असर रहा। प्रदेशभर में भीषण गमी के बीच अब शुक्रवार से प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर शुरू होगा। इससे आग उगलने वाली गर्मी और लू से राहत मिलना शुरू होगी। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को कुछ जिलों में तीव्र लू रहेगी। 29 से आंधी-बारिश शुरू होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार गुरुवार से एक डब्ल्यूडी सक्रिय हुआ है। इससे प्रदेश के मौसम में बदलाव शुरू होगा।

### यहां बदलेगा ...

भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुरकलां, अनुपपुर, डिंडौरी, सिवनी, पांढुर्णा आदि जिलों में तेज गर्मी के साथ तेज हवाओं और बौछारों का दौर रह सकता है।

### सिद्धारमैया आज ...

है। कांग्रेस के सीनियर नेता रणदीप सुरजेवाला भी बेंगलुरु पहुंच रहे हैं।

### मौत से पहले ...

किया। दूसरी ओर, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में ट्विशा की सास व रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिका पर तीखी बहस हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में अब सीबीआई को भी पक्षकार बनाया गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने बुधवार को हाईकोर्ट में कहा कि ट्विशा शर्मा के शरीर पर मिले चोट के निशान मृत्यु से पहले के थे और ये उनकी मौत से पहले हुई हाथापाई या संघर्ष के दौरान लग सकते हैं। सरकार ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह ने ट्विशा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया। इधर, कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सास गिरिबाला सिंह ने बुधवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ में अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया। उनके अधिवक्ता मृगेंद्र सिंह ने अदालत में जवाब पेश करते हुए कहा कि गिरिबाला सिंह ने जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग किया है और न तो जांच को प्रभावित करने की कोशिश की और न ही किसी साक्ष्य से छेड़छाड़ की।

**जांच से छिप रही हैं आरोपी सास :** सरकार की ओर से महाधिवक्ता (एजी) प्रशांत सिंह ने केस डायरी के हवाले से आरोपी पक्ष पर जांच में सहयोग न करने का बड़ा आरोप लगाया। सरकार की ओर से कोर्ट में बताया गया कि आरोपी को दो बार नोटिस भेजे गए, लेकिन उन्होंने लेने से इनकार कर दिया। आखिरकार वाट्सएप के जरिए नोटिस तामिल कराना पड़ा। इतनी गंभीर धाराएं होने के बावजूद, एफआईआर दर्ज होने के महज एक घंटे के भीतर ट्रायल कोर्ट से अग्रिम जमानत दे दी गई, जबकि जांच बिल्कुल शुरुआती चरण में थी। ट्विशा के पिता की ओर से वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट के सामने ससुराल पक्ष के रसूख और जांच को प्रभावित करने की आशंका जताई है।

### सीबीआई जांच से ....

ऐसे में अब माना जा रहा है कि जज गिरीबाला सिंह को जेल जाना होगा। बुधवार को हुई सुनवाई में ट्विशा शर्मा के वकील ने अग्रिम जमानत का विरोध किया था, जिसे सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। देर रात आए कोर्ट ने 17 पन्नों का आदेश जारी किया है। कोर्ट ने सुनवाई में सरकार के आवेदन को स्वीकार किया, ऐसे में अब सीबीआई की जांच पर निर्भर करेगा कब तक रिटायर जज गिरीबाला की गिरफ्तारी हो सकती है।

### बहू को फंदे पर लटका ...

छिपाना चाहती थीं, क्योंकि पुलिस और मायके वालों को जानकारी देने से पहले कई लोगों से आपकी बात हुई है, ऐसा कॉल डिटेल में है। दिल्ली सीबीआई के इस प्रश्न का सास गिरिबाला सिंह ने अलग-अलग एंगल से जवाब दिया, लेकिन सीबीआई संतुष्ट नहीं हुई। सास गिरिबाला सिंह इस प्रश्न को लेकर काफी असहज रहीं और करीब आधा घंटे तक सीबीआई की पूछताछ में इसी प्रश्न के पूरक प्रश्नों के आसपास सीबीआई की पूरी पूछताछ टिकी रही।

---

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं गिरीश कुमार असरानी आ.श्री विष्णु असरानी आयु व्यस्क नि.एम.आई.जी. 48 ए सेक्टर सोनागिरी भोपाल (म.प्र.) 462022 मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में सार्थक असरानी दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है मरे पुत्र के पासपोर्ट नं. U0499234 में एल.एन.यू. सार्थक असरानी त्रुटीवश अंकित हो गया है मेरे पुत्र का सही नाम सार्थक असरानी है जो सभी शासकीय अशासकीय दस्तावेजो में दर्ज है अतः भविष्य में मेरे पुत्र को सार्थक असरानी के नाम से जाना व पहचाना जावे।

---

### न्यायालय तहसीलदार राजधानी परियोजना टी टी नगर भोपाल

(शेड नं. 06 बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल)

न.अ.प्र.क्र. 0004/अ-20(5)/2026-27

// इश्तहार //

आयुक्त नगर निगम भोपाल द्वारा ग्राम कोटरा सुल्तानाबाद स्थित भूमि खसरा नंबर 138, 139, 132, 136, 142, 143, 328/145, 151, 152, 153, 154, 155, 156, 157, 160, 161, 162, 147, 148, 149, 166, 167, 168, 170 रकबा 49.4172 हेक्टेयर में से 14.000 हेक्टेयर भूमि झुग्गी मुक्त भोपाल योजना के अंतर्गत शहरी गरीबो के लिये आवास निर्माण हेतु नगर निगम भोपाल के पक्ष में भूमि आवंटन हेतु नजूल निर्वर्तन निर्देश 24/09/2020 के अनुसार प्रारूप 1 में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
राजधानी परियोजना
टी टी नगर वृत्त भोपाल

---

### कार्यालय प्राचार्य, सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय

शिवाजी नगर, भोपाल - 462016

दूरभाष : 0755-2552560 (कार्या.), 0755-2469466 (नि.), फैक्स : 0755-2552567

ई-मेल : hegsngpgcbho@mp.gov.in, Website : https://snggpg.in, https://highereducation.mp.gov.in

क्रमांक/4067/स्था./सनाशकम/2026 — भोपाल, दिनांक : 27.05.2026

**विज्ञप्ति**

महाविद्यालय में सत्र 2026-27 हेतु वाहन, बुक्स हेतु निविदा M.P. e-tender पोर्टल **www.mptenders.gov.in** के माध्यम से किया गया था एवं कम्प्यूटर प्रिंटर फॉटोकॉपी हेतु ए.एम.सी. निविदा जैम पोर्टल के माध्यम से किया गया था।

| Serial No. | Details | Tender ID | Starting Date | End Date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Books | 2026_HED_511184_1 | 28.05.2026 | 18.06.2026 |
| 2. | Vehicle | 2026_HED_511102_1 | 28.05.2026 | 18.06.2026 |

इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म **www.mptenders.gov.in** पोर्टल पर दर्शित नियम एवं शर्तों के अनुरूप में सम्मिलित हो सकता है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन महाविद्यालय की वेबसाइट **www.snggpg.in** पर ही किया जाएगा, पृथक से समाचार-पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**For Clarification please contact at College E-mail ID : hegsngpgcbho@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/126077/2026 — प्राचार्य

---

### खंड-I
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना
### मध्यप्रदेश शासन
### कार्यालय - दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या // ई-टेंडरिंग/2026-27 — दिनांक :

1. वनमंडलाधिकारी, दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का नाम | सत्यंकार की राशि (रू. में) | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | दरवाजे / खिड़की की चौखटें (Poly PVC से निर्मित) होल पास सहित | 20,000/- | 500/- |
| 2 | लेमिनेटेड फ्लश डोर पल्ले (मोटाई 30 m.m.) हेण्डल, एलड्राप, चटकनी डोर स्टापर एवं कब्जे सहित | | |
| 3 | मेमोरंडम डोर वाटर प्रूफ (आई.एस.आई. मार्क) हेण्डल, एलड्राप, चटकनी डोर स्टापर एवं कब्जे सहित पल्ला D1- (3'1" x 6'10"), पल्ला D2- (2'4" x 6'10") | | |
| 4 | केमीकल डोर वाटर प्रूफ (आई.एस.आई. मार्क) हेण्डल, एलड्राप, चटकनी डोर स्टापर एवं कब्जे सहित पल्ला D1- (3'1" x 6'10"), पल्ला D2- (2'4" x 6'10") | | |

1 निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 28/05/26 शाम 5:00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही।
6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

जी - 13504/26 — स्वच्छता ही सेवा — वनमंडलाधिकारी, दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल

---

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री
### गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462002

ई-मेल: eephedqcbpl@mp.gov.in दूरभाष क्रमाँक - 0755-2661511

क्रमांक : 06 /तक/का.यं/लो.स्वा.यां.वि./गु.नि.इ. खंड/भोपाल 2026-27 — दिनांक : 25.05.2026

// निविदा आमंत्रण संशोधित सूचना//

ऑनलाइन डिजीटली सील्ड निविदा मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से फार्म "सी" पर "T.C. BUTTON BITS AND HAMMERS" के प्रदाय कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.05.2026 से दिनांक 05.06.2026 को 16:00 बजे तक क्रय किये जाकर दिनांक 05.06.2026 को 16:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करना है। लिफाफा 'ए' दिनांक 08.06.2026 को 16:00 बजे खोली जावेगी। बेवसाईट www.mptenders.gov.in (E-Tender No. 2026_PHED_509479_1, PHED Date 25.05.2026)

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | T.C. BUTTON BITS AND HAMMERS" | - | रु.200000.00 (रु. दो लाख मात्र) | रु. 2000.00 (रू. दो हजार मात्र) | - |

- विस्तृत शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।
- मुख्य तिथियाँ
  - क्रय करने की तिथि : 25.05.2026 से 05.06.2026 बजे 16:00 तक
  - जमा करने की अंतिम तिथि : 05.06.2026 16:00 बजे तक
  - बोली पूर्व बैठक तिथि : 26.05.2026 16:00 बजे
  - लिफाफा 'ए' खुलने की तिथि : 08.06.2026 16:00 बजे तक

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड, भोपाल

जी - 13521/26 — स्वच्छता ही सेवा

---

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

### राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

---

### शब्द पहेली - 6239



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6238 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्रा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

---

### सूडोकु नवताल - 6249

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6248 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## बीआईएस ने किया अलर्ट : बाजार में मिलावटी यानी नकली चांदी सिक्के

# बिक रही चांदी तय शुद्धता मानकों पर नहीं उतर रही खरी

### बाजार में मिलावटी चांदी को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे ,कई चांदी के उत्पाद 999 शुद्धता मानक पर खरे नहीं उतरते, इससे ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की आशंका बढ़ जाती है

वाणिज्य डेस्क ⏭ नई दिल्ली/ भोपाल

सोने-चांदी की कीमतें लगातार नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही हैं। महंगाई के बावजूद निवेश और धार्मिक उपयोग के कारण चांदी की मांग तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इसी बढ़ती डिमांड के बीच अब बाजार में मिलावटी चांदी को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार कई जगहों पर बिक रही चांदी की शुद्धता तय मानकों पर खरी नहीं उतर रही। खासकर चांदी के सिक्कों, बर्तनों और गहनों में सस्ती धातुओं की मिलावट किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

1 बाजार में मिलावटी चांदी को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे

2 महंगाई के बावजूद निवेश और धार्मिक उपयोग के कारण मांग तेजी से बढ़ रही

### सितंबर 2025 से हॉल-मार्किंग जरूरी



ब्यूरो ऑफ इंडिया स्टैंडर्ड (बीआईएस ) ने सितंबर 2025 से चांदी की वस्तुओं पर हॉलमार्किंग अनिवार्य कर दी थी। इसके बावजूद बड़ी संख्या में व्यापारी अब भी नियमों का पूरी तरह पालन नहीं कर रहे हैं। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में बिक रहे कई चांदी के उत्पाद 999 शुद्धता मानक पर खरे नहीं उतरते और उनमें बीआईएस प्रमाणित हॉलमार्क भी मौजूद नहीं होता। इससे ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की आशंका बढ़ जाती है।

### इन शहरों में सबसे ज्यादा चांदी का कारोबार

चांदी के प्रमुख कारोबारी केंद्रों में जयपुर, राजकोट, आगरा, कोल्हापुर, सेलम और कटक शामिल हैं। यहां बड़े पैमाने पर धार्मिक वस्तुएं, चांदी के बर्तन, सिक्के और गहने तैयार किए जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कमजोर निगरानी के कारण इन बाजारों में अशुद्ध चांदी की सप्लाई का खतरा भी बढ़ सकता है।

### खपत ज्यादा, जांच व्यवस्था कमजोर

भारत में हर साल करीब 7 हजार टन चांदी की खपत होती है, जबकि इसकी जांच और प्रमाणन के लिए देशभर में केवल 286 अस्सेयिंग और हॉलमार्किंग सेंटर मौजूद हैं। इसके मुकाबले सोने की सालाना खपत लगभग 800-850 टन है, लेकिन उसके लिए 1,595 हॉलमार्किंग सेंटर उपलब्ध हैं। आंकड़े बताते हैं कि चांदी की भारी मांग के बावजूद उसकी गुणवत्ता जांच व्यवस्था काफी कमजोर है। दुकानदारों के अनुसार आने वाले समय में चांदी की कीमतों और मांग में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में नकली और मिलावटी उत्पादों का जोखिम भी बढ़ेगा। इसलिए ग्राहकों को जागरूक रहकर ही निवेश या खरीदारी करनी चाहिए।

## कई कंपनियों ने बढ़ाया अतिरिक्त बोझ

# अब आम उपभोक्ता के लिए फ्रिज टीवी और गाड़ियों हो जाएंगी महंगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मशहूर रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी ताजा 'क्विकोनॉमिक्स' रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब केवल पेट्रोल-डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहा है। इस संकट के कारण उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की लागत तेजी से बढ़ रही है, जिसका असर जल्द ही आम उपभोक्ताओं पर दिखाई दे सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक कंपनियों के लिए उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है। अब तक कई कंपनियां इस अतिरिक्त बोझ को खुद वहन कर रही थीं, लेकिन आने वाले समय में वे इसकी भरपाई के लिए अपने उत्पादों की कीमतें बढ़ा सकती हैं। इसका सीधा असर फ्रिज, टीवी, एसी, मोबाइल, वाहन और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है।

### 44 महीनों में पहली बार बढ़ी उत्पादन लागत

क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक आधारित कंपनियों का लागत-उत्पाद अनुपात अप्रैल 2026 में बढ़कर 1.02 पर पहुंच गया है। पिछले 44 महीनों में यह पहली बार है जब यह आंकड़ा 1.0 के स्तर को पार कर गया है। इसका मतलब है कि कंपनियां फैक्ट्री में सामान तैयार करने के लिए पहले की तुलना में अधिक खर्च कर रही हैं, जबकि ग्राहकों तक कीमतों में बढ़ोतरी अभी सीमित रखी गई है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी और जल्द ही कंपनियां कीमतें बढ़ाने का फैसला ले सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार औद्योगिक कच्चे माल, ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स की लागत बढ़ने से कई सेक्टर फ्रिज, टीवी और एसी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, कार और दोपहिया वाहन, टायर और ऑटो पार्ट्स, घरेलू उपकरण, निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर सामग्री प्रभावित हो सकते हैं। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, यदि कंपनियां लगातार बढ़ती लागत को खुद वहन करती रहीं तो उनके मुनाफे पर असर पड़ेगा। ऐसे में आने वाले महीनों में उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में चरणबद्ध बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

## कमजोर पड़ी सब्जियों की आवक

# भीषण गर्मी से सब्जियों के दाम को लगी 'महंगाई की लू', किलो में नहीं पाव में बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भीषण गर्मी से सब्जियों के भाव को महंगाई की लू लग गई है। जिससे थोक मंडी सहित शहर विभिन्न हाट बाजारों में सब्जियों की आवक पहले की अपेक्षा कम पड़ गई है। आवक कमजोर पड़ने के साथ ही सब्जियों के भाव में 30 फीसदी तक उछाल आ गया है। जिसका असर आमजनों की रसोई पर दिखने लगा है।

राजधानी की स्थानीय थोक मंडी और फुटकर बाजारों में सब्जियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। आलू , टमाटर, भिंडी और हरी मिर्च के दाम के साथ टमाटर सहित अन्य हरी सब्जियां महंगी हो गई है। हाट बाजारों में सब्जी विक्रेता जो पहले भाव किलो में बता रहे थे वह पाव में भाव बताने लग गए है। विक्रेताओं का कहना है कि भीषण गर्मी से हरी सब्जियां देखते-देखते सूख रहीं है। आलू भी भारी मात्रा में खराब हो रहे हैं। इससे ट्रांसपोर्ट और भंडारण का खर्च बढ़ गया है। जिसके कारण हम लोगों का भारी नुकसान हो रहा है। इसी कारण सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि यदि अगले एक सप्ताह तक गर्मी और लू का असर बना रहा तो कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

### परिवहन खर्च वृद्धि से सब्जियों की आपूर्ति पर पड़ा असर



सब्जी व्यापारी राजेंद्र सैनी और मो.वसीम के अनुसार पिछले एक सप्ताह में सब्जियों की कीमतों में 8 से 10 रुपए प्रति किलो तक की सीधी वृद्धि दर्ज की गई है। इस बढ़ोतरी के पीछे प्रमुख कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि के चलते परिवहन भाड़े का महंगा होना बताया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने से मंडियों तक सब्जियों की आपूर्ति पर सीधा असर पड़ा है, जिससे खुदरा बाजार में दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय उत्पादन में कमी और अन्य राज्यों पर बढ़ती निर्भरता ने भी स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। आने वाले दिनों में राहत की संभावना फिलहाल कम नजर आ रही है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ सकती है।

### नींबू और रोजमर्रा की सब्जियां भी महंगी

व्यापारियों के अनुसार इन दिनों नींबू की मांग खूब बनी हुई हैं लेकिन इसके दाम हाई फाई है। थोक में नींबू 2 से 4 रुपए नग वैरायटीनुसार है लेकिन फुटकर में यह 5 से 10 रुपए प्रति नग तक पहुंच गए हैं। आलू और प्याज जैसे सामान्य सब्जियां भी अब 20 से 25 रुपए प्रति किलो बिक रही हैं। थोक मंडी में रोजाना 25 से 30 गाड़ियों की आवक हो रही है, लेकिन स्थानीय उत्पादन लगभग खत्म हो चुका है। व्यापारियों का कहना है कि जब तक स्थानीय बाड़ियों में नई फसल नहीं आती, तब तक सब्जियों के दामों में राहत की संभावना नहीं है। आवक कम रहने और परिवहन लागत बढ़ने से कीमतें और बढ़ सकती हैं। सब्जी व्यापारियों के अनुसार तेज गर्मी के कारण फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं बाहर से आने वाली सब्जियों की सप्लाई भी कम हो गई है।

## रोजमर्रा के सामान और महंगे

# महंगाईः चना-अरहर के बढ़ते दामों ने बिगाड़ दिया अब रसोई का बजट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में महंगाई का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अब इसका सीधा असर आम आदमी की रसोई पर दिखने लगा है। चना और अरहर दाल की कीमतों में तेजी आने से घरेलू बजट बिगड़ने लगा है। वहीं डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम और माल ढुलाई महंगी होने से खाने-पीने की वस्तुओं समेत रोजमर्रा के सामान के और महंगे होने की आशंका बढ़ गई है। अल-नीनो के कारण कमजोर मानसून की संभावना ने बाजार की चिंता और बढ़ा दी है।

### दालों की आवक घटी कीमतों में तेजी

इंडिया पल्सेज एंड ग्रेंस एसोसिएशन की रिपोर्ट के अनुसार देश में चना और अरहर की आवक कम हो रही है, जबकि विदेशों से आयात भी घटा है। इसी वजह से बाजार में दालों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। बीते वित्त वर्ष में कुल दाल आयात घटकर 57.76 लाख टन रह गया, जो इससे पहले 69.3 लाख टन था। चने का आयात करीब पांच लाख टन कम हुआ है। मसूर और मटर के आयात में भी गिरावट दर्ज की गई है। यदि मौसम खराब रहा और उर्वरकों की कमी बनी रही, तो आने वाले महीनों में दालों के दाम और बढ़ सकते हैं।

### अल-नीनो और कमजोर मानसून से बढ़ी चिंता

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अल-नीनो के असर से इस बार सामान्य से कम बारिश होने की आशंका है। यदि मानसून कमजोर रहा तो खरीफ सीजन में अरहर जैसी फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है। इससे उत्पादन घटने और कीमतों में और तेजी आने की संभावना है। डीजल की किल्लत और ईंधन की बढ़ती कीमतों ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर भी दबाव बढ़ा दिया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के मुताबिक कई राज्यों में करीब 20 फीसदी ट्रक सड़कों से बाहर हो गए हैं। इससे माल ढुलाई की लागत 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गई है। ढुलाई महंगी होने का असर सीधे खाने-पीने के सामान, किराना और जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर समूह के संस्थापक की स्मृति में रक्तदान शिविर 30 मई को

**भोपाल।** मानसरोवर समूह के संस्थापक और मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलाधिपति, ब्रह्मलीन कमलाकांत तिवारी की पुण्य स्मृति में उनकी जयंती पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 30 मई 2026 को यह शिविर आरोग्य भारती के सहयोग से भोपाल में मानसरोवर डेंटल कॉलेज प्रांगण स्थित एमडीसी हॉस्पिटल और सीहोर में मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी परिसर स्थित एमजीयू हॉस्पिटल में आयोजित किया जाएगा।मानसरोवर समूह के सीईडी, इंजी. गौरव तिवारी ने बताया कि रक्तदान के इस महायज्ञ को एमडीसी हॉस्पिटल और एमजीयू हॉस्पिटल दो प्रमुख केंद्रों पर संपन्न किया जाएगा । इस शिविर के माध्यम से एकत्रित किया गया रक्त न केवल जरूरतमंद मरीजों के उपचार में काम आएगा, बल्कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को भी यह पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।




### आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा छात्रों के लिए लाइव इन कॉन्सर्ट का आयोजन

**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी के छात्रो के लिए सीईओ काउंसिल द्वारा मशहूर कलाकार नमन म्यूजिका ने अपनी जोरदार और दिल को छू लेने वाली लाइव परफॉर्मेंस से आईईएस के स्टूडेंट्स का दिल जीत लिया। लाइव इन कॉन्सर्ट का आयोजन आईईएस कैम्पस में किया गया जिसका शुभारंभ आईईएस यूनिवर्सिटी के सीईओ श्री देवांश सिंह ने नमन म्यूजिका फेम नमन के स्वागत से किया। नमन म्यूजिका एण्ड ग्रुप ने लाइव इन कॉन्सर्ट में छात्रों के बीच शाम को सुहानी करते हुए समाह बाँधा। बैंड द्वारा छात्रो के लिए कई फिल्मी एवं भजन की प्रस्तुती दी ,जिसने माहोल को और शानदार बना दिया। इस कार्यक्रम को स्टूडेंट्स से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला। यह संगीत, मनोरंजन और जोश से भरी एक मज़ेदार और यादगार रात थी, जिसमें कैंपस का जीवंत माहौल पूरी तरह से छाया हुआ था। आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित लाइव इन कॉन्सर्ट में 3000 से आधिक छात्रों ने हिस्सा लिया एवं मौज मस्ती की।



### सिस्टेक ने एनआईएसएम से किया एमओयू

**भोपाल।** सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सिस्टेक) ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआईएसएम) के साथ किया हैं जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) की एक शैक्षिक पहल है। सिस्टेक के छात्रों को उद्योग-उन्मुख शिक्षा और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू छात्रों को कौशल और विकास से समाधानों पर प्रशिक्षण और प्लेसमेंट इकोसिस्टम मे गति और अत्याधुनिक प्रतिस्पर्धा का निर्माण करने मे सक्षम करेगा। यह एमओयू संस्था के कार्यशालाओं और जागरूकता सत्रों के आयोजन, वित्तीय बाजारों और प्रतिभूति शिक्षा में उन्नत शिक्षण अवसर, उद्योग-संबंधित प्रशिक्षण, कौशल विकास और प्रमाणन के माध्यम से छात्रों को वित्तीय और प्रतिभूति बाजार पारिस्थितिकी तंत्र का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के अवसर प्रदान करेगा और उन्हे विकास व प्लेस्मेंट क्षमता में भी मदद मिलेगी । नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स के महाप्रबंधक संजीव बजाज और सिस्टेक के प्रिंसिपल डॉ. मनीष बिल्लोरे ने सिस्टेक की ग्रुप डायरेक्टर डॉ. ज्योति देशमुख और डॉ.नेहा जैन हेड सिस्टेक बिजनेस स्कूल की उपस्थिति मे एमओयू पर हस्ताक्षर किए। सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल मैंनेजिंग डायरेक्टर सागर ग्रुप ने एमओयू हस्ताक्षर करने पर टीम सिस्टेक को बधाई दी और कहा कि एमओयू ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से छात्रों को उद्योग के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए ज्ञान, कौशल और अनुभव से उन्हे सशक्त बनाए रखने में सक्षम बनाएगा।



### एमजी मैजिस्टर का 4x2 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम 40.99 लाख रुपए में लांच



**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी मैजिस्टर लॉन्च की। जो भारत की पहली डी प्लस एसयूवी है। भारत की पहली डी प्लस एसयूवी के रूप में पेश की गई मैजिस्टर उन ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो अपनी अगली एसयूवी में दमदार रोड प्रेजेंस, एडवांस्ड इंजीनियरिंग और बेहतरीन ऑल-टेरेन क्षमता चाहते हैं। एमजी मैजिस्टर 4x2 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम की कीमत 40.99 लाख रुपए रखी गई है। एमजी मैजिस्टर 4x4 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम की कीमत 44.99 लाख रुपए रखी गई है। कंपनी के एमडी अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि एमजी मेजस्टर हमारे पोर्टफोलियो में एक दमदार एसयूवी है। यह भारत की पहली डी प्लस एसयूवी है, जो ताकत, आराम, आधुनिक तकनीक और भरोसेमंदी का बेहतरीन मिश्रण देती है।

### इंडसइंड जनरल ने किया नई कॉर्पोरेट फिल्म का अनावरण

**मुंबई।** इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस ने एक नया कॉर्पोरेट विज्ञापन जारी किया है जो जीवन में व्यक्तियों और परिवारों को अधिक आत्मविश्वास, निश्चिंतता और मन की शांति के साथ आगे बढ़ने में मदद करने में बीमा की बदलती भूमिका को जीवंत रूप से दर्शाता है। ऐसे समय में जब उपभोक्ता वित्तीय तैयारी और समग्र सुरक्षा को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं, यह फिल्म दर्शाती है कि आज बीमा केवल वित्तीय सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि रोजमर्रा के निर्णयों, आकांक्षाओं और जीवन यात्रा में आत्मविश्वास का एक आवश्यक साधन बन गया है। इस अभियान पर इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस के अध्यक्ष और डिजिटल बिजनेस, मार्केटिंग और रणनीति प्रमुख तरुण खन्ना ने कहाकि बीमा का मूल उद्देश्य लोगों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाना है।

### धूत ट्रांसमिशन ने सेबी में दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** बेन कैपिटल समर्थित धूत ट्रांसमिशन लिमिटेड ने आईपीओ के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस - 1 (यूडीआरएचपी - 1) दाखिल किया है। नए शेयर जारी करने में 2 रुपये के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनकी कुल रकम 1400 करोड़ रुपए तक है। बिक्री प्रस्ताव में 2 रुपए अंकित मूल्य के 1,63,10,733 इक्विटी शेयर शामिल हैं। बीसी एशिया इन्वेस्टमेंट्स एक्सवी लिमिटेड 2 रुपये अंकित मूल्य के 1,31,91,900 इक्विटी शेयर और मंगलम कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में मंगलम कोलाइज प्राइवेट लिमिटेड) 2 रुपये अंकित मूल्य के 31,18,833 इक्विटी शेयर पेश कर रही है।

# वीआईटी भोपाल: मिला 70 लाख रुपए तक का पैकेज

### 1,550 से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट, 630 से अधिक को ड्रीम और सुपर ड्रीम ऑफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने 2026 बैच के प्लेसमेंट सीजन में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है, जिससे एक फ्यूचर-रेडी संस्थान के रूप में उसकी स्थिति और मजबूत हुई है। साथ ही देश और विदेश की प्रमुख कंपनियों के बीच विश्वविद्यालय के प्रति बढ़ते भरोसे और लगातार बढ़ती भागीदारी को भी बल मिला है।

मजबूत होते प्लेसमेंट रिकॉर्ड को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष विश्वविद्यालय का सबसे बड़ा अंडरग्रेजुएट पैकेज 70 लाख रुपए वार्षिक रहा, जबकि पोस्टग्रेजुएट छात्रों के लिए सबसे बड़ा पैकेज 56 लाख रुपए वार्षिक दर्ज किया गया।

लगातार बेहतर प्रदर्शन की अपनी परंपरा को कायम रखते हुए, वीआईटी भोपाल ने 2023 से 2026 तक लगातार चार वर्षों तक 50 लाख रुपए से अधिक के पैकेज हासिल किए हैं। अब तक 2026 बैच के 1,550 से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है, जबकि प्लेसमेंट के लिए रजिस्टर छात्रों में 80 प्रतिशत से अधिक को अवसर प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, 630 से अधिक छात्रों को ड्रीम और सुपर ड्रीम ऑफर्स मिले हैं, जिनमें इंटर्नशिप और फुल-टाइम अवसर दोनों शामिल हैं।

इस वर्ष प्लेसमेंट प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी, कंसल्टिंग, सेमीकंडक्टर, फाइनेंस, एनालिटिक्स, हेल्थकेयर, रिसर्च और कोर इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों की कई बड़ी कंपनियों ने भाग लिया। इनमें गूगल, एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, सिस्को, इंटेल, मीडियाटेक, डेल, एसएपी लैब्स, फिलिप्स, पीडब्ल्यूसी, ईवाई, हनीवेल, एयरबस, बीएमडब्ल्यू, वोल्वो, एचएसबीसी, पेपाल, आईबीएम, फ्लिपकार्ट, ज़ोमैटो, जुनिपर नेटवर्क्स, काउचबेस, बेकर ह्यूजेस और कई अन्य प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। वीआईटी भोपाल ने अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट में भी अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए रखी है। विश्वविद्यालय को 2023 से 2026 तक लगातार चार वर्षों से अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट प्राप्त हुए हैं। जापान की कंपनियों जैसेपैटिक ट्रस्ट कंपनी लिमिटेड, ओहकुमा इंडस्ट्रियल कंपनी लिमिटेड, इशिमित्सु इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड और ह्यूमन रिसोशिया ने भी छात्रों को अवसर प्रदान किए हैं।

# जेके टायर का नेट प्रॉफिट 83 फीसदी बढ़कर 188 करोड़ रुपए पहुंचा, 200 फीसदी डिविडेंड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के ऑडिटेड स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड वित्तीय नतीजों की घोषणा करते हुए शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का चौथी तिमाही का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 83 प्रतिशत बढ़कर 188 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने शेयरधारकों के लिए 200 प्रतिशत यानी 4 रुपये प्रति इक्विटी शेयर डिविडेंड की सिफारिश भी की है।

कंपनी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 जेके टायर के लिए उपलब्धियों से भरा साल रहा। कंपनी ने सभी सेगमेंट में रिकॉर्ड वॉल्यूम हासिल करते हुए 16,384 करोड़ रुपए का अब तक का सबसे अधिक सालाना कंसोलिडेटेड रेवेन्यू दर्ज किया। वहीं एबिटडा 25 प्रतिशत बढ़कर 2,089 करोड़ रुपए पहुंच गया। उन्होंने कहा कि जीएसटी और पर्सनल टैक्स सुधारों, ब्याज दरों में नरमी, बेहतर आर्थिक गतिविधियों और त्योहारी मांग के चलते कंपनी ने रेवेन्यू में 11 प्रतिशत की मजबूत डबल डिजिट वृद्धि दर्ज की। चौथी तिमाही में कंपनी के भारतीय कारोबार में मजबूत घरेलू मांग देखने को मिली। सभी सेगमेंट में सेल्स वॉल्यूम 21 प्रतिशत बढ़ा, जबकि ओई मार्केट में 42 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

### मोरेपेन का मुनाफा 69 प्रतिशत बढ़ा

**गुरुग्राम ।** मोरेपेन लैबोरेटरीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही की तुलना में वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 69 प्रतिशत बढ़कर 20 करोड़ रुपए हो गया, जबकि सकल राजस्व 22 प्रतिशत बढ़कर 472 करोड़ रुपए पहुंच गया।

कंपनी ने बताया कि यह वृद्धि मुख्य रूप से निर्यात कारोबार में गति और मेडिकल डिवाइसेज बिजनेस में विस्तार के कारण हुई है। कंपनी ने यह भी बताया कि वित्त वर्ष 2026 के उत्तरार्ध में परिचालन गति में मजबूती आई है। कंपनी के एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट कारोबार में चौथी तिमाही के दौरान 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मेडिकल डिवाइसेज बिजनेस 31 प्रतिशत बढ़ा। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का स्टैंडअलोन सकल राजस्व 1,700 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है।

**भारत संचार निगम लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED**
(A Govt. of India Enterprise)

संख्याः BSNLCO-11/12(11)/1/2026-RECTT-CO दिनांक:26.05.2026

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) दूरसंचार संवर्ग में कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी (जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर) के पद हेतु प्रत्यक्ष भर्ती योजना के अंतर्गत खुले बाजार से प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है।

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी एवं नवीनतम अपडेट के लिए बीएसएनएल की वेबसाइट www.bsnl.co.in पर जा सकते हैं

**बीएसएनएल निगम कार्यालय, नई दिल्ली**

CBC 06204/12/0001/2627

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)**

Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323

क्रमांक / 3610/ न.पा./ निर्माण / 2026 टीकमगढ, दिनांक 25/5/2026

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_510527_1 26/05/2026 को शाम 05:00 बजे से | वार्ड नं. 02 पी.जी कॉलेज के पास महेन्द्र सागर तालाब का सौन्द्रीयकरण का कार्य। | 3 माह 1310000.00 | 2000 9825 | 27/06/2026 सायं 05:30 बजे तक |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र कं./ एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद टीकमगढ**
**जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)**

## चिंतन

# एसआईआर आयोग का हक व निष्पक्षता के लिए जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कुछ गलत नहीं किया और उसे यह कराने का पूरा अधिकार है। बिहार की मतदाता सूची के एसआईआर का आदेश देकर आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का भी कोई उल्लंघन नहीं किया। अदालत ने तीन सवालों की जांच की थी। क्या निर्वाचन आयोग के पास एसआईआर कराने की शक्ति है, क्या एसआईआर के तहत की गई जांच किसी वैध उद्देश्य पर आधारित है, और क्या अपनाई गई प्रक्रिया जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत या उनका उल्लंघन करने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के पक्ष में निर्वाचन आयोग के तर्कों से सहमति जताई। कोर्ट ने दो टूक कहा कि इससे मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित हुई है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों में सहायता मिली है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने वे सभी नैरेटिव ध्वस्त कर दिए हैं, जो एसआईआर के खिलाफ फैलाए जा रहे थे। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि एसआईआर मतदाता सूचियों में नाम हटाने की चरणबद्ध प्रक्रिया, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर शामिल था। असल में एसआईआर का विरोध पूरी तरह से राजनीतिक था। विरोध कर रहे पक्ष ने कभी यह सवाल नहीं उठाया कि आयोग के किस कदम से एसआईआर की प्रक्रिया में गलत हो रहा है। वह आयोग के हर आंकड़े को अपने हिसाब से मनमाना बताने की कोशिश करता रहा। विपक्ष ने कई बार ऐसे तथ्य कोर्ट में पेश किए, जो पूरी तरह गलत थे। इस पर कोर्ट ने नाराजगी भी जताई। विपक्ष की शंकाओं का समाधान करने के लिए कोर्ट ने केवल पहचान पत्रों की संख्या बढ़ाई, बल्कि आयोग को वे सुरक्षा उपाय भी शामिल करने को कहा जिनकी मांग विपक्ष की ओर से की गई। असलियत तो यह थी कि विपक्ष ने कभी एसआईआर की शुद्धता पर जोर नहीं दिया। उसकी कोशिश पहले दिन से ही एसआईआर को रद्द कराने की रही। एसआईआर बहुत बड़ी प्रक्रिया है और करोड़ों लोगों का डाटा शुद्धता से मैच करना आसान नहीं है। हो सकता है उसमें कोई कमी रह जाए, लेकिन उसे ठीक कराने का विकल्प हर मतदाता के पास मौजूद था। विरोधाभासी तथ्य यह रहा कि खुद विपक्षी नेता वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते रहे और जब उसे ठीक करने की कोशिश हुई तो उसे रोकने में लग गए। सर्वोच्च अदालत ने साफ कर दिया कि एसआईआर संविधान की ऐसी प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य संविधान द्वारा संरक्षित उद्देश्यों को आगे बढ़ाना है। इस फैसले ने अन्य राज्यों में शुरू होने जा रही एसआईआर प्रक्रिया पर भी मुहर लगा दी है। यह फैसला बिहार में एसआईआर को लेकर है, लेकिन इसका असर अन्य राज्यों संबंधित विवादों पर भी नजर आएगा। पश्चिम बंगाल में अनेक लोगों का नाम अंतिम मतदाता सूची ने नहीं आ सका था, इस मामले पर भी सुनवाई चल रही है। विपक्ष ने जोर-शोर से अपने समर्थकों के नाम काटने का आरोप लगाया था, लेकिन अब बंगाल में सरकार बदलने के बाद जिस तरह से बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों का जमावड़ा वापस जाने के लिए लगा हुआ है, वह चुनाव आयोग द्वारा बड़ी संख्या में घुसपैठियों नाम काटने के कदम की पुष्टि ही करता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए आयोग से कहा कि जिन लोगों के नाम नागरिकता की पुष्टि न होने की वजह से कटें है, वह उनका ब्योरा संबंधित विभाग को दे ताकि ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो सके।



विश्लेषण
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# एफटीए, सरल कानून से बढ़ेंगे रोजगार

इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की विकास दर में तेजी से गिरावट आ रही है। दो, भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) जान फूंकते हुए दिखाई दे सकेंगी। उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संकट की चुनौतियों के बीच हाल ही में देशभर में जमीनी स्तर पर चार नई श्रम संहिताओं के तहत लागू किए गए नए सरल श्रम कानून देश के बढ़ते व्यापार समझौतों के लाभप्रद क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि भारत द्वारा किए जा रहे वैश्विक व्यापार समझौते युवाओं के रोजगार व विकास को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं और इससे नए अवसरों के दरवाजे खुल रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की विकास दर में तेजी से गिरावट आ रही है। दो, भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) जान फूंकते हुए दिखाई दे सकेंगी।

इन चार श्रम संहिताओं-मज़दूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता के तहत नए सरल श्रम कानून उद्योग-कारोबार को मजबूती और विकास की नई संभावनाओं को आकार देते हुए दिखाई दे सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस समय वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया संकट के कारण घटती हुई विकास दर को थामने तथा विकास दर को बढ़ाने के मद्देनजर भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और एफटीए की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान वर्ष 2029 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है। इसी तरह पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों- संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार के महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा और क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौते प्रमुख हैं। इन देशों की 50 बड़ी वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के द्वारा भारत में अपनी व्यापार विस्तार योजनाओं के लिए लगभग 40 अरब डॉलर की राशि का निवेश संकल्प जताया गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस यात्रा के दौरान ओस्लो में संपन्न भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन यूरोप के नॉर्डिक क्षेत्र के साथ भारत के रिश्तों को व्यापक बनाने के मामले में अहम रहा है। नॉर्डिक देशों में उत्तरी यूरोप के डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। अब भारत इनके साथ पारंपरिक कूटनीतिक रिश्तों के बजाय गहन रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बढ़ रहा है। नार्डिक देशों की कई बड़ी कंपनियों में से कई कंपनियां पहले से ही भारत में काफी अधिक निवेश कर चुकी हैं और उनका भारत में कुल निवेश लगभग 180 अरब डॉलर के आसपास है। नार्डिक देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इसके बदले में भारत ने इन देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा उद्योग गलियारे में 100 फीसदी विदेशी निवेश पहुंच प्रदान करना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत एफटीए की डगर पर भी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले माह 27 अप्रैल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। न्यूजीलैंड के



साथ किए गए इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह एफटीए भारत की प्रतिभाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार के लिए एक मजबूत बुनियाद प्रदान करता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। साथ ही, भारत-यूरोपीय संघ एफटीए का क्रियान्वयन भी इसी वर्ष संभावित है। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है।

अब मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। कनाडा, इस्राइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। निश्चित रूप से भारत के बढ़ते हुए व्यापार समझौतों के अत्यधिक सकारात्मक परिदृश्य के बीच भारत में लागू नए सरल श्रम कानूनों की नई लाभप्रद अहमियत दिखाई दे रही है। नए श्रम कानूनों से व्यापार समझौतों का प्रभावी रूप से लाभप्रद क्रियान्वयन होगा। नए श्रम कानूनों से श्रमिकों की सुरक्षा में वृद्धि और बेहतर रोजगार ढांचे के लिए नियमों का आधुनिकरण उभर कर दिखाई दे रहा है। वहीं, इनसे उद्योग-कारोबार को रफ्तार मिलेगी। ये श्रम कानून देश में स्वतंत्रता के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधार हैं। ये नई श्रम संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी का भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और नारी शक्ति व युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के लिए एक मजबूत नींव के रूप में काम करेंगी। साथ ही भविष्य के लिए एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण करेंगी, जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। निसंदेह, नई श्रम संहिताओं ने श्रम नियमों को सरल, निष्पक्ष और नए दौर के कामकाजी वातावरण के अधिक अनुकूल बना दिया है। ये नई संहिताएं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा में सुधार करने, व्यवसायों के लिए नियमों का अनुपालन करना आसान बनाने और बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक रोज़गार के अवसर पैदा करने के मद्देनजर अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं।

नई श्रम संहिताओं के तहत श्रमिकों, उद्योगों और सरकार के हितों से संबंधित बहुआयामी लाभ उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अब नियोक्ताओं को सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र जारी करना होगा तथा गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों सहित पूरे श्रमबल को सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करना होगा। न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने और 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच प्रदान की जाना भी सुनिश्चित की गई है। अब तय अवधि के लिए ठेके पर काम करने वाले कामगारों को स्थायी श्रमिकों के बराबर सभी लाभ मिलेंगे और वे 5 साल के बजाय सिर्फ एक साल बाद ग्रेच्युटी पाने के हकदार होंगे। हाल के दशकों में भारत से सेवाओं का निर्यात वस्तुओं की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ा है। उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संकट की चुनौतियों के बीच हाल ही में देशभर में जमीनी स्तर पर चार नई श्रम संहिताओं के तहत लागू किए गए नए सरल श्रम कानून देश के बढ़ते व्यापार समझौतों के लाभप्रद क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे। इससे देश श्रमिकों के कल्याण के साथ उत्पादन वृद्धि, निर्यात वृद्धि, रोजगार वृद्धि और विकास दर वृद्धि की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह



# बचत और खर्च में असंतुलन से बढ़ रही आर्थिक मुश्किलें

वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है। पश्चिम एशिया में लगातार बने तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, रुपये पर दबाव और महंगाई की मार ने आम भारतीय परिवारों के बजट को प्रभावित किया है। चिंता की बात केवल बाहरी आर्थिक परिस्थितियां नहीं हैं। असली चुनौती यह है कि भारतीय समाज, विशेषकर युवा और मध्यम वर्ग, धीरे-धीरे बचत की परंपरा से दूर होता जा रहा है और कर्ज आधारित उपभोग की आदतों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत परंपरागत रूप से बचत प्रधान समाज रहा है। परिवारों में कम आय के बावजूद भविष्य के लिए कुछ न कुछ बचाने की प्रवृत्ति रही है। बच्चों की पढ़ाई, बेटी की शादी, बीमारी, बुढ़ापा और आकस्मिक जरूरतों को ध्यान में रखकर लोग अपनी आय का एक हिस्सा अलग रखते थे। अब उपभोग की बदलती संस्कृति, आसान कर्ज, क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन, नो-कॉस्ट ईएमआई और फिनटेक ऐप्स ने खर्च करने की आदतों को बदल दिया है। पहले लोग जरूरत पड़ने पर कर्ज लेते थे, अब सुविधा और दिखावे के लिए भी कर्ज लेने लगे हैं।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि आय की वृद्धि उतनी तेज नहीं है, जितनी तेजी से खर्च और कर्ज की किस्तें बढ़ रही हैं। कई परिवारों की मासिक आय का बड़ा हिस्सा ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल, किराया, बच्चों की फीस, इलाज, बिजली, यात्रा और दैनिक खर्चों में चला जाता है। इसके बाद बचत के लिए बहुत कम पैसा बचता है। परिणामस्वरूप परिवार की आर्थिक सुरक्षा कमजोर होती जाती है। किसी बीमारी, नौकरी छूटने, व्यवसाय में नुकसान या अचानक आए बड़े खर्च की स्थिति में ऐसे परिवार तुरंत कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। मध्यम वर्ग इस दबाव को सबसे अधिक महसूस कर रहा है। इस वर्ग की आकांक्षाएं बड़ी हैं, लेकिन आय सीमित है। आमदनी का बड़ा हिस्सा जरूरी और गैर-जरूरी खर्चों में बंट जाता है। खर्च के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव आया है। पारंपरिक घरेलू खर्चों की जगह अब बाहर खाना, प्रोसेस्ड फूड, ऑनलाइन खरीदारी, महंगे मोबाइल, गैजेट्स, फैशन, मनोरंजन और यात्राओं पर खर्च बढ़ा है। विदेश यात्राओं और महंगी जीवनशैली को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाने लगा है। क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन इस असंतुलन के सबसे बड़े कारणों में हैं। क्रेडिट कार्ड सुविधा देता है, लेकिन अनुशासन न हो तो वही सुविधा महंगा बोझ बन जाती है। यदि समय पर पूरा भुगतान न किया जाए, तो ब्याज और दंड शुल्क मिलकर कर्ज को कई गुना बढ़ा देते हैं। इसी तरह पर्सनल लोन तुरंत राहत देता है, लेकिन ऊंची ब्याज दर के कारण लंबे समय तक आय पर दबाव बनाए रखता है। कई युवा बिना दीर्घकालिक योजना के छोटे-छोटे खर्चों के लिए भी कर्ज लेने लगे हैं। इससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता धीरे-धीरे कम होती जाती है। आर्थिक दबाव का असर केवल बैंक खाते तक सीमित नहीं रहता। यह मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंधों और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है।

जब व्यक्ति कर्ज चुकाने में असमर्थ होता है, तो तनाव, अवसाद, झुंझलाहट और पारिवारिक कलह बढ़ने लगती है। सबसे पहले व्यक्ति को अपनी आय और खर्च का स्पष्ट हिसाब रखना चाहिए। हर परिवार को मासिक बजट बनाना चाहिए और खर्चों को तीन श्रेणियों में बांटना चाहिए-जरूरी खर्च, उपयोगी खर्च और दिखावटी खर्च। "पहले बचत, फिर खर्च," की प्रवृति विकसित करने की जरुरत है। वेतन या आय प्राप्त होते ही कम से कम 10 प्रतिशत राशि बचत या निवेश के लिए अलग रखनी चाहिए। इसलिए बचत को खर्च के बाद बचा हुआ पैसा नहीं, बल्कि आय का पहला अनिवार्य हिस्सा मानना चाहिए। यह राशि एसआईपी, पीपीएफ, आवर्ती जमा, आपातकालीन फंड या अन्य सुरक्षित निवेश माध्यमों में लगाई जा सकती है। युवाओं को यह समझना होगा कि हर ईएमआई सुविधा नहीं होती और हर डिस्काउंट बचत नहीं होता। खरीदारी से पहले यह प्रश्न जरूर पूछना चाहिए कि यह खर्च जरूरत है, सुविधा है या केवल दिखावा। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि आर्थिक स्थिरता केवल अधिक कमाकर नहीं आती। वह सही खर्च, नियमित बचत, नियंत्रित कर्ज और वित्तीय अनुशासन से आती है। कम आय वाला व्यक्ति भी यदि योजनाबद्ध ढंग से खर्च और बचत करे, तो आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकता है। इसके विपरीत अधिक आय वाला व्यक्ति भी यदि बिना सोच-विचार के खर्च करे, तो आर्थिक संकट में फंस सकता है। आज भारतीय समाज को फिर से बचत की संस्कृति की ओर लौटने की जरूरत है, लेकिन आधुनिक वित्तीय समझ के साथ।

(लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
## दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

# मंत्र का असर



संकलित
## प्रेरणा

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## सटाका




## आज की पाती

### संस्कारों के अभाव में बच्चे बन जाते हैं हिंसक

कोई भी मां-बाप नहीं चाहते हैं कि उनके बच्चे जिंदगी में कभी भी पथभ्रष्ट हों, लेकिन फिर भी कुछ लोगों के बच्चे पथभ्रष्ट हो जाते हैं। इसके मुख्य कारण बच्चों की परवरिश में कमी और इन्हें अच्छे संस्कार न मिलना भी है। अपने बच्चे सभी को प्यारे होते हैं, लेकिन बच्चों की गलतियों को अनदेखा करना बहुत गलत होता है। कुछ दिन पहले एक खबर पढ़ने को मिली कि दिल्ली में एक शादी समारोह में कम उम्र के लड़कों के बीच विवाद डीजे पर गाने को लेकर इस कदर हो गया कि इनमें एक लड़के की हत्या ही कर दी गई। ऐसी ही खबरें अक्सर पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। सवाल तो यह है कि बच्चे, किशोर, नाबालिग आखिर क्यों पथभ्रष्ट होकर अनैतिक और अपराधी मामलों को अंजाम दे रहे हैं?

*- रजनी तागरा, रोहतक*

## ट्रेंड

### प्रौद्योगिकी का समावेश



मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन योजनाओं को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए उनमें प्रौद्योगिकी का समावेश कर रही है। इसी दिशा में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्थक-पीडीएस चरण-2 के लिए 25,530 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम



सीबीएसई परीक्षा परिणामों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हुई है, जिससे देशभर के लाखों बच्चे और उनके माता-पिता सदमे में हैं। मोदी जी हमेशा की तरह- कोई जवाब नहीं, कोई जवाबदेही नहीं, कोई शर्म नहीं।

-**राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### भाजपा-कांग्रेस संबंध



केंद्रीय एजेंसियों का भाजपा द्वारा क्षेत्रीय विपक्षी दलों को निशाना बनाने और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए किया गया एक और घोर दुरुपयोग है। कांग्रेस द्वारा 'निष्क्रियता' की शिकायत शुरू होते ही ईडी की तत्काल छापेमारी से भाजपा-कांग्रेस संबंधों पर सवाल उठते हैं।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### जनता से लूटपाट



तेल की कीमतें बढ़ाकर भाजपा हाल के चुनावों में खर्च किए गए पैसे की भरपाई कर रही है। उसका बस एक ही सिद्धांत है कि उसका और उनके लोगों का खजाना कभी खाली न हो, भले ही इसके लिए जनता की जेबों से लूटपाट क्यों न करनी पड़े।

-**अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# संरा सुरक्षा परिषद को 'जीवंत संस्था' बनाने की जरूरत

भारत ने चीन की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में वीटो का अधिकार रखने वाले स्थायी सदस्यों के बीच मतभेदों को उजागर किया। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि परिषद एक जीवंत संस्था होनी चाहिए, न कि कोई जीवाश्म जिसकी स्थिर संरचना 1945 के कंप्यूटर संस्करण पर उन्नत कृत्रिम बद्धिमत्ता (एआई) संबंधी प्रौद्योगिकियों को चलाने के समान हो। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने कहा, संयुक्त राष्ट्र परिषद की सक्रियता का दौर अब समाप्त हो चुका है, और दुनिया अब विभाजन और टकराव से ग्रस्त है। वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों के स्तर पर परिषद विभाजित नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र में कार्यकुशलता और उत्पादकता बढ़ाने की मांग पहले से कहीं अधिक प्रबल है पर्वतनेनी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखना और संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूत करना विषय पर हो रही चर्चा को संबोधित कर रहे थे। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार सुबह उक्त विषय पर चर्चा के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। अमेरिका, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, और चीन 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' के वीटो का अधिकार रखने वाले पांच स्थायी सदस्य हैं।



## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## भारत भवन में सात दिवसीय 'सदा नीरा महोत्सव' का आगाज, नृत्य और विचारों के संगम ने बांधा समां

# 40 फीट की ऊंचाई पर ड्रोन से साकार हुआ इंद्र स्वरूप, गोवर्धन लीला से रोमांचित हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज की युवा पीढ़ी भारतीय ज्ञान, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है। भारतीय समाज ने हमेशा सीमित संसाधनों में प्रकृति-सम्मत जीवन शैली अपनाई, लेकिन आधुनिक तकनीक और बदलती जीवनशैली के कारण यह परंपरा कमजोर हुई है। भविष्य में पानी सबसे मूल्यवान करेंसी साबित होगा। इसलिए युवाओं को जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और भारतीय जीवन-मूल्यों को अपनाकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। यह कहना है आईआईएम बोधगया की डायरेक्टर डॉ. विनिता सहाय का, विनिता वीर भारत न्यास द्वारा भारत भवन में आयोजित सदानीरा समागम 2026 के शुभारंभ अवसर पर बोल रही थीं। सात दिवसीय समागम में देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं के विशेषज्ञों के साथ नौ देशों के राजनयिक प्रतिनिधि भी सहभागी हो रहे हैं।

**भविष्य में पानी ही सबसे मूल्यवान करेंसी होगा, युवाओं को निभानी होगी प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी**


कार्यक्रम में गोवर्धन लीला पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति।


### बिरजू महाराज की कविता एवं पारंपरिक बंदिशों की प्रस्तुति

वहीं गंगा यात्रा की भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति में भगवान शिव की जटाओं से अवतरित पावन गंगा की यात्रा, बदलती ऋतुओं के साथ उसका स्वरूप तथा प्रकृति पर मानव हस्तक्षेप के प्रभाव को कलात्मक ढंग से दर्शाया गया। गुरु मालती श्याम के निर्देशन और परिकल्पना में बिरजू महाराज की कविता एवं पारंपरिक बंदिशों को विभिन्न छंदों में प्रस्तुत किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जेके ट्रस्ट के सीएसआर प्रमुख राम भटनागर, प्रख्यात जलविद् राजेन्द्र सिंह, हिन्दुस्तान यूनिलिवर फाउंडेशन के सीईओ डॉ. श्रमण झा, आईजीआरएमएस के डायरेक्टर डॉ. अमिताभ पांडेय, आईआईएम बोधगया की डायरेक्टर डॉ. विनिता सहाय, वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी, यूनाइटेड कॉनसियसनेस के संयोजक डॉ. विक्रांत सिंह तोमर उपस्थित थे।


0000



### गोवर्धन लीला के मंचन के साथ होलोग्राफिक दृश्य ने किया दर्शकों को रोमांचित

वहीं महोत्सव में शाम की बेला में भागवत पुराण आधारित भव्य नृत्य प्रस्तुति में गोवर्धन लीला का मंचन किया गया। जिसमें विशेष आकर्षण के रूप में ड्रोन तकनीक के माध्यम से इंद्र स्वरूप एलईडी स्क्रीन को लगभग 40 फीट ऊंचाई तक ले जाया गया। जबकि मंच पर नीचे गोवर्धन लीला का भव्य होलोग्राफिक दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रस्तुति में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा लोगों को जल, पर्वत, वृक्ष और पशुओं के सम्मान को ही सच्ची भक्ति बताया गया। इसके पूर्व रंग में कमांडर सतीश चैम्पीयन के लीडरशिप में भारतीय नौसेना बैंड की प्रस्तुति हुई।

### राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय चिंतन-यात्रा है 'सदानीरा'

इस अवसर पर संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि यह आयोजन जल, प्रकृति और मानव सभ्यता के संबंधों पर केंद्रित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय चिंतन-यात्रा है।

**जल, प्रकृति और मानव सभ्यता के संबंधों पर केंद्रित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय चिंतन-यात्रा**

## भविष्य में पानी ही सबसे मूल्यवान करेंसी होगा, युवाओं को निभानी होगी प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी


'शाम के सत्र में नृत्य की प्रस्तुति देतीं नृत्यांगनाएं।

**भोपाल।** भविष्य में पानी सबसे मूल्यवान करेंसी होगा। इसलिए युवाओं को जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और भारतीय जीवन-मूल्यों को अपनाकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

यह कहना है आईआईएम बोधगया की डायरेक्टर डॉ. विनिता सहाय का, विनिता वीर भारत न्यास द्वारा भारत भवन में आयोजित सदानीरा समागम 2026 के शुभारंभ अवसर पर बोल रही थीं। सात दिवसीय समागम में देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं के विशेषज्ञों के साथ नौ देशों के राजनयिक प्रतिनिधि भी सहभागी हो रहे हैं।




कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अपना वक्तव्य देतीं आईआईएम बोधगया की डायरेक्टर डॉ. विनीता सहाय। (दायें)

### पंचमहाभूतों के संतुलन बिना मानव जीवन संभव नहीं

इस अवसर पर प्रख्यात जलविद् राजेन्द्र सिंह ने कहा कि ऋग्वेद और अथर्ववेद में जल संरक्षण को लेकर वैज्ञानिक और दूरदर्शी दृष्टि प्रस्तुत की गई है। भारतीय ज्ञान परंपरा में जल को जीवन और सृष्टि के संतुलन का आधार माना गया है। उन्होंने कहा कि पंचमहाभूतों के संतुलन के बिना मानव जीवन संभव नहीं है।

---

**प्रस्तुति को लेकर भावुक दिखाई दिए प्रसिद्ध संतूर वादक राहुल शर्मा, कहा...**

## 'पूनम महोत्सव' में प्रस्तुति देना परमपूज्य पिता के आशीर्वाद को आगे लेकर जाने के जैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा



पूनम महोत्सव से मेरा जुड़ाव बहुत पुराना है। वर्ष 1997-98 में मैं पहली बार यहां प्रस्तुति देने आया था और उसके बाद भी कई अवसरों पर भोपाल आना हुआ। मेरे लिए यह बेहद भावुक और गर्व का क्षण है कि 1992 में मानव संग्रहालय में आयोजित इसी 'पूनम महोत्सव' के शुभारंभ अवसर पर मेरे पिता व गुरु पंडित शिवकुमार शर्मा ने पहली बार अपनी प्रस्तुति दी थी। आज जब मैं उसी मंच पर आकर संतूर की साधना को आगे बढ़ाऊंगा तो ऐसा लगता है कि मानो मैं पिता की विरासत, उनके सुरों और उनके आशीर्वाद को आगे लेकर चल रहा हूं... यह कहना है प्रसिद्ध संतूर वादक राहुल शर्मा का, जो 30 मई को मानव संग्रहालय में आयोजित 'पूनम महोत्सव' में प्रस्तुति देने आएंगे, इस खास मौके पर हरिभूमि से बातचीत में राहुल ने अपने पिता से जुड़ी यादों को साझा किया।

### तुम्हारे अंदर अब वह परफेक्शन आ गया है, जिसकी मुझे तलाश थी...

राहुल ने कहा कि साल 2009 में मेरा एक नॉन-इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एल्बम 'रिबेल' रिलीज हुई, जिसमें मैंने संतूर की प्रस्तुति दी। इस एल्बम को सुनने के बाद मेरे पिता व गुरु पंडित शिवकुमार शर्मा ने कहा, मुझे तुम पर गर्व है। तुम्हारे अंदर अब वह परफेक्शन आ गया है, जिसकी मुझे तलाश थी। यह शायद पहला अवसर था, जब उन्हें किसी नॉन-इंडियन क्लासिकल म्यूजिक प्रोजेक्ट में मेरा काम इतना पसंद आया था।

### तीन अलग-अलग विधाओं के कलाकारों का खूबसूरत कोलैबोरेशन था जय हनुमान...

शर्मा कहते हैं, कुणाल कोहली की वेब सीरीज रामयुग के जय हनुमान... गीत में अमिताभ बच्चन ने अपनी आवाज दी थी, जबकि इसका संगीत मैंने तैयार किया था। इस विशेष रचना में उस्ताद जाकिर हुसैन भी जुड़े थे। तीन अलग-अलग विधाओं के कलाकारों के इस खूबसूरत कोलैबोरेशन ने इस गीत को एक अलग ही ऊंचाई प्रदान की।

### मेरी पत्नी डिजाइड करती हैं कि स्टेज पर क्या पहनना, क्या नहीं

मेरी फैशन डिजाइनर पत्नी बरखा शर्मा मेरे लगभग सभी म्यूजिकल कॉन्सर्ट्स व एल्बम्स के लिए परिधान डिजाइन करती हैं। स्टेज पर क्या पहनना है, किस तरह की प्रस्तुति के साथ कैसा लुक बेहतर लगेगा—इन सब बातों को लेकर उनकी सलाह मेरे लिए बेहद खास होती है। कहीं न कहीं मेरी मंचीय प्रस्तुति में उनकी रचनात्मक सोच भी शामिल रहती।

शास्त्रीय संगीत की अनमोल विरासत 'संतूर' को आगे ले जाना मेरी जिम्मेदारी मेरे पिता पंडित शिवकुमार शर्मा और पंडित हरिप्रसाद चौरसिया की 'शिव-हरि' जोड़ी ने यश चोपड़ा की कई फिल्मों, जैसे सिलसिला, फासले, चांदनी, लम्हे और डर में संगीत दिया। उस दौर में मैं भी उनके साथ असिस्टेंट के रूप में जुड़ा रहा। बाद में वर्ष 2002 में यश चोपड़ा ने मुझे फिल्म 'मुझसे दोस्ती करोगी' के लिए संगीत निर्देशन का अवसर दिया, जिसे मैंने लीड किया। इसके बाद फिल्मों में संगीत देने के कई अवसर मिले, लेकिन मेरा पूरा ध्यान भारतीय शास्त्रीय संगीत पर रहा। मुझे हमेशा लगा कि फिल्मों में कम्पोजिंग तो मैं कभी भी कर सकता हूं, लेकिन संतूर भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक अनमोल विरासत है और उसे आगे बढ़ाना मेरी जिम्मेदारी है।



## भोपाल की तनिष्का को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई दिल्ली के नेशनल एग्रीकल्चरल साइंस कॉम्प्लेक्स में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अनुभवों को साझा करती पुस्तक 'अपनापन' के विमोचन कार्यक्रम में मप्र की भरतनाट्यम अभ्यासकर्ता एवं अभिनेत्री तनिष्का हतवलने को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा सहित मप्र एवं अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद एवं विधायक मौजूद रहे। तनिष्का, मध्यप्रदेश की उभरती शास्त्रीय नृत्यांगना एवं अभिनेत्री हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति एवं अपनी अभिनय प्रतिभा से गहरी प्रशंसा बटोरी है। उनकी कलात्मक यात्रा एवं परंपरागत अभ्यास पर बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म तनिष्का ने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में अपनी जगह बनाई।

**उत्कल भवन में समकालीन एक्टिंग-कंटेम्पररी वर्कशॉप के समापन अवसर पर बैले 'वंदेमातरम' एवं नाटक 'राख' का मंचन, भावु दिखाई दिए लोग**

## मंच पर धधकी 'राख', दंगों की आग और इंसानियत के सवालों ने झकझोरा मौजूद दर्शकों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्कल भवन के मंच पर अंधेरा छाता है, धीमी रोशनी के बीच एक मां अपनी खोई बेटी को पुकारते हुए मंच के एक कोने से दूसरे कोने तक भटकती है। कहीं चीखें सुनाई देती हैं, तो कहीं भीड़ के शोर में इंसानियत दबती नजर आती है। दर्शकों के सामने ऐसा माहौल बनता है मानो वे किसी नाटक को नहीं, बल्कि दंगों की भयावह सच्चाई को अपनी आंखों के सामने घटित होते देख रहे हों। बुधवार शाम श्रद्धा शालिनी मालवीय के निर्देशन में नाटक 'राख' का मंचन इसी संवेदनशील और तीखे अंदाज में किया गया। इससे पहले बैले 'वंदेमातरम' की मनभावन प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा।



### दंगों और नफरत के बीच फंसे लोग...

कहानी दंगों के बीच फंसे लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है। मंच पर एक तरफ अपनी बेटी की तलाश में भटकती मां की बेबसी दिखाई देती है, तो दूसरी ओर पत्रकार और न्यूज एडिटर हिंसा को खबर में बदलने की मानसिकता से जूझते नजर आते हैं।

### कलाकारों के अनुभव और सवालों का जवाब है नाटक 'राख'

प्रस्तुति की खास बात यह रही कि 'राख' किसी एक लेखक की लिखी पारंपरिक स्क्रिप्ट नहीं थी, बल्कि पूरी कार्यशाला के कलाकारों के अनुभवों, सवालों, डर और भावनाओं से मिलकर तैयार एक सामूहिक सृजन था। जिसमें कलाकारों ने अपने भीतर की संवेदनाओं को खुलकर साझा किया, जिन्हें जोड़कर यह प्रस्तुति तैयार की गई।

### बैले नृत्य नाटिका 'वंदेमातरम' में दिखी देशभक्ति की आलौकिक लहर

वहीं अभ्यास प्रस्तुति के रुप में 'वंदेमातरम' बैले नृत्य नाटिका में दर्शाया कि जब ब्रिटिश शासन में भारतीयों पर अंग्रेजी सत्ता का मानसिक प्रभाव बढ़ा तब गॉड सेव द क्वीन गाने के स्थान पर भारतीयों ने 1882 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय रचित गीत 'वंदे मातरम' को अपनाया, जो मातृभूमि के प्रति प्रेम, एकता और स्वतंत्रता चेतना का स्वर बन गया।



---

**सोनी सब ने की सीरियल की लॉन्चिंग, 2 जून से ऑन एयर होने वाला यह शो सोमवार से शनिवार रात 9 बजे सोनी सब और सोनी लिव पर होगा प्रसारित**

# महाभारत के नायकों के निर्माण के पीछे की महाकाव्य कथा को जीवंत करेगा सीरियल 'हस्तिनापुर के वीर'

▶▶ मुंबई से लौटकर एमएम सिद्दीकी

सोनी एसएबी यानि सब टीवी ने गत दिवस मुंबई के सानिया स्टूडियो में हस्तिनापुर के वीर शो की धूमधाम से लांचिंग की। इसमें शो के सभी कलाकार और उनके परिजन मौजूद रहे। सोनी एसएबी ने हस्तिनापुर के वीर की घोषणा करते हुए कहा कि वह अनकही कहानी जिसने पांडवों और कौरवों को महाभारत के महान नायक बनने से पहले आकार दिया। इस भव्य कृति में तोरल राजपूत, मनीष वाधवा, जितेन लालवानी, चंदन आनंद सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं और इसका प्रीमियर 2 जून से सोमवार से शनिवार रात 9 बजे होगा।

सोनी एसएबी ने घोषणा करते हुए कहा कि हस्तिनापुर के वीर भारत के सबसे प्रतिष्ठित महाकाव्यों में से एक को समकालीन दर्शकों के लिए नए सिरे से प्रस्तुत करता है, जो एक ताज़ा और गहन दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह हस्तिनापुर की भव्य पृष्ठभूमि में पांडवों और कौरवों के प्रारंभिक वर्षों की गहराई में उतरता है, उनके बचपन, रिश्तों, प्रतिद्वंद्विता और उन अनुभवों का अन्वेषण करता है जिन्होंने उनके व्यक्तित्व और भाग्य को आकार दिया। यह शो भव्य दृश्यों से परे जाकर भाईचारे के बंधन, अपेक्षाओं के बोझ, परवरिश के प्रभाव और उन विकल्पों के पीछे छिपी मानवीय कहानियों को उजागर करता है जो उनके व्यक्तित्व को निर्धारित करते हैं। इन शुरुआती वर्षों पर ध्यान केंद्रित करके, यह शो दर्शकों को इस बात की सूक्ष्म समझ प्रदान करता है कि कैसे ये प्रतिष्ठित पात्र पीढ़ियों तक ख्याति प्राप्त महान हस्तियों में परिवर्तित होते हैं।



### इन कलाकारों ने निभाया है अलग-अलग किरदार

पेनिनसुला पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस शो में कुंती के रूप में तोरल रासपुत्रा, युधिष्ठिर के रूप में अतहर खान, भीम के रूप में सुभाष खत्री, अर्जुन के रूप में उर्वा सावलिया, नकुल के रूप में हरित गबानी, सहदेव के रूप में मयंक यादव, दुर्योधन के रूप में आयुध भानुशाली, दुशासन के रूप में शौर्य उपाध्याय, द्रोणाचार्य के रूप में जितेन लालवानी, शकुनि के रूप में चंदन आनंद, भीष्म पितामह के रूप में मनीष वाधवा शामिल हैं। यह शो लुभावने सेट, जटिल वेशभूषा और शानदार प्रोडक्शन डिजाइन को एक साथ लाता है जो शक्ति, सम्मान और भाग्य द्वारा परिभाषित युग की भव्यता को फिर से बनाता है।

### हमारा मिशन ऐसी कहानियां सुनाना है, जिसे परिवार एक साथ देख सकें

सोनी एसएबी के मुख्य कंटेंट अधिकारी अजय भलवंकर ने बताया कि हमारा मिशन ऐसी कहानियां सुनाना है जिन्हें परिवार एक साथ देख सकें और साझा अनुभवों के रूप में आगे बढ़ा सकें। हस्तिनापुर के वीर के साथ, हम केवल पौराणिक कथाओं को पुनर्जीवित नहीं कर रहे हैं। हम पांडवों और कौरवों की प्रारंभिक यात्राओं को इस तरह से प्रस्तुत कर रहे हैं जो उन मूल्यों, रिश्तों और विकल्पों को उजागर करती हैं जो आज भी प्रासंगिक हैं।

### बेहद ज्ञानवर्धक अनुभव रहा- तोरल रसपुत्रा

कुंती का किरदार निभाना मेरे लिए एक अभिनेत्री के रूप में बेहद ज्ञानवर्धक अनुभव रहा है। उन्हें अक्सर एक सशक्त और संयमित मां के रूप में याद किया जाता है, लेकिन जिस बात ने मुझे सबसे ज़्यादा आकर्षित किया, वह थी उस शक्ति के पीछे छिपी स्त्री, उनके भय, उनके बलिदान और एक मां के रूप में अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के उनके भावनात्मक भार को समझना। एक अभिनेत्री के रूप में इसने मुझे उनके आंतरिक संघर्षों और बाहरी शक्ति दोनों को सूक्ष्मता से चित्रित करने की चुनौती दी।



मेरा मानना है कि दर्शक कुंती का एक ऐसा पक्ष देखेंगे जो अधिक वास्तविक और सहज लगेगा, न केवल एक पौराणिक पात्र के रूप में, बल्कि एक स्त्री, एक मां और एक ऐसी व्यक्ति के रूप में जिनके निर्णय इतिहास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सीबीएसई विवाद पर एलओपी राहुल ने केंद्र पर लगाए गंभीर आरोप

# लाखों छात्रों के भविष्य से किया खिलवाड़,परीक्षा परिणाम में भयंकर हेरफेर करने से बच्चों के पालकों को भी लगा सदमा, कंपनी पर भी उठाए सवाल

नीट पेपर लीक का मामला अभी थमा नहीं था कि सीबीएसई को लेकर बवाल शुरू हो गया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नतीजों और डिजिटल मूल्यांकन को लेकर सियासत गरमा गई है। इस पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से सवाल पूछा है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई के परीक्षा परिणामों को लेकर उठे विवाद ने अब सियासी रंग ले लिया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और पीएम



मोदी पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि सीबीएसई परीक्षा परिणाम में भयंकर हेर-फेर हुई है, जिससे देश के लाखों बच्चे और उनके माता-पिता सदमे में हैं। राहुल ने वीडियो भी साझा किया, जिसमें वे छात्रों-अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सीबीएससी पेपर को लेकर अविश्वसनीय जानकारियां सामने आ रही हैं। उन्होंने कुछ ऐसे दस्तावेज और उदाहरण दिखाए, जिनके आधार पर उन्होंने परीक्षा मूल्यांकन और ऑन-स्क्रीन मार्किंगसिस्टम पर सवाल उठाए।

### एसआईटी जांच की मांग तेज

राहुल ने इस पूरे मामले को सोचा-समझा षड्यंत्र बताते हुए स्वतंत्र न्यायिक जांच और एसआईटी गठन की मांग की है। उन्होंने कहा कि 18.5 लाख छात्रों का भविष्य ऐसी कंपनी के हाथ में सौंप दिया गया, जिसकी कार्यप्रणाली पहले भी विवादों में रही है।

**पीएम मोदी से पूछे सवाल**

**पुनर्मूल्यांकन में गड़बड़ियों की शिकायतें आईं, बोर्ड बोला- जांच की जा रही**




### छात्रों की शिकायतों से बढ़ा विवाद

हाल के दिनों में कई सीबीएसई छात्रों ने आरोप लगाया कि पुनर्मूल्यांकन के दौरान उन्हें जो स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गईं, उनमें उनकी हैंडराइटिंग तक मेल नहीं खा रही थी। कुछ छात्रों ने सिस्टम में गड़बड़ी और उत्तर पुस्तिकाओं के गलत मिलान की शिकायत भी की। इस मुद्दे ने सोशल मीडिया पर बड़ा विवाद खड़ा कर दिया, जिसके बाद विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है। हालांकि सीबीएसई ने कहा है कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और जांच की जा रही है।

### सीओईएमपीटी और ग्लोबरेना को ठेका किसने दिया?

राहुल ने आरोप लगाया कि मूल्यांकन कार्य से जुड़ी कंपनी सीओईएमपीटी पहले ग्लोबरेना नाम से काम करती थी और साल 2019 में तेलंगाना बोर्ड परीक्षा विवाद में भी उसका नाम सामने आया था। उन्होंने कहा कि नाम बदल गया, लेकिन नीयत और फितरत वही रही। राहुल ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट किसके कहने पर दिया गया और क्या इस प्रक्रिया में नियमों को नजरअंदाज किया गया। यह कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए कौन-कौन से नियमों को नजरअंदाज किया गया?

---

## खबर संक्षेप

### ममता को झटका, सांसद काकोली का इस्तीफा

**कोलकाता।** टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने बुधवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे



दिया हैं। घोष दस्तीदार को बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद ममता की पार्टी ने लोकसभा सचेतक के पद से हटा दिया था। माना जा रहा है कि इस फैसले के बाद से ही वह नाराज चल रही थीं। वे टीएमसी नहीं छोड़ रही हैं।

### त्रिभाषा पर केंद्र और एनसीईआरटी जवाब दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई है। इस याचिका



में सीबीएसई की उस पॉलिसी को चुनौती दी गई है, जिसके तहत 1 जुलाई से शुरू होने वाला सत्र से 9वीं क्लास के छात्रों के लिए तीन भाषाओं, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं शामिल हों, की पढ़ाई अनिवार्य कर दी गई है।

### नबीन का 3 दिवसीय उत्तराखंड का दौरा आज से

**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन 28 मई से उत्तराखंड के 3 दिनी दौरे पर रहेंगे। वे संगठन



से जुड़ी कई अहम बैठकों में हिस्सा लेंगे और वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। यह दौरा 30 मई तक चलेगा, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी रणनीति पर विशेष फोकस रहेगा।

### सावंतवाड़ी स्टेशन का नाम अब मधु दंडवते होगा

**मुंबई।** सीएम देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने सावंतवाड़ी रेलवे स्टेशन का नाम



कोंकण रेलवे के जनक और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय मधु दंडवते के नाम पर रखने को मंजूरी दी। स्वर्गीय दंडवते को कोंकण रेलवे का जनक माना जाता है। केंद्र सरकार ने पहले ही मंजूरी दी थी।

---

## एसआईआर : सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर तमाम सियासी दलों ने दी प्रक्रियाएं

भाजपा ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ, सुधांशु बोले

# विपक्ष का चेहरा बेनकाब हो गया, कांग्रेस इतनों दिनों से करती रही मात्र दुष्प्रचार

### सर्वोच्च न्यायालय ने संपूर्ण विपक्ष के फैसलों और आरोपों की पोल खोल दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने उनके आरोपों की पोल खोल दी है। यह प्रतिक्रिया उस समय आई जब सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को वैध और संवैधानिक करार दिया। पार्टी सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूर्णतः संविधान सम्मत घोषित कर दिया है। बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावों में राजनीतिक दृष्टि से करारी हार मिलने के बाद, अनर्गल बयानों और अफवाहों के बावजूद जनता से किसी भी प्रकार का समर्थन न मिलने के पश्चात मुझे लगता है कि अब विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी, नैतिक और संवैधानिक दोनों मोर्चों पर भी पूरी तरह पराजित हो चुकी है। लोकतंत्र की सभी संस्थाओं पर अपनी अकर्मण्यता और राजनीतिक अक्षमता को छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप, लांछन और अपमान का जो खेल खेला जा रहा था, वह आज पूरी तरह निष्फल साबित हो गया है।

**चुनावों में विपक्ष ने गलत नैरेटिव फैलाया**

आयोग ने विधि के अनुसार काम किया

**विपक्ष की संवैधानिक धरातल पर हार हुई**




त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि राजनीतिक पराजय के बाद और देश में अराजकता-अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद अब यह विपक्ष और कांग्रेस पार्टी की संवैधानिक धरातल पर भी पराजय हुई है। लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढंकने के लिए आरोपित करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज सर्वोच्च न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हो गया।



### राहुल और विपक्ष बेनकाब हो गया: भंडारी

फैसले के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी और कांग्रेस बेनकाब हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया को कानूनी और संवैधानिक घोषित कर दिया है।उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी शुरू से ही इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे थे क्योंकि कांग्रेस अवैध मतदाताओं के साथ खड़ी थी।

### लोकतंत्र पर अनावश्यक सवाल न उठाएं: कोहली



भाजपा के वरिष्ठ नेता नलिन कोहली ने कहा कि चुनाव आयोग समय-समय पर मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन रखने के लिए इस तरह की एसआईआर चलाता है। चुनाव आयोग इसी संवैधानिक जिम्मेदारी को निभा रहा है। आयोग को चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। अनावश्यक सवाल नहीं उठाना चाहिए।

### चुनाव आयोग को जबरन बदनाम किया गया:अश्विनी



इस फैसले पर अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है, जिनमें 'मत चोरी' के दावे भी शामिल थे। हमने कोर्ट में कहा था कि एसआईआर प्रक्रिया हर पांच साल में होनी चाहिए। चुनाव आयोग को जबरन बदनाम किया गया।

### मतदाताओं के अधिकारों का हनन न हो: कांग्रेस

बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि एसआईआर करने की



जल्दबाजी में मतदाताओं को उनके मतदान के अधिकार से वंचित कर दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के द्वारा वाजिब मतदाताओं की हकमारी न हो और इस प्रक्रिया के तहत एक भी वैध मतदाता के अधिकारों का हनन न हो।

### टीएमसी ने दुरुपयोग पर उठाए थे सवाल: सौगत

टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम



कोर्ट के फैसले का सम्मान करती है, क्योंकि अदालत का फैसला ही कानून होता है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि तृणमूल कांग्रेस ने कभी एसआईआर प्रक्रिया को अवैध नहीं कहा, बल्कि उसके कथित दुरुपयोग पर सवाल उठाए थे।

---

केरल में ईडी की कार्रवाई पर बवाल

# विजयन के समर्थकों ने अफसरों को घेरा, गाड़ियों में तोड़फोड़ की





एजेंसी ने 10 ठिकानों पर मारा छापा

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

यहां पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास के बाहर उस वक्त भारी हंगामा मच गया, जब सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं ने ईडी अधिकारियों की गाड़ी पर हमला कर दिया। 'कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड' (सीएमआरएल) मामले में केरल के 10 ठिकानों पर एजेंसी द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया था।भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। विजयन के बेकरी जंक्शन स्थित किराए के आवास के बाहर जमकर हंगामा हुआ। ईडी अधिकारियों ने विजयन के आवास पर छापा पूरा कर लिया था और जब वे वहां से निकल रहे थे, तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके वाहनों को रोक दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आरोप है कि काफिला निकलने से पहले सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं ने ईडी के 3वाहनों को नुकसान पहुंचाया और उन पर पत्थर फेंके।

### ईडी के खिलाफ नारेबाजी भी की

बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह ईडी की तलाशी शुरू होने के बाद से ही पिनराई विजयन और उनके परिवार के सदस्य घर के अंदर मौजूद थे। तलाशी अभियान के बीच बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता आवास के बाहर जमा हो गए और केंद्र की भाजपा नीत सरकार तथा ईडी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने मुख्य गेट के जरिए परिसर में घुसने की भी कोशिश की, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया।

### ईडी ने कई जगहों पर ली तलाशी

ईडी ने केरल में जांच के तहत कई जगहों पर तलाशी ली है, जिनमें विजयन, उनकी बेटी वीणा विजयन और राज्य के पूर्व मंत्री व दामाद पीए मोहम्मद रियास के घर शामिल हैं। इन तलाशी अभियानों ने तुरंत ही एक राजनीतिक विवाद का रूप ले लिया, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे। सीपीआई (एम) के महासचिव एमए बेबी ने इन छापों की कड़ी निंदा की और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार जांच एजेंसियों के ज़रिए विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। एक बयान में, पार्टी ने कहा कि इन छापों का मकसद विजयन और सीपीआई (एम) को डराना है।

---

भुवनेश्वर में अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक संपन्न

# पश्चिम बंगाल के जनमानस के लिए अभिनंदन प्रस्ताव पारित

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की एक-दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित शिक्षा ओ अनुसंधान विश्वविद्यालय में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस बैठक में देशभर के सभी प्रांतों से प्रमुख कार्यकर्ताओं और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सर्वसम्मति



से अहम अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया, जिसका विषय हिंसा, भय और तुष्टिकरण की राजनीति को परास्त कर लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनः स्थापना के लिए पश्चिम बंगाल के जनमानस का अभिनंदन रहा। प्रतिनिधियों ने शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा, वैश्विक परिस्थिति एवं युवाओं से जुड़े विषयों पर चिंतन-मंथन किया।

---

**पीएम मोदी से 12 साल बाद मिले सीएम विजय**



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात सेवा तीर्थ में हुई है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों की तस्वीरें साझा की हैं। माना जा रहा है औपचारिक बातचीत के बाद तमिलनाडु के विकास पर चर्चा की है। कहा गया है कि सीएम विजय की पीएम मोदी से यह मुलाकात 12 साल बाद हुई है और सीएम बनने के बाद पहली बार हुई है।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने योजना को मंजूरी दी

# सरकार ने पीडीएस को आधुनिक बनाने 25,530 करोड़ मंजूर किए

### 5 साल के लिए लागू, 80 करोड़ नागरिकों को मिलेगा लाभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राशन दुकानों को समर्थन देने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को आधुनिक बनाने के लिए 25,530 करोड़ की सार्थक पीडीएस योजना योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना मार्च 2031 तक पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यह जानकारी दी। मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार के इस बड़े कदम का सीधा और सकारात्मक असर देश के उन 80 करोड़ नागरिकों पर पड़ेगा।



### पहला चरण

पहले चरण में सार्थक-योजना के साथ राज्य के भीतर खाद्यान्न परिवहन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता दी जाएगी। दुकानों के लिए समर्थन का प्रावधान होगा।

### दूसरा चरण

पीडीएस को आधुनिक बनाने स्मार्ट पीडीएस चरण के तहत तीन प्रमुख एआई-सक्षम मॉड्यूल का इस्तेमाल किया जाएगा।

**निर्मल:** एआई-संचालित वास्तविक समय पीडीएस लाभार्थी रजिस्ट्री। अंतर-मंत्रालय एकीकरण और क्रॉस-स्कीम अभिसरण।

**आशा:** कॉल, व्हाट्सएप, आईवीआरएस और चैटबॉट के माध्यम से बहुभाषी एआई शिकायत निवारण और नागरिक सहभागिता मंच। प्रतिदिन 3 लाख इंटरैक्शन तक स्केलेबल।

---

असम में यूसीसी बिल पास

# लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य व बहुविवाह पर लगेगा बैन

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम विधानसभा ने बुधवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पारित कर दिया। भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सोमवार को यह विधेयक सदन में पेश किया था। इसके साथ ही असम पूर्वोत्तर का पहला राज्य और उत्तराखंड और गुजरात के बाद भाजपा शासित तीसरा राज्य बन गया है जिसने इस तरह का कानून पारित किया है। विपक्ष के हंगामे के बीच विधेयक पारित हो गया। विपक्ष ने मांग की थी कि इस विधेयक को चयन समिति के पास भेजा जाए। 2026 के असम विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के प्रमुख वादों में से एक यूसीसी विधेयक था। अब लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा और बहुविवाह पर बैन लग जाएगा।

**अब यह भाजपा शासित तीसरा राज्य बना**

### मुख्यमंत्री सरमा ने जाहिर की खुशी

विधेयक पारित किए जाने पर मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आज मुझे आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता



हो रही है कि विधानसभा ने समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 पारित कर दिया है। उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम समान नागरिक संहिता अपनाने वाला तीसरा राज्य होगा। समान नागरिक संहिता को अपनाना हमारे चुनावी घोषणापत्र में शामिल प्रतिबद्धताओं में से एक था। हमें अत्यंत प्रसन्नता और गर्व है कि चुनाव के तुरंत बाद पहले सत्र में ही हम इस ऐतिहासिक विधेयक को पारित करने में सफल रहे। मैं अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने के लिए मैं विधानसभा के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं।

---

## सप्लाई चेन समान्य, घबराहट में पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद न करें

पश्चिम-एशिया संकट को लेकर गठित किए गए अंतर-मंत्रालयी समूह की छठी बैठक में बोले रक्षा मंत्री

# पेट्रोल-डीजल और उर्वरकों के साथ बनी रहेगी हर जरूरी चीज की उपलब्धता: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को राजधानी में पश्चिम-एशिया संकट पर गठित किए गए उच्च-स्तरीय अंतर मंत्रालयी समूह की छठी बैठक की अध्यक्षता की है। जिसमें उन्होंने पेट्रोल, डीजल, एलपीजी जैसे तमाम जरूरी पेट्रोलियम उत्पादों की देश में बनी हुई उपलब्धता और आपूर्ति श्रृंखलाओं के लचीलेपन की व्यापक रूप से समीक्षा की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कुछ जरूरी तथ्यों को साफ करते हुए कहा कि फिलहाल सप्लाई चेन की स्थिति सामान्य बनी हुई है। इसलिए आम जनता को किसी भी तरह के डर या आशंका के साथ पेट्रोल-डीजल या एलपीजी की खरीद करने की कोई आवश्यकता नहीं है। सरकार सभी जरूरी वस्तुओं और सेवाओं के संबंध में उपलब्धता को बनाए रखने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। बैठक में राजनाथ ने मुश्किल हालात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदर्शित किए गए सराहनीय नेतृत्व के लिए उनका धन्यवाद किया है।



### उभरते हालातों के बीच बनाए रखें तैयारी

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक में सिंह ने अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि वह मौजूदा संकट के मद्देनजर लगातार उभरते हुए हालातों के बीच अपनी तैयारियों को चाक-चौबंद बनाए रखें। उन्होंने जोर दिया कि देश में किसानों के लिए कृषि से जुड़े हुए उर्वरकों और अन्य जरूरी उत्पादों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनी हुई है। जो दर्शाता है भारत में खाने-पीने की चीजों के दाम अभी तक स्थिर बने हुए हैं। इसके अलावा पेट्रोल और डीजल की भी देशभर में आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में बनी हुई है।*

### तेल कंपनियों ने उठाया नुकसान

*संकट के दौर में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने वैश्विक बाजारों में बढ़ी तेल की कीमतों का भार आम उपभोक्ताओं पर न डालते हुए खुद ही उठाया है। उन्हें कुल करीब 550 करोड़ रुपए का प्रतिदिन के हिसाब से नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह स्थिति अकेले रिटेल से जुड़ी हुई नहीं है। बल्कि इसका संबंध औद्योगिक और वाणिज्यिक डीजल से भी है। हालांकि इस बीच कुछ डीलरों से जुड़े कालाबाजारी के मामले भी सामने आए हैं। जिससे निपटने के लिए तेल कंपनियों और राज्य सरकारों ने निगरानी बढ़ाई है। उद्योग संघ भी सतर्कता बरत रहे हैं।*

### बैठक में रही इनकी मौजूदगी

*बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। जिसमें मनोहर लाल खट्टर, जेपी नड्डा, हरदीप सिंह पुरी, प्रह्लाद जोशी, अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू, सर्बानंद सोनोवाल, मनसुख मांडविया और जितेंद्र सिंह शामिल हुए। इसके अलावा प्रमुख केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों की भी बैठक में मौजूदगी रही।*

यूएन में भारत ने पाक को किया बेनकाब

# सीमापार आतंकवाद को दे रहा बढ़ावा, हर हमले का देंगे मुंहतोड़ जवाब

पी. हरीश ने कहा कि पाकिस्तान, सीमापार आतंकवाद को वित्तपोषित कर बढ़ावा दे रहा है और यह संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का साफ उल्लंघन है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली


संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी राजदूत पी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस के दौरान पाकिस्तान को जमकर सुनाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, सीमापार आतंकवाद को वित्तपोषित कर बढ़ावा दे रहा है और यह संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व का साफ उल्लंघन है।

हरीश पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद के भारत विरोधी बयान का जवाब दे रहे थे। अहमद ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों को बनाए रखने पर बहस के दौरान यह बयान दिया था।

पाकिस्तान की ओर से हमले भारत की संप्रभुता का उल्लंघन

धार्मिक कट्टरवाद हिंसक चरमपंथ को बढ़ावा दे रहा पाक

जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान ने अपने सैनिकों को वापस नहीं बुलाकर यूएन की मांग को ठुकराया था


भारतीय राजदूत पी. हरीश

## भारत के खिलाफ बेबुनियाद बयानबाजी

भारतीय राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ कई बार बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। पाकिस्तान आतंकवाद, धार्मिक कट्टरवाद और हिंसक चरमपंथ को बढ़ावा दे रहा है और अपने गठन के बाद से ही भारत के खिलाफ बेबुनियाद बयानबाजी कर रहा है। भारत के पास पूरा अधिकार है कि वह पड़ोसी देश की तरफ से हो रहे हमलों का मुंहतोड़ जवाब दे।

### कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

हरीश ने स्पष्ट किया कि कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग बन गया है। यह उसके पूर्ण, कानूनी और अपरिवर्तनीय विलय के परिणामस्वरूप हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने कई युद्ध छेड़कर और सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित करके संप्रभुता का उल्लंघन किया है। सुरक्षा परिषद का 21 अप्रैल, 1948 का प्रस्ताव 47 पाकिस्तान को कश्मीर से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कहता है। पाकिस्तान ने इस मांग का पालन नहीं किया है।

### निहित स्वार्थों के कारण यूएनएससी में नहीं हो रहे सुधार

*पी. हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) 1945 की व्यवस्था में काम कर रही है। आठ दशक पुरानी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संरचना को बरकरार रखने और उसमें सुधार न करने के पीछे कुछ देशों के 'निहित स्वार्थ' हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कुछ सदस्य देशों का एक छोटा समूह बाधा डाल रहा है, जो स्वयं को यूनाइटिंग फॉर कंसेंसस (यूएफसी) कहते हैं। इस समूह का नेतृत्व इटली कर रहा है। इसमें पाकिस्तान भी शामिल है। यह समूह बातचीत को आगे बढ़ने से रोकने के लिए प्रक्रियात्मक दांव-पेच का इस्तेमाल करता है। उन्होंने ने कहा कि हमें सदस्यता की स्थायी श्रेणी पर ध्यान देना चाहिए और उसका विस्तार करना चाहिए, जिससे इस परिषद की निर्णय लेने की प्रक्रिया में बदलाव आएगा।*

### यूएन की प्रभावशीलता कम हो रही



यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि बदली हुई परिस्थितियों के अनुसार न ढलने से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अधिकार, विश्वसनीयता, वैधता और प्रभावशीलता और भी कम हो जाएगी। एक सुरक्षा परिषद जो आज की दुनिया की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से नहीं निभा सकती है।

## खबर संक्षेप

### हमास के सैन्य कमांडर ओदेह की मौत

**तेल अवीव।** इजराइल ने दावा किया है कि गाजा सिटी में रातभर चले उनके हमलों में हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद ओदेह की मौत हो गई है।



इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इसे हमास के सैन्य ढांचे पर बड़ा प्रहार बताया है। ओदेह को इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) और खुफिया एजेंसी शिन बेत के संयुक्त अभियान में मार गिराया गया। इजराइली सेना और खुफिया एजेंसियां बीते कई महीनों से उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहीं थीं। वह 7 अक्तूबर के नरसंहार का नेतृत्व करने वालों में शामिल था।

### बायजू संस्थापक रवींद्रन को 6 महीने जेल

**नई दिल्ली।** सिंगापुर की एक अदालत ने एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन को अदालत की अवमानना के मामले में 6 महीने की जेल की सजा सुनाई है।



उन पर संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज छिपाने और कोर्ट के आदेशों का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप है। कोर्ट ने जेल की सजा के साथ-साथ उन पर 70,500 डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। रवींद्रन पर अप्रैल 2024 से अपनी संपत्ति बिआर इन्वेस्टको की हिस्सेदारी से जुड़े दस्तावेज छिपाने और अदालत के निर्देशों को नजरअंदाज करने का दोषी पाया।

### ईरान में फंसे 10 भारतीय नाविक रिहा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग ने एमवी हार्बर फिनिक्स में मौजूद 10 भारतीय नाविकों की सफल रिहाई का ऐलान किया है।



ये नाविक जुलाई 2025 में ईरान के जस्क पोर्ट के पास जहाज रोके जाने के बाद हिरासत में लिए गए थे और बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया था। करीब 9-10 महीनों बाद ये रिहा हुए। सभी नाविक अब सुरक्षित हैं और जल्द ही उनकी भारत वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एमवी हार्बर फिनिक्स, 'पलाऊ' के झंडे वाला एक ऑयल टैंकर है।

भारत बनाएगा अगली पीढ़ी के स्वदेशी स्टील्थ फाइटर जेट, राफेल से भी होगा ताकतवर

# रक्षा मंत्रालय ने प्रोजेक्ट के लिए जारी किया 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल', 3 कंपनियों को भेजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत अब खुद अगली पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट बनाने की तैयारी में जुट गया है। इसी दिशा में रक्षा मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाते हुए एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) परियोजना के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल यानी आरएफपी जारी कर दिया है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की ओर से यह प्रस्ताव तीन बड़े भारतीय डिफेंस कंसोर्टियम और कंपनियों को भेजा गया है, जिनमें जिनमें लार्सन एंड टुब्रो-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज-भारत अर्थ मूवर्स लि. शामिल हैं। एक बार तीनों कंपनियों द्वारा अपना अनुरोध भेजने के बाद आगामी लगभग चार से पांच महीने में चयन की यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

यह सिर्फ एक आरएफपी नहीं बल्कि भारत के स्वदेशी पांचवी पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट प्रोगाम की शुरुआत का सबसे बड़ा औद्योगिक चरण माना जा रहा है। जिसे भविष्य की एयर डोमिनेंस और डीप स्ट्राइक मिशन को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जा रहा है। जिसके 2030 के मध्य से भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता की रीढ़ बनने की उम्मीद है।

**यह कदम सबसे बड़े औद्योगिक चरण की शुरूआत**

**1** भारत की हवाई ताकत में बड़ा इजाफा होगा

**2** 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन मजबूत होगा


नई पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की डिजाइन

### दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम

यह एक दो इंजन वाला स्टील्थ लड़ाकू विमान होगा, जिसमें उन्नत सेंसर प्रणाली, लो रडार क्रॉस सेक्शन, अंदरूनी हथियार रखने की सुविधा, आधुनिक एईएसए रडार, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक और नेटवर्क से जुड़ी युद्ध क्षमता जैसे आधुनिक फीचर्स होंगे। नया विमान दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देकर लंबी दूरी तक सटीक निशाना करने में सक्षम होगा।

### शक्तिशाली इंजन विकसित कर रहा भारत

इस प्रोजेक्ट का एमके-1 वर्जन विदेशी इंजन के साथ आ सकता है, जबकि भविष्य के एके-2 वेरिएंट में पूरी तरह स्वदेशी इंजन लगाने की योजना है, जिस पर सैन्य अनुसंधान और विकास संस्थान-डीआरडीओ और भारतीय इंडस्ट्री मिलकर काम कर रही हैं। इसके अलावा भारत ने एक फ्रांसीसी कंपनी के साथ मिलकर 110-120 केएन क्षमता का शक्तिशाली इंजन विकसित करने का फैसला किया है। यही इंजन भविष्य के स्वदेशी लड़ाकू विमानों में लगाया जाएगा। इस कदम से भारत की रक्षा तकनीक आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगी और विदेश पर निर्भरता कम होगी।

### एडीए संग काम करेंगी निजी कंपनियां

यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि लार्सन एंड टुब्रो ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत फोर्ज के साथ साझेदारी की है। इनकी बीईएमएल के साथ भी एक समझ बनी हुई है। सूत्रों ने कहा कि इस कवायद के तहत चुनी जाने वाली कंपनी एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) के साथ मिलकर काम करेगी। एडीए रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाली एक महत्वपूर्ण इकाई है। जो विमानों के प्रोटोटाइप का विकास करती है। वहीं, इस परियोजना के तहत सरकार की योजना यह है कि एम्का के कुल पांच प्रोटोटाइप विकसित किए जाने चाहिए।

### विश्व में चौथा देश होगा भारत

एएमसीए प्रोग्राम का उद्देश्य सिर्फ एक फाइटर जेट बनाना नहीं बल्कि भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करना है, जिनके पास अपनी पांचवीं पीढ़ी की लड़ाकू विमान क्षमता मौजूद है । इसके साथ ही यह प्रोजेक्ट भारत के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम, निजी क्षेत्र की भागीदारी और 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को भी नई मजबूती देगा।

भारत-कनाडा के बीच बनी सहमति

# 50 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य, सीईपीए वार्ता भी शीघ्र होगी


पीयूष गोयल और कनाडा के वाणिज्य और उद्योग मंत्री मनिंदर सिद्धू

एजेंसी ⏭ टोरंटो

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और कनाडा ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने और वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) वार्ता को संपन्न करने के अपने साझा लक्ष्य की पुष्टि की है।

टोरंटो के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में ग्लोबल अफेयर्स कनाडा, सीआईआई और एसोचैम द्वारा आयोजित कनाडा-भारत बिल्डिंग ब्रिजेज कार्यक्रम में उन्होंने इस वर्ष नवंबर में भारत के लिए टीम कनाडा व्यापार मिशन की घोषणा की। प्रस्तावित मिशन का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिज, परमाणु ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, डिजिटल अवसंरचना और उन्नत विनिर्माण जैसे सेक्टरों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए कनाडाई कंपनियों को भारत लाना है।

### कनाडाई कंपनियों को भारत आने का न्योता

*पीयूष गोयल ने टोरंटो में वरिष्ठ कनाडाई व्यापारिक नेताओं और संस्थागत निवेशकों के साथ उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना और कार्यनीतिक सेक्टरों में निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ावा देना था। पीयूष गोयल और कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के बीच अनौपचारिक बातचीत हुई। इसके बाद दोनों मंत्रियों की सह-अध्यक्षता में कनाडा-भारत निवेश गोलमेज सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में कनाडा के प्रमुख वित्तीय निवेशकों, जिनमें पेंशन फंड और बैंक शामिल थे, के साथ-साथ भारत और कनाडा दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गोयल ने हितधारकों को स्वच्छ ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, डिजिटल बुनियादी ढांचे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण जैसे सेक्टरों में भारत के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया।*

### कनाडाई कंपनियों के साथ की बैठक

पीयूष गोयल ने बीमा, खाद्य प्रसंस्करण, बैंकिंग और महत्वपूर्ण खनिज प्रसंस्करण सहित विभिन्न सेक्टरों की प्रमुख कनाडाई कंपनियों और प्रमुख वित्तीय निवेशकों के साथ व्यक्तिगत बैठकें भी कीं। उन्होंने भारत के व्यापक आर्थिक परिदृश्य, पिछले डेढ़ वर्षों में व्यापार समझौतों, उच्च विकास वाले सेक्टरों में अवसर, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित प्रतिभा की उपलब्धता और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का उदय पर जानकारी दी।

भारत से मंगोलिया पहुंचेगा बौद्ध धरोहर का संदेश

# पवित्र अवशेषों की उलानबटार में विशेष 'प्रदर्शनी' होगी आयोजित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, इंटरनेशनल बौद्ध कन्फेडरेशन (आईबीसी) और नई दिल्ली के नेशनल म्यूजियम के सहयोग से भगवान बुद्ध के प्रमुख शिष्यों अर्हत सारिपुत्र और अर्हत मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेषों की एक विशेष प्रदर्शनी मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन 1 से 10 जून तक गंडेन मठ में होगा। यह पहल भारत और मंगोलिया के बीच गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों की कड़ी है।



### पीएम ने किया था ऐलान

*पीएम मोदी ने 14 अक्टूबर 2025 को ऐलान किया था कि भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेष भारत से मंगोलिया भेजे जाएंगे। यह कदम दोनों देशों के बीच बौद्धिक और धार्मिक संबंधों को और गहरा करेगा। बौद्ध परंपरा में सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन को भगवान बुद्ध के सबसे प्रमुख शिष्यों में माना जाता है।*

ट्रैकिंग सिग्नल बंद कर लोड किया एलएनजी

# होर्मुज से सुरक्षित निकला भारत के लिए गैस ला रहा टैंकर, ओमान पहुंचा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी का लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) ले जा रहा एक और बड़ा टैंकर दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर चुका है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार इस गैस शिपमेंट की अगली मंजिल भारत है। कंपनी द्वारा संचालित टैंकर उम अल अश्तान ओमान के मस्कट शहर के उत्तर-पश्चिम में दोबारा देखा गया है। यह टैंकर पूरी तरह से एलएनजी गैस से लोड है और इसकी मंजिल भारत है।



### पोजीशन ब्रॉडकास्ट सिग्नल बंद रखा

*इस जहाज ने 2 मई को अपना ट्रैकिंग सिग्नल भेजना बंद कर दिया था। उस समय यह खाली था और होर्मुज के पूर्वी मुहाने के पास खड़ा था। इस दौरान इस जहाज ने फारस की खाड़ी में स्थित एडनॉक के दास आइलैंड एक्सपोर्ट प्लांट से गैस लोड की।*

निगरानी उपायों के आकलन के साथ ही उन्हें सुदृढ़ बनाने पर दिया जोर

# इसरो के पूर्व अध्यक्ष के साथ प्रधान ने परखी नीट-यूजी परीक्षा की तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद सरकार ने अब अगले महीने 21 जून को नीट-यूजी की पुनः परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। जिसे लेकर बीते कुछ दिनों से लगातार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्रालय में उच्च-स्तरीय बैठकें हो रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को भी एक बैठक बुलाई गई थी। जिसमें प्रधान ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन के साथ इस महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा के हर हाल में सफल आयोजन को लेकर जरूरी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की है। बैठक में मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी, राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### 5,400 से अधिक केंद्रों पर होगी परीक्षा



शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि अगले महीने फिर से होने वाली इस परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर छात्रों के लिए तमाम जरूरी बुनियादी सुविधाओं के पर्याप्त इंतजाम किए जाने चाहिए। जिसका उद्देश्य परीक्षा के दौरान छात्रों को अनुकूल माहौल प्रदान करना है। इस बार 21 जून को होने वाली यह परीक्षा पूरे देश में 550 शहरों में 5 हजार 400 से ज्यादा केंद्रों पर होनी तय की गई है।

### एनटीए ने दी उठाए गए कदमों की जानकारी

एनटीए के महानिदेशक ने बैठक में मौजूद सभी सदस्यों को परीक्षा सुरक्षा को पुख्ता बनाने और इसका सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए जरूरी अतिरिक्त कदमों से अवगत कराया है। जिसमें मौजूदा निगरानी तंत्रों का व्यापक मूल्यांकन और उन्हें अधिक बेहतर बनाने की योजनाएं भी शामिल हैं।

अमेरिका की ओर से मुख्य वार्ताकार होंगे ब्रेंडन लिंच

समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देंगे

# व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल एक जून को आएगा भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी दल अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए एक जून को चार दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे।



### कई क्षेत्रों पर बातचीत आगे बढ़ाई जाएगी

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों की इस बातचीत में अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन और आर्थिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।

### शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत करने पर बनी थी सहमति

भारत और अमेरिका ने 7 फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की थी। अब दोनों पक्षों को इस समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देना होगा। इस रूपरेखा ने व्यापक भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रूपरेखा के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी। उसने रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया था और समझौते के तहत शेष 25 प्रतिशत को घटाकर 18 प्रतिशत करना था। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने हाल ही में कहा है कि अमेरिका आने वाले महीनों में भारत के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को पूरा करने को लेकर आशावादी है।

तटरक्षक बलों ने समुद्र के रास्ते ड्रग्स तस्करी की कोशिश नाकाम की

# 1150 करोड़ की 115 किलो कोकीन जब्त, 3 विदेशी अरेस्ट, एक फरार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

गुजरात के मुंद्रा तट के पास भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने एक बड़े संयुक्त ऑपरेशन में करीब 1,150 करोड़ रुपए मूल्य की 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं। गुजरात डीजीपी डॉ. केएलएन राव ने बताया कि यह ऑपरेशन 25 और 26 मई की दरम्यानी रात को चलाया गया। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि गुजरात को ड्रग्स का गेटवे नहीं बनने देंगे।

ब्राजील से आई खेप दिल्ली भेजने की तैयारी थी


जब्त कोकीन संग तटरक्षक बल

### एमवी यूरोप जहाज पर दिखी थीं संदिग्ध गतिविधियां

भारतीय तटरक्षक बल की इंटरसेप्टर नौकाओं ने मुंद्रा तट से करीब पांच नॉटिकल मील दूर खड़े एक कंटेनर जहाज एमवी यूरोप पर संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। टीम ने देखा कि जहाज से कुछ बैग समुद्र में फेंके जा रहे हैं। जब इन बैगों की जांच की गई तो उनमें सफेद रंग का पाउडर मिला। कुल 115 पैकेट बरामद हुए, जिनका वजन लगभग एक-एक किलो था। शुरुआती जांच में इस पदार्थ की पहचान कोकीन के रूप में हुई। बरामद की गई कुल कोकीन का वजन करीब 115 किलो है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,150 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### जहाज कई देशों से होता हुआ भारत पहुंचा

*जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था। जहाज में नाइजीरिया की नागरिकता वाले दो आरोपी सवार थे, जिनमें से एक समुद्र में कूदकर फरार हो गया। पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि खेप दिल्ली के द्वारका में रहने वाले दो लोगों तक पहुंचाई जाने वाली थी। इनकी पहचान क्लैविन चुकवुमा (तंजानिया का नागरिक) और ब्यारुहांगा जेम्स (युगांडा का नागरिक) के रूप में हुई है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है।*

### संदिग्ध जहाज बंदरगाह लाया गया

*संदिग्ध कंटेनर जहाज को आगे की जांच के लिए बंदरगाह पर लाया गया है। फिलहाल भारतीय तटरक्षक बल, गुजरात एटीएस और अन्य एजेंसियां मिलकर पूरे नेटवर्क की जांच कर रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रग्स की खेप कहां से लाई गई थी और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। पिछले पांच वर्षों में भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एटीएस द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया यह 15वां सफल एंटी-नारकोटिक्स ऑपरेशन है।*



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## हीट स्ट्रोक-सन बर्न से बचने के कारगर उपाय



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मैं फील्ड जॉब करता हूं। कृपया बताएं कि हीट स्ट्रोक और स्किन सन बर्न से बचने के लिए मुझे क्या उपाय अपनाने चाहिए?**

**-हेमंत, बिलासपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप फील्ड जॉब करते हैं, इसलिए आपको इन दिनों अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। दिन के समय घर से बाहर निकलने से पहले पानी पीकर निकलें। साथ में अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। हर घंटे में पानी पीते रहें। बेहतर होगा कि सुबह शिकंजी या छाछ पीकर निकले। साथ ही संभव हो तो जब आप फील्ड में हों तब दोपहर में भी शिकंजी या छाछ पी लें। इसके अलावा सन बर्न से बचने के लिए पूरी स्किन को ढंक कर रखें। अगर पैदल जा रहे हैं तो छाते का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मेरा बीपी कभी हाई तो कभी लो हो जाता है। इसकी क्या वजह हो सकती है? बीपी नॉर्मल रखने के लिए कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-अविनाश, महासमुंद**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, जिससे ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। इसलिए आप अपना बीपी मॉनिटर करते रहें। पानी का सेवन अधिक करें। अगर बीपी लो हो रहा है तो बीच-बीच में इलेक्ट्रॉल भी पी सकते हैं। अगर बीपी हाई भी हो रहा है तो आप एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द रहता है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। कहीं यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुब्रत, रायपुर**

आपके लक्षण सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत हो रही है, क्योंकि सर्वाइकल में ही गर्दन में दर्द होता है और कई बार चक्कर भी आने लगते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। एक बार आप ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच कर बीमारी का पता लगाएंगे और उसका ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप तकिए का इस्तेमाल बंद कर दें और मोबाइल या लैपटॉप वर्क करते समय गर्दन सीधी रखें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। मुझे गर्मी के मौसम में सामान्य से बहुत अधिक पसीना आता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-विकास, दुर्ग**

यह समस्या कई लोगों में देखी जाती है, जिन्हें थोड़ी-सी गर्मी में पसीना निकलने लगता है, हाथों में पसीना आ जाता है। इसके लिए आप जरूर ध्यान रखें कि शरीर में पानी की कमी न होने दें। पानी अधिक पिएं। साथ ही कोशिश करें कि धूप में कम से कम बाहर निकलें। अगर निकल रहे हैं तो पानी की बोतल जरूर साथ रखें। इस तरह ही बचाव किया जा सकता है।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता रहता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-संचित, भोपाल**

आप बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि ऐसे मामले में बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। इसलिए आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह आपको गाइड करेंगे कि कौन-सी जांच करानी है या आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा-भरा सा महसूस होता है। तय समय के हिसाब से खाना खा तो लेता हूं, लेकिन ठीक से भूख नहीं लगती। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्र, रोहतक**

आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं चल रहा है, इसलिए आपको ऐसा लगता है। सबसे पहले अपना खान-पान सुधारना होगा। सुबह नाश्ते में जूस लेना चाहिए, दोपहर में खाने के साथ सलाद और दही लें। शाम को हल्का खाना लेना चाहिए। इसके अलावा बाजार का बना या घर में बना अधिक ऑइली खाने से फिलहाल परहेज करना चाहिए। रात में सोने से 3 घंटे पहले आपको खा लेना चाहिए। इस तरह बदलाव करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है नहीं तो आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।


डॉक्टर्स एडवाइस


हर साल 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूरी दुनिया में वर्ल्ड नो टोबैको-डे मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को तंबाकू के सेवन और स्मोकिंग करने से होने वाले गंभीर नुकसान के बारे में जागरूक करना है। आंकड़े बताते हैं कि तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन कैंसर, हार्ट डिजीज, फेफड़ों की बीमारी और समय से पहले मौत की बड़ी वजह बन चुका है। सिर्फ स्मोकिंग करने वाला व्यक्ति ही नहीं, बल्कि उसके आस-पास रहने वाले लोग भी इसके धुएं से प्रभावित होते हैं, जिसे पैसिव स्मोकिंग कहा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार तंबाकू शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है और लगातार सेवन करने से सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

स्पेशलः वर्ल्ड नो टोबैको-डे, 31 मई

हम सभी जानते हैं कि तंबाकू चबाने और धूम्रपान करने से कई तरह की गंभीर शारीरिक बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। बावजूद इसके लोग इसकी लत से खुद को मुक्त नहीं करते हैं। तंबाकू सेवन से किस-किस तरह की बीमारियां हो सकती हैं, इसकी लत से बचे रहना कितना आवश्यक है, इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स दे रहे हैं महत्वपूर्ण जानकारियां।


## धूम्रपान-तंबाकू के सेवन से बढ़ती है गंभीर बीमारियों की आशंका





### हार्ट पर पड़ता है बुरा असर

स्मोकिंग करने या तंबाकू के सेवन से हार्ट पर क्या असर पड़ता है, इस बारे में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एंड चेयरमेन मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स **डॉ. पुरुषोत्तम लाल** बताते हैं, 'स्मोकिंग और तंबाकू का सीधा असर हार्ट और ब्लड वेसल्स पर पड़ता है। तंबाकू में मौजूद हानिकारक रसायन धीरे-धीरे धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे ब्लड फ्लो प्रभावित होने लगता है। इसकी वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, धमनियां संकरी हो सकती हैं और हार्ट अटैक के साथ ही स्ट्रोक का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सीने में दर्द, दिल की धड़कन अनियमित होना और हार्ट की कार्यक्षमता कम होने जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। चिंता की बात यह है कि अब कम उम्र के लोगों में भी हार्ट डिजीज तेजी से बढ़ रही हैं, जिसकी बड़ी वजह तंबाकू सेवन और खराब लाइफस्टाइल है। अगर समय रहते तंबाकू छोड़ दिया जाए, तो हार्ट पर पड़ने वाला दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है और गंभीर हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे को घटाया जा सकता है।'



### लंग्स के लिए बहुत खतरनाक

तंबाकू का सेवन और खासतौर पर स्मोकिंग का हमारे फेफड़ों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। यह लंग्स को धीरे-धीरे कमजोर कर देते हैं। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. प्रीतपाल कोर** डिटेल में बताती हैं, 'स्मोकिंग के दौरान निकलने वाला धुआं फेफड़ों की नलियों और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे सांस लेने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सांस फूलना, लगातार खांसी, बलगम बनना, अस्थमा और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक तंबाकू सेवन करने से फेफड़ों में बार-बार संक्रमण हो सकता है और लंग कैंसर का जोखिम भी कई गुना बढ़ जाता है। कई बार लोगों को शुरुआती लक्षणों का पता ही नहीं चलता और बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है। यही वजह है कि जब तक मरीज डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, तब तक फेफड़े काफी प्रभावित हो चुके होते हैं। इसलिए फेफड़ों को स्वस्थ रखने और बेहतर जीवन के लिए तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन छोड़ना बेहद जरूरी है।'

### बढ़ता है कैंसर का रिस्क

तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन करना कैंसर की आशंका को बहुत बढ़ा देता है। इस बारे में मैनेजिंग डायरेक्टर-कैंसर हीलर सेंटर **डॉ. तरंग कृष्णा** कहते हैं, 'तंबाकू शरीर में कैंसर पैदा करने वाले सबसे बड़े कारणों में से एक माना जाता है। सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा या किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन शरीर की कोशिकाओं को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, जीभ, फेफड़े, भोजन नली, पेट और ब्लैडर कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है। कई बार लोग सिर्फ स्मोकिंग को ही खतरनाक मानते हैं, लेकिन बिना धुआं वाले तंबाकू उत्पाद भी उतने ही नुकसानदायक होते हैं। मुंह में लंबे समय तक तंबाकू रखने से सफेद दाग, छाले, मुंह कम खुलना और बार-बार घाव होना जैसे शुरुआती संकेत दिखाई दे सकते हैं, जिन्हें लोग अकसर नजरअंदाज कर देते हैं। यही छोटे लक्षण आगे चलकर गंभीर कैंसर का रूप ले सकते हैं। चिंता की बात यह है कि आज युवाओं और कम उम्र के लोगों में भी तंबाकू से जुड़े कैंसर तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर शुरुआती स्टेज में बीमारी पकड़ में आ जाए तो इलाज की संभावना बेहतर रहती है, लेकिन देर होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय-समय पर जांच करानी चाहिए। सबसे जरूरी बात यह है कि तंबाकू छोड़ने के बाद शरीर खुद को धीरे-धीरे रिपेयर करना शुरू कर देता है और कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का खतरा कम होने लगता है।'



### तंबाकू छोड़ना है जरूरी

अगर आप किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं तो न भूलिए कि आप यहां बताई गई खतरनाक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। ऐसे में तंबाकू सेवन छोड़ने का फैसला आपके जीवन का सबसे बड़ा और सकारात्मक कदम हो सकता है। तंबाकू छोड़ने के कुछ ही समय बाद शरीर में अच्छे बदलाव दिखने शुरू हो जाते हैं। धीरे-धीरे फेफड़ों और हार्ट पर पड़ने वाला दबाव कम होने लगता है और गंभीर बीमारियों का खतरा भी घटने लगता है। तंबाकू छोड़ने से शरीर ज्यादा सक्रिय महसूस करता है, सांस लेने में आसानी होती है और व्यक्ति मानसिक रूप से भी बेहतर महसूस करता है। हालांकि लंबे समय से तंबाकू सेवन करने वाले लोगों के लिए यह आदत छोड़ना आसान नहीं होता, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति, परिवार के सहयोग और सही सलाह से यह संभव है। नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और तनाव कम करने वाली गतिविधियां तंबाकू की लत छोड़ने में काफी मदद कर सकती हैं। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर या काउंसलर की मदद लेना भी फायदेमंद हो सकता है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

### जागरूकता और संकल्प का दिन

विश्व तंबाकू निषेध दिवस केवल जागरूकता फैलाने का अभियान नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने का अवसर भी है। यह दिन समाज को यह संदेश देता है कि तंबाकू से दूरी बनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। खासतौर पर युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए परिवार, स्कूल और समाज को मिलकर काम करने की जरूरत है। अगर सही समय पर लोग इस आदत से दूरी बना लें, तो वे अपने साथ-साथ अपने परिवार को भी बेहतर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं।



अवेयरनेस

डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजिशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

इन दिनों अफ्रीका के कांगो, सूडान और युगांडा देशों में इबोला वायरस संक्रमण की खबरें आ रही हैं। यह जानलेवा संक्रामक रोग है। हालांकि अपने देश में अभी इसका कोई मामला नहीं आया है लेकिन इस बारे में सही जानकारी और सावधानी बरतना जरूरी है।

## इबोला वायरस का संक्रमण सही जानकारी-सावधानी है जरूरी



इबोला वायरस का बुंडी बुग्यो स्ट्रेन बेहद संक्रामक और घातक है, जिसके चलते अफ्रीका के कुछ देशों में सैकड़ों लोग संक्रमित ही नहीं, मौत का शिकार भी हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों के तहत इसे ग्लोबल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया है। यानी यह लोगों की सेहत से जुड़ी ऐसी इमरजेंसी है, जिस पर पूरी दुनिया को तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

**सरकार ने जारी किए निर्देशः** हालांकि भारत में फिलहाल इबोला का कोई प्रकोप नहीं है, लेकिन बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने भी अफ्रीका के कांगो, युगांडा और साउथ सूडान देशों को हाई रिस्क कंट्री की कैटेगरी में रखा है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा और वैश्विक संपर्क के कारण सतर्कता बढ़ा दी है। एयरपोर्ट्स पर स्क्रीनिंग, संदिग्ध यात्रियों की निगरानी और स्वास्थ्य विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरकार ने देश के नागरिकों को हालात सामान्य होने तक इन देशों की गैर-जरूरी यात्रा न करने की भी अपील की है।

**क्या है इबोला वायरसः** अफ्रीकी देशों में पाया जाने वाला जानलेवा और यह बेहद संक्रामक ऑर्थोवायरस है। सन् 1976 में पहली बार पहचाने गए इबोला वायरस के अब तक कुल पांच मुख्य स्ट्रेन आए हैं। इनमें से बुंडी बुग्यो भी एक है जो इन दिनों कांगो और युगांडा में कहर बरपा रहा है। इबोला वायरस संक्रमित व्यक्ति के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे शरीर में ब्लीडिंग और ऑर्गन फेलियर होने लगते हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक इबोला वायरस से संक्रमित मरीजों में औसतन 50 प्रतिशत की मौत हो सकती है। इसलिए वैश्विक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है।

**कैसे फैलता है वायरसः** इबोला वायरस इंसानों और प्राइमेट्स (जैसे चिंपैंजी और गोरिल्ला) को अपना शिकार बनाता है। यह वायरस डायरेक्ट कॉन्टेक्ट यानी संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्लूड के संपर्क में आने से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है जैसे- रक्त, आंसू, पेशाब, पसीना, लार, उल्टी, मल-मूत्र, वीर्य और सेक्सुअल इंटरकोर्स, कई मामलों में ब्रेस्ट मिल्क से भी। इसके अलावा संक्रमित कपड़े, बिस्तर और दूसरे सामान छूने से भी इबोला वायरस का इंफेक्शन हो सकता है।

**इन्क्यूबेशन पीरियडः** बुंडी बुग्यो इबोला वायरस शरीर में पहुंचने के बाद बीमारी के लक्षण दिखने में 2-21 दिन तक लग सकते हैं। जब तक संक्रमित व्यक्ति में लक्षण नजर नहीं आते, तब तक वह बीमारी नहीं फैलाता।

**प्रमुख लक्षणः** शुरुआत में इसके लक्षण सामान्य बुखार जैसे लग सकते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकता है। पहले हल्का फिर तेज बुखार, थकान, बेचैनी, कमजोरी, मसल्स क्रैंप, बदन दर्द, सिर दर्द, गला खराब या खराश होना। संक्रमण बढ़ने पर किडनी-लिवर फंक्शन प्रभावित होता है। जिससे मरीज को उल्टी, डायरिया, पेट दर्द, त्वचा में रैशेज या जॉन्डिस होना, आंखों में लालिमा, सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। एडवांस या गंभीर स्थिति में शरीर के आंतरिक और बाहरी ब्लीडिंग हो सकती है। आंखों में ब्लीडिंग होने से सडेन लॉस ऑफ विजन हो सकता है, रैनिल हैमरेज हो सकता है। यूरिन में ब्लड आ सकता है यानी हैमिचुरया हो सकता है। इंजेक्शन लगाने वाली जगह से, मसूड़ों से, उल्टी या मल में भी ब्लड आ सकता है। लिवर फेलियर, किडनी फेलियर या मल्टी-ऑर्गन फेलियर की वजह से मरीज की मौत भी हो सकती है। संक्रमण के लक्षण सामान्य बुखार से मिलते-जुलते होते हैं। इसीलिए इसे पहचानना मुश्किल होता है। किसी क्षेत्र में संक्रमण आउटब्रेक चल रहा हो, तो मरीज का इबोला संक्रमित होने के अंदेशे और लक्षणों के आधार पर पहचाना जा सकता है।


**कैसे होता है डायग्नोजः** मरीज का फिजिकल एग्जामिनेशन किया जाता है। लक्षणों पर गौर कर आरटीपीसीआर टेस्ट से होती है। ब्लड प्लेटलेट्स कम हो सकते हैं। आईजीजी, आईजीएम टेस्ट भी किए जाते हैं।

**कैसे होता है उपचारः** इबोला के लिए कोई विशेष इलाज नहीं है। मेडिकल इंटरवेंशन से मरीज को आइसोलेट करके मैनेज किया जाता है। मरीज की स्थिति के हिसाब से एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं। मरीज को जाइरेनसी ऑर्थो-इबोला वैक्सीन भी दी जा सकती है, जो एफडीए ग्रूव है और इबोला स्ट्रेन के उपचार में काफी प्रभावी है। इबोला संक्रमण होने की स्थिति में आम तौर पर सपोर्टिव केयर की जाती है। डिहाइड्रेशन या मरीज के शरीर में पानी की कमी पूरी करने के लिए मुंह या फिर नसों के जरिए लिक्विड दिए जाते हैं। फेफड़ों को नुकसान होने पर सांस लेने में दिक्कत होने की स्थिति में ऑक्सीजन दी जाती है। चेस्ट इंफेक्शन होने पर एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। लो ब्लडप्रेशर को मेंटेन करने के लिए फ्लूड दिए जाते हैं। *




प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

### कैसे करें बचाव



इससे बचाव के इन उपायों पर अमल करें।

- संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्लूड्स से बचें।
- सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखें।
- हाथ न मिलाएं। मास्क पहनें।
- संक्रमित व्यक्ति की वस्तुओं को छूने समय एहतियात बरतें। यथासंभव ग्लव्स पहनें या अच्छी तरह हाथ धोएं।
- अगर किसी बच्चे को संक्रमण हो रहा है, तो मां के पास ही रखें, दूसरे लोगों के पास न जाने दें।
- संक्रमित व्यक्ति कफ-एटीकेट, हैंडवॉश प्रोटोकॉल अपनाएं।
- जंगली जानवरों के संपर्क से बचें। कच्चे मांस का सेवन बिल्कुल न करें।
- स्वास्थ्यकर्मी पर्सनल प्रोटेक्टिव गेयर यानी पीपीई किट (दस्ताने, मास्क और सुरक्षात्मक कपड़े) पहनें।
- इबोला संक्रमित मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार करते हुए पूरी एहतियात बरतें क्योंकि विशेषज्ञ मानते हैं कि मृत शरीर भी संक्रामक होता है।
- इबोला वायरस के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें। किसी भी तरह की आशंका हो तो यथाशीघ्र डॉक्टर को कंसल्ट करें।






ऑरेंज कैप
साई सुदर्शन
652 रन
गुजरात


पर्पल कैप
भुवनेश्वर कुमार
26 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### एशियाई रिले की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** चंडीगढ अगले साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स रिले और भुवनेश्वर 2028 एशियाई इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई एथलेटिक्स संघ (एएए) की कार्यकारी परिषद की हांगकांग में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। यह बैठक 28 से 31 मई तक होने वाली एशियाई अंडर 20 चैंपियनशिप से पहले आयोजित की गई थी। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और हांगकांग में एएए की बैठक में भाग लेने वाले आदिले सुमरिवाला ने कहा,' भारत को एशियाई रिले की मेजबानी मिली है, जो चंडीगढ़ में 2027 में होगी। वहीं एशियाई इंडोर चैंपियनशिप 2028 में भुवनेश्वर में होगी।' भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पिछले साल दोनों टूर्नामेंटों की मेजबानी के लिये दावा किया था ।

### सरीन ने ईस्पोर्ट्स विश्व कप में किया क्वालीफाई



**मुंबई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने चैंपियंस शतरंज टूर (सीसीटी) लीडरबोर्ड के जरिए पेरिस में होने वाले आगामी ईस्पोर्ट्स विश्व कप (ईडब्ल्यूसी) की शतरंज स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ईस्पोर्ट्स और गेमिंग कंटेट कंपनी एस8यूएल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरीन अब तक इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं और अपने साथी अरविंद चिदंबरम के साथ शामिल हो गए। इस साल 11 से 15 अगस्त तक चलने वाली ईडब्ल्यूसी शतरंज प्रतियोगिता में 14.3 करोड़ रुपए (15 लाख डॉलर) की पुरस्कार राशि होगी। ईडब्ल्यूसी कुल मिलाकर 6 जुलाई से 23 अगस्त तक चलेगा, जिसमें 100 से ज्यादा देशों के 200 क्लबों के 2 हजार से ज्यादा खिलाड़ी 718 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगे। सीसीटी सत्र की दो मुख्य स्पर्धा स्पीड शतरंज चैंपियनशिप 2025 और शतरंज डॉट ओपन 2026 शामिल हैं।

### दिग्गज शूटर रणधीर सिंह का निधन



**नई दिल्ली।** अनुभवी खेल प्रशासक और एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का उम्र संबंधित बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया, जिससे भारतीय खेल जगत के एक ऐसे युग का अंत हो गया, जिस पर उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद 79 वर्ष के सिंह नेअपने आवास पर अंतिम सांस ली। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी विनीता और तीन बेटियां महिमा, सुनयना और राजेश्वरी हैं। राजेश्वरी भी एक निशानेबाज हैं। स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के कारण सिंह ने हाल में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 2024 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था जबकि वह 1991 से 2015 तक इस संस्था में महासचिव रह चुके थे।

# आईसीसी रैंकिंग : बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने लगाई जबरदस्त छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने ताजा आईसीसी मेंस टेस्ट रैंकिंग में काफी सुधार किया है। अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम उन खिलाड़ियों में से एक रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा फायदा हुआ।

दाएं हाथ के 39 वर्षीय बल्लेबाज ने पाकिस्तान के विरुद्ध टेस्ट सीरीज की चार पारियों में सर्वाधिक 259 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ मुशफिकुर रहीम ने बल्लेबाजी रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग लगाते हुए संयुक्त रूप से 16वां स्थान हासिल कर लिया है। इनके अलावा, बांग्लादेशी बल्लेबाज लिटन दास को भी जबरदस्त फायदा मिला, जिन्होंने सीरीज के दौरान 239 रन बनाकर 14 स्थान की छलांग लगाई और 24वें स्थान पर पहुंच गए।

पाकिस्तान को क्लीन स्वीप करने का मिला फायदा



### बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास ने मारी छलांग

इतना ही नहीं बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने भी 14 स्थानों की छलांग मारी है। वे अब 650 की रेटिंग के साथ नंबर 24 पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम को भी केवल एक ही स्थान का फायदा मिला है, वे 22वें नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 663 की है। सलमान अली आगा को भी दो स्थानों का हल्का सा फायदा हुआ है। वे अब 27वें स्थान पर हैं। इनके आगे जाने से कई बल्लेबाजों को नुकसान उठाना पड़ा है।

### बांग्लादेशी गेंदबाजों को भी फायदा

इस सीरीज के बाद बांग्लादेशी गेंदबाजों को भी फायदा मिला है। बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम को आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 2 स्थान का फायदा मिला, जिन्होंने 11वें स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग भी हासिल कर ली। ऑफ-स्पिनर मेहदी हसन मिराज दो स्थान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने 10 स्थान की छलांग लगाकर 54वां स्थान हासिल किया। तैजुल इस्लाम ने आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में भी 3 पायदान की छलांग लगाते हुए 29वां स्थान हासिल कर लिया। दूसरी तरफ, सीरीज में हार के बावजूद, पाकिस्तानी तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद सिलहट में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में वापसी के बाद आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 49वें स्थान पर फिर से शामिल हो गए।




### टेस्ट के नंबर एक बल्लेबाज रूट

इस बीच इंग्लैंड के जो रूट अभी भी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। उनकी रेटिंग 880 की है। 857 की रेटिंग के साथ हैरी ब्रूक दूसरे नंबर पर हैं। ट्रेविड हेड की रेटिंग 853 है और वे नंबर तीन पर हैं। स्टीव स्मिथ 831 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बने हुए हैं। केन विलियमसन नंबर 5 पर हैं। टॉप 5 में कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं है। भारत के लिए बेस्ट रैंकिंग वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं, जिनकी रेटिंग अभी 750 की है और वे आठवें नंबर पर हैं। शुभमन गिल 730 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं।

## एलिमिनेटर : आरआर ने एसआरएच को 47 रन से हराया

# वैभव के 'तूफान' में उड़ी सनराइजर्स 'क्वालीफायर-2' में राजस्थान

अब 29 को होगी टाइटंस से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल के तूफानी अर्धशतक के बाद जोफ्रा आर्चर की धारदार गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रन से हरा दिया। रॉयल्स के 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स की टीम आर्चर (58 रन पर 3 विकेट), रविंद्र जडेजा (21 रन पर 2 विकेट) और नांद्रे बर्गर (26 रन पर 2 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19.2 ओवर में 196 रन पर सिमट गई और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। टीम की ओर से नीतीश कुमार रेड्डी ने सर्वाधिक 38 रन बनाए जबकि सलील अरोड़ा (35) और इशान किशन (33) ने भी उपयोगी पारियां खेली लेकिन टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। रॉयल्स की टीम अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी।



### जुरेल ने 20 गेंद पर पूरा किया अर्धशतक

जुरेल ने हिंगे पर छक्के के साथ सिर्फ 20 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगली गेंद को हवा में खेलकर नीतीश कुमार रेड्डी को कैच दे बैठे। कप्तान रियान पराग (26) ने हुसैन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ 15वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया। वह हालांकि अगले ओवर में हिंगे की गेंद पर हेनरिक क्लासेन को कैच दे बैठे। दासुन शनाका भी पांच रन बनाने के मलिंगा की गेंद अभिषेक के हाथों लपके गए जबकि डोनोवन फरेरा 12 रन बनाकर रन आउट हुए।

### वैभव की बेहतरीन पारी का दर्दनाक अंत

*वैभव सूर्यवंशी ने 97 रन तो 28 गेंदों में ही बना लिए थे और आईपीएल में सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए उन्हें अगली गेंद पर कम से कम एक चौके की जरूरत थी, मगर वह उस गेंद पर प्रफुल हिंगे की गेंद पर रवचिंद्रन स्मरण को डीप थर्ड मैन पर कैच थमा बैठे और 30 गेंदों में गेल के सबसे तेज आईपीएल शतक का रिकॉर्ड तोड़ने से पीछे रह गए। 97 रन के स्कोर पर पहुंचकर सूर्यवंशी की नजर शतक पर थी। शतक पूरा करने की चाह में उन्होंने एक बाउंसर पर 'अपर कट' लगाया, लेकिन गेंद सीधे स्मरण के हाथों में चली गई और इसी के साथ उनकी पारी का भी अंत हो गया। सूर्यवंशी को अपने विकेट का यकीन नहीं हुआ। सूर्यवंशी दस सेकंड से भी ज़्यादा समय तक पिच पर जड़ की तरह खड़े रहे। वह यह समझने की कोशिश करते हुए कि अभी-अभी क्या हुआ था।*

### सूर्यवंशी और जायसवाल ने की 125 रन की साझेदारी

सूर्यवंशी ने यशस्वी जायसवाल (29) के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ आठ ओवर में 125 रन जोड़कर रॉयल्स को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 54 रन देकर 3 विकेट चटकाए। कप्तान पैट कमिंस ने 4 ओवर में 64 जबकि साकिब हुसैन ने 4 ओवर में 52 रन लुटाए। रॉयल्स की टीम हालांकि अंतिम 4 ओवर में 34 रन ही बना सकी।

### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का अभिषेक बो शिवांग | 29 | 29 | 4 | 0 |
| वैभव सूर्यवंशी का स्मरण बो हिंगे | 97 | 29 | 5 | 12 |
| ध्रुव जुरेल का रेड्डी बो हिंगे | 50 | 21 | 5 | 3 |
| रियान का क्लासेन बो हिंगे | 26 | 12 | 2 | 2 |
| डोनोवन फरेरा रन आउट | 12 | 9 | 1 | 0 |
| शनाका का अभिषेक बो मलिंगा | 05 | 3 | 1 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 12 | 9 | 1 | 0 |
| आर्चर का अभिषेक बो नितीश | 04 | 5 | 1 | 0 |
| नांद्रे बर्गर रन आउट | 01 | 1 | 0 | 0 |
| सुशांत मिश्रा नाबाद | 01 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 06, कुल:20 ओवर में 243/8
गेंदबाजी: कमिंस 4-0-64-0, मलिंगा 4-0-40-1, हुसैन 4-0-52-0, हिंगे 4-0-54-3, शिवांग 2-0-19-1, नीतीश 2-0-12-1

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का जुरेल बो आर्चर | 00 | 2 | 0 | 0 |
| ट्रेविस हेड बो आर्चर | 17 | 8 | 2 | 1 |
| इशान का फरेरा बो आर्चर | 33 | 11 | 3 | 3 |
| रविचंद्रन का आर्चर बो बर्गर | 01 | 4 | 0 | 0 |
| क्लासेन पगबाधा बो यश | 18 | 10 | 2 | 1 |
| रेड्डी का शनाका बो जडेजा | 38 | 20 | 3 | 2 |
| अरोड़ा का बर्गर बो जडेजा | 35 | 21 | 2 | 2 |
| कमिंस का आर्चर बो मिश्रा | 01 | 2 | 0 | 0 |
| शिवांग का सूर्यवंशी बो मिश्रा | 27 | 24 | 3 | 0 |
| मलिंगा का आर्चर बो बर्गर | 05 | 8 | 0 | 0 |
| साकिब हुसैन नाबाद | 05 | 7 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 16, कुल:19.2 ओवर में 196/10 रन
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-58-3, बर्गर 3-0-26-2, ब्रिजेश 3-0-31-0, यश 4-0-39-1, मिश्रा 2.2-0-21-2, जडेजा 3-0-21-2

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में लय हासिल करने पर भारत की निगाहें

वुमेंस टी-20 क्रिकेट : इंग्लैंड के खिलाफ आज से 3 मैचों की श्रृंखला



एजेंसी ▶▶| चेम्सफोर्ड

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी अंतिम तैयारी के तौर पर गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैच की श्रृंखला में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ अपनी निरंतरता दोबारा हासिल करने और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन तय करने की कोशिश करेगी। टी20 विश्व कप 12 जून से शुरू हो रहा है और इस वैश्विक टूर्नामेंट को देखते हुए हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए यह दौरा और भी ज्यादा अहम हो जाता है। भारतीय टीम ने पिछले एक साल में कई बार शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन लगातार लय बनाए रखने में उसे संघर्ष करना पड़ा है।

### टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियां मिली-जुली

टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियां मिली-जुली रही हैं। टीम ने पिछले साल दिसंबर में घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत के साथ शुरुआत की थी। इसके बाद टीम ने ऑस्ट्रेलिया में इतिहास रचते हुए 2-1 से टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती, इस तरह उसने एक दशक में वहां पहली द्विपक्षीय सीरीज जीती। ऑस्ट्रेलिया में मिली यह जीत उस टीम के लिए एक बड़ा कदम मानी गई, जिसे अक्सर विदेशों में खासकर दबाव वाले हालात में संघर्ष करना पड़ता था।

फ्रेंच ओपन

# सिनर की 30वीं जीत, दूसरे दौर में धमाकेदार एंट्री



एजेंसी ▶▶| पेरिस

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी यानिक सिनर पिछले साल की निराशा वाली जगह पर एक शानदार प्रदर्शन के साथ लौटे और फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में धमाकेदार एंट्री की।

इटैलियन खिलाड़ी सिनर ने अपने पहले राउंड के मुकाबले में फ्रेंच वाइल्ड कार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6-1, 6-3, 6-4 से हराकर एक जबरदस्त प्रदर्शन किया। लाल बजरी पर सिनर की इस पहली जीत ने उन्हें इस सदी में लगातार 30 या उससे ज्यादा मैच जीतने वाले पुरुषों की एक छोटी सी लिस्ट में शामिल कर दिया है, जिसमें रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच भी शामिल हैं।

### एक साल पहले इसी कोर्ट में हारे थे सिनर

सिनर के लिए, फ्रेंच ओपन में वापसी सिर्फ़ एक आम पहले राउंड के मुकाबले से कहीं ज्यादा मायने रखती थी। 12 महीने पहले, इसी कोर्ट पर उन्हें अपने करियर की सबसे दर्दनाक हार में से एक का सामना करना पड़ा था, जब फाइनल में कार्लोस अल्काराज के खिलाफ उन्होंने तीन चैंपियनशिप पॉइंट गंवा दिए थे। लेकिन अगर उस हार के कोई जख्म बाकी भी थे, तो टैबुर के खिलाफ उनके शांत और सधे हुए प्रदर्शन में उनका कोई निशान नहीं दिखा।

### वापस आकर बहुत खुश हूं : सिनर

सिनर ने कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले राउंड के मैच कभी आसान नहीं होते, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत करना और भी खास होता है।

# कपिल देव की पहल से भारतीय गोल्फ में हो रहा बदलाव : जोहल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सीईओ अमनदीप जोहल ने कहा है कि पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की भारतीय गोल्फ में बड़े प्रायोजक लाने और इनामी राशि बढ़ाने की कोशिश से देश के खिलाड़ियों के लिए ओलंपिक में क्वालीफाई करने और दुनिया भर में मुकाबला करने के बेहतर रास्ते बन रहे हैं। जून 2024 में भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) का अध्यक्ष बनने के बाद से कपिल ने भारत में गोल्फ के क्षेत्र में बड़ा वित्तीय और संचालन बदलाव किया है।

### इनामी राशि में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी

जोहल ने कहा, 'कपिल देव के नेतृत्व में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई भारत में पेशेवर गोल्फ खेलने के तरीके को बदल रहा है। सबसे पहले यह इनामी राशि बढ़ाकर और पूरे देश में होने वाले टूर्नामेंट की संख्या बढ़ाकर ऐसा कर रहा है। पिछले एक साल में हमने प्रतियोगिताओं की संख्या के साथ-साथ इनामी राशि में भी लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई है।' उन्होंने कहा, 'गोल्फ समुदाय कपिल देव का आभारी है कि उन्होंने अपना नाम इस खेल से जोड़ा और इसके विकास में अपना पूरा जोर लगाया।

अगस्त में होने वाले विश्व कप से पहले अहम टूर्नामेंट

# एफआईएच प्रो लीग में हरमनप्रीत की वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान और शानदार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगले महीने होने वाली एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करने के लिए वापसी हुई। एफआईएच प्रो लीग अगस्त में होने वाले विश्व कप से पहले तैयारी के लिए एक अहम टूर्नामेंट होगा।



हरमनप्रीत ने निजी कारणों का हवाला देते हुए फरवरी में प्रो लीग का होबार्ट चरण नहीं खेला था। भारतीय टीम 7 से 9 जून तक ट्रेनिंग और एक मैत्री मैच के लिए ब्रसेल्स जाएगी। इस संक्षिप्त शिविर के बाद भारतीय टीम प्रो लीग के मुकाबलों के लिए 10 जून से नीदरलैंड के रॉटरडैम में रहेगी, जहां उसे उसे 14 से 21 जून के बीच जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसके बाद भारतीय टीम लंदन जाएगी, जहां 23 से 28 जून तक प्रो लीग में उसका मुकाबला पाकिस्तान और इंग्लैंड से होगा। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का एक अच्छा मिश्रण है ताकि 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले मुख्य टीम को और मजबूत बनाया जा सके।

## प्रज्ञानानंदा और कार्लसन 1.5-1.5 अंक से निचले पायदान पर

# नॉर्वे चेस : भारतीय चुनौती कमजोर, गुकेश-प्रज्ञानानंदा निराश

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

भारतीयों के लिए नॉर्वे शतरंज का दूसरा दिन निराशाजनक रहा, जिसमें विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने आर्मागेडन दौर में वेस्ली सो के सामने घुटने टेक दिए तो वहीं आर.प्रज्ञानानंदा को शानदार फॉर्म में चल रहे फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा से हार मिली। फिरोजा ने लगातार दो जीत से 6 अंक से टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन को एक बार फिर जर्मन के विंसेंट कीमर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन सात बार के चैंपियन ने आखिरकार आर्मागेडन में जीत हासिल कर ली। दूसरे दौर के आर्मागेडन दौर में निराशाजनक नतीजे के बावजूद गुकेश 2.5 अंक से वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने रहे। प्रज्ञानानंदा और कार्लसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 1.5-1.5 अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रहे।



### आर्मागेडन हार से काफी निराश गुकेश

गुकेश आर्मागेडन हार से काफी निराश थे, जो उनके चेहरे से साफ झलक रहा था। वह मैराथन क्लासिकल मुकाबले में दबाव बनाए हुए थे और ऐसा लग रहा था कि वह जीत की ओर आसानी से बढ़ रहे हैं, लेकिन सो किसी तरह 116 चाल में मैच ड्रॉ कराने में कामयाब रहे। इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने आर्मागेडन में भारतीय खिलाड़ी को पूरी तरह से पछाड़ दिया और 1.5 अंक हासिल किए और विश्व चैंपियन को निराश कर दिया।

### 'आर्मागेडन' के खेलने में बहुत मजा आ रहा

दिव्या ने कहा, 'मुझे यहां 'आर्मागेडन' के खेलने में बहुत मजा आ रहा है मुझे



'क्लासिकल' भी पसंद आ रहे हैं क्योंकि उनमें समय की कोई अतिरिक्त बढ़त नहीं मिलती। यह मेरा पहला नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट है, इसलिए यह अनुभव सचमुच बहुत रोमांचक रहा है।

### जीत से हम्पी का मनोबल और बढ़ा

महिलाओं की स्पर्धा में दिव्या देशमुख अपने पहले 'नॉर्वे शतरंज' अनुभव का भरपूर आनंद लेती हुई नजर आईं। पिछले साल के महिला विश्व कप में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी पर अपनी यादगार जीत की तरह ही उन्होंने एक बार फिर आर्मागेडन दौर में इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी को मात दी। इस जीत से उनका मनोबल और बढ़ा और तीन अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

## केस रिपोर्ट

**केस 1**

आनंद नगर निवासी रमेश मेहता अपनी पत्नी शांति के उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। मरीज को मासिक धर्म संबंधी समस्या थी, जिसमें पिछले दो महीनों से अधिक रक्तस्राव और पेट दर्द की शिकायत थी। डॉक्टर द्वारा प्रारंभिक जांच में गर्भावस्था परीक्षण (प्रेग्नेंसी टेस्ट) कराया गया, जिसकी रिपोर्ट नेगेटिव आई। इसके बावजूद डॉक्टर ने दोबारा जांच कराने की सलाह दी और मरीज को हल्के दर्द की दवा दी। परिजन के अनुसार उन्हें उपचार को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति महसूस हुई।

**केस 2**

कोकता निवासी 45 वर्षीय रामलाल अहिरवार जोड़ों में दर्द की समस्या लेकर अस्पताल पहुंचे। मरीज को लगभग दो से तीन महीने से लगातार जोड़ों में दर्द की शिकायत थी। डॉक्टर द्वारा दवा लिखी गई और उपचार शुरू किया गया, लेकिन दो सप्ताह दवा लेने के बाद भी मरीज को किसी प्रकार का विशेष आराम नहीं मिला।

**केस 3**

कानासय्या निवासी रामप्यारे अपनी माता के उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे। मरीज को चलने में कठिनाई और हाथ-पैरों में लगातार दर्द की समस्या है। परिजनों के अनुसार लगभग एक महीने से नियमित दवा लेने के बावजूद मरीज को स्थायी राहत नहीं मिल रही है। दवा का असर कुछ समय के लिए रहता है, लेकिन बाद में दर्द फिर से शुरू हो जाता है।

### भेल क्षेत्र के आनंद नगर हथाईखेड़ा रोड स्थित सिविल अस्पताल का मामला

# स्पेशलिस्ट होने के बावजूद ट्रेनी डॉक्टर कर रहे यहां आने वाले मरीजों का इलाज

शिवनारायण सोनी ⏩ भोपाल

राजधानी के आनंद नगर के समीप हथाईखेड़ा रोड पर 100 बिस्तरों वाला सिविल हास्पिटल खुद बीमार है और इस अस्पताल को स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा इलाज ही नहीं पूर्णतः सर्जरी की आवश्यकता है। क्योंकि शहर के पूर्वी दिशा में स्थित इस सिविल हास्पिटल में यहां पहुंचने वाले हर रोज 200 से अधिक मरीजों का इलाज ट्रेनर डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। वह इसलिए कि अस्पताल में डाक्टरों अभाव है। हालांकि अस्पताल में 5 स्पेशलिस्ट चिकित्सक हैं जो सिर्फ दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

गौरतलब है कि गोविंदुपरा विस क्षेत्र के वार्ड 62 में स्थापित करीब 20 करोड़ की लागत से तीन साल पहले मंत्री कृष्णा गौर के प्रयासों सप्रभावशील हुआ। इस अस्पताल में पहले जहां हर रोज ओपीडी 15 से 20 थी, वह अब बढ़कर करीब 200 के पार पहुंच गई है। क्योंकि गोविन्दपुरा विधानसभा में इस सिविल हास्पिटल के मुकाबले एक भी इतना बड़ा एक भी सरकारी अस्पताल नहीं है, जिसमें लोगों को सभी सुविधा मिले। विडंबना यह कि अस्पताल में मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।

**हर रोज आते हैं 200 से अधिक मरीज, कई मरीज इलाज से नराज दिए**




हरिभूमि पड़ताल

**ट्रेनर डॉक्टरों पर बोले-**

### हम उन्हें सिखाएंगे नहीं तो वे आगे कैसे बढ़ेंगे

ट्रेनर डॉक्टरों द्वारा किए जा रहे उपचार पर अस्पताल प्रभारी डॉ. संजय खरे ने कहा कि हम उन्हें सिखाएंगे नहीं तो वे आगे कैसे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा अस्पताल में जांच दो तरह से होती हैं, एक जो अस्पताल में होता है इमरजेंसी वाले हैं, जैसे हीमोग्लोबिन, मलेरिया, शुगर, एड्स के टेस्ट हैं जो हमारे यहां की जाती हैं। दूसरा हाफ स्कोप मॉडल में टेस्ट किए जाते हैं उसकी रिपोर्ट दूसरे दिन हमें मिल जाती है।

### प्रभारी डॉक्टर ने किया समुचित इलाज का दावा

हरिभूमि ने जब अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि यहां सभी रोगों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं, और उपचार अच्छा किया जाता है। उन्होंने बताया कि जब में यहां आया था तो 15 से 20 मरीज ही आते थे, मगर अब 165 से 200 मरीज रोजाना अस्पताल में पहुंच रहे हैं।


डॉक्टर से परामर्श लेते हुए मरीज।

### हम दो हफ्ते से अस्पताल आ रहे, पर नहीं मिल रहा आराम

यहां पहुंचने वाले मरीजों के हाल जानने जब हरिभूमि ने इस अस्पताल का मुआयना किया तो खुलासा हुआ कि 20 करोड़ से बने इस अस्पताल में मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल रहा है। यहां पहुंचे मरीजों ने बताया कि ट्रेनर डॉक्टर ही इलाज कर रहे हैं, जिससे मरीज नाराज दिखे। मरीजों ने बताया कि हम दो हफ्ते से अस्पताल में आ रहे हैं पर आराम नहीं मिल पा रहा है। कुछ मरीजों ने बताया कि अस्पताल में चर्म रोग और हड्डी रोड से संबंधित सीनियर डॉक्टर ही नहीं हैं।

**हास्पिटल में 5 स्पेशलिस्ट और 8 मेडिकल ऑफीसर :** यूं तो सिविल अस्पताल में 5 स्पेशलिस्ट डॉक्टर और 8 मेडिकल ऑफिसर हैं। इसके बावजूद अधिकांश ट्रेनिंग करने वाले डॉक्टर यहां पहुंचने वाले मरीजों का उपचार करते हैं। ट्रेनिंग करने वाले डॉक्टरों के इलाज से मरीजों का उपचार तो होता है, लेकिन समुचित नहीं, जबकि मौजूद स्पेशलिस्ट सिर्फ ट्रेनरों को परामर्श और दिशा निर्देश देने में व्यस्त रहते हैं।

### एक्स-रे मशीन खराब, मरीजों को हो रही परेशानी

अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए लगाई गई एक्स-रे मशीन पिछले 20 दिनों से खराब होने के कारण बंद पड़ी है। इससे मरीजों को एक्स-रे जांच कराने के लिए बाहर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल प्रभारी डॉ. संजय खरे ने बताया कि एक्स-रे मशीन का यूपीएस खराब हो गया है, जिसके चलते मशीन फिलहाल बंद है। एक से दो दिन में मशीन ठीक हो जाएगी।

### अस्पताल की कमियां दूर करने के प्रयास जारी

अस्पताल में जहां भी कमियां हैं, उन्हें सुधारने का प्रयास किया जाएगा। यदि किसी मरीज या परिजन को किसी प्रकार की परेशानी है तो वे सीधे हमसे मिल सकते हैं, ताकि समस्या का समाधान किया जा सके। अस्पताल की सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक' (एनक्यूएएस) प्रमाणन प्राप्त करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। स्टेट लेवल निरीक्षण के बाद अब अस्पताल को नेशनल लेवल पर प्रमाणित कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मजबूत हो सके।

**डॉ. संजय खरे**, मेडिकल स्पेशलिस्ट प्रभारी, सिविल अस्पताल, गोविंदपुरा

---

### पति के मृत्यु-भोज के लिए रखे थे रुपए, 4100 रुपए की अंतिम किस्त थी बाकी

# फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने घर में घुसकर छीने 2 लाख रुपए



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

इछावर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम वीरपुर में फाइनेंस समूह के कर्मचारियों की दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक बेबस महिला के घर में घुसकर समूह के लोग उसके ससुर के 'नुक्ते' के लिए रखे 2 लाख नगद लेकर रफूचक्कर हो गए। विरोध करने पर पीड़ितों के साथ गाली-गलौज और झूमाझटकी भी की गई। न्याय की गुहार लेकर पूरा पीड़ित परिवार थाने पहुंचा है।

### 75 हजार रुपए का लिया था लोन

पीड़ित महिला संतु बाई ने रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि उन्होंने से 75 हजार रुपए का लोन लिया था। इस लोन की लगभग पूरी राशि वे ईमानदारी से चुका चुकी थीं और केवल आखिरी किस्त के 4,100 देना बाकी थे। इस मामूली सी रकम को वसूलने के लिए समूह के 8 से 10 लोग उनके घर आ धमके। संतु बाई के अनुसार, जब समूह के लोग घर पहुंचे तो उन्होंने उनकी बेटी से पूछा कि संतु बाई कौन है। बेटी ने बताया कि वे उसकी मां हैं। जब कर्मचारियों ने किस्त की मांग की, तो संतु बाई ने कहा कि वे अंदर से पैसे लेकर आ रही हैं।

### *मर्यादा की हद की पार, कहा-औकात नहीं तो लोन क्यों लिया*

*पैसे छीनकर भागते समय जब पीड़ित परिवार ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो समूह के कर्मचारियों ने उनके साथ जमकर झूमाझटकी की। कर्मचारियों ने मर्यादा की सारी हदें पार करते हुए गाली-गलौज की और कहा, तुम लोगों की औकात नहीं होती, तो समूह से लोन क्यों उठाते हो।*

### *थाने में भी तीखी बहस और झूमाझटकी*

*इस घटना के बाद सहमा और आक्रोशित पीड़ित परिवार तुरंत इछावर थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाने पर भी पीड़ित परिवार और समूह के कर्मचारियों के बीच तीखी बहस और झूमाझटकी की स्थिति निर्मित हो गई। एक तरफ जहां परिवार अपने मुखिया के खोने के गम में डूबा है और अंतिम सामाजिक कार्यों की तैयारी कर रहा था, वहीं फाइनेंस समूह की इस तरह की गुंडागर्दी ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ऐसे बेलगाम समूह कर्मियों के खिलाफ डकैती और लूट का मामला दर्ज कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और महिला के पैसे वापस दिलाए जाएं।*

### वाट्सएप पर ग्रुप बनाकर निवेश के फायदे बताए, फिर निवेश कर लगाया चूना

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर अकाउंटेंट से साढ़े सात लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में रहने वाले एक अकाउंटेंट को साइबर ठगों ने साढ़े सात लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने उन्हें वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा फिर शेयर मार्केट के बारे में जानकारी दी। फरियादी ने साढ़े 7 लाख रुपए निवेश कर दिए। जब लाभ 44 लाख रुपए दिखने लगा तो फरियादी ने अपने रुपए निकालने की बात कही।

इस पर साइबर जालसाज ने कहा कि लाभ दो फीसदी हुआ है। कंपनी के नियमानुसार आपकों 9 लाख रुपए सर्विस फीस देनी होगी। अकाउंटेंट को लगा कि उनके साथ ठगी हुई है तो उन्होंने साइबर की हेल्प लाइन पर शिकायत की थी। बाद में केस डायरी स्टेशन बजरिया पुलिस को भेज दी गई। पुलिस के अनुसार 46 साल के सुनील कुमार सूर्यवंशी सेमरा में रहते हैं और निजी फर्म के लिए अकाउंटेंट का काम करते हैं। उन्होंने साइबर सेल में शिकायत करते हुए बताया कि उनके वाट्सग्रुप पर 15-16 फरवरी 2026 को मैसेज आया। मैसेज में लिखा था कि निवेश के टिप्स और अच्छे लाभ के लिए ग्रुप से जुड़े। ग्रुप की लिंक पर क्लिक करते ही वह ब्रेकडाउन नामक ग्रुप से जुड़ गए। ग्रुप में 135 मैंबर जुड़े थे। ग्रुप पर शेयर मार्केट में निवेश की जानकारी दी जाती थी। ग्रुप एडमिन अनन्या शर्मा नाम की महिला थी। अनन्या शर्मा ने अकाउंट खुलवाने के लिए उनका पैनकार्ड मांगा। इसके बाद कहा कि आप हमारी कंपनी में जुड़ गए हैं एक दो दिन में अकाउंट पास हो जाएगा। 23 फरवरी को उसने कहा कि आप का अकाउंट पास हो गया है और अब आप निवेश कर सकते हैं। उन्हें अलग अलग शेयर की जानकारी दी गई।

### *पहले किया पांच हजार निवेश*

*23 फरवरी को पांच हजार रुपए अकाउंट में डालने के बाद एक ही दिन में तीन सौ रुपए का फायदा दिखने लगा। उन्होंने बीस हजार रुपए और निवेश कर दिए। एक दिन बाद ढाई हजार रुपए फायदा दिखने लगा। लगातार लाभ दिखने के कारण उन्होंने साढ़े 7 लाख रुप निवेश कर दिए। साढ़े सात लाख रुपए निवेश करने पर उन्हें 44 लाख रुपए अपने खाते में दिखने लगे। उन्होंने अनन्या शर्मा से रुपए निकालने का कहा। इस पर वह कहने लगी कि आपकों दो सौ फीसदी मुनाफा हुआ है। कंपनी के नियमानुसार आपकों 9 लाख रुपए जमा करने होगे तभी आपके 44 लाख रुपए आपके खाते में आएंगे। वह समझ गए कि उनके साथ ठगी हुई है।*

# 74 साल की बुजुर्ग महिला ने फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बंगरसिया घाटी पर रहने वाली 74 साल की बुजुर्ग महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उन्हें शरीर में दर्द रहता था और उम्रदराज होने के कारण बीमार रहती थी। अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार रामबाई पति स्वर्गीय मिश्रीलाल (74) बंगरसिया घाटी, मिसरोद में रहती थी। उनके परिवार में बेटा और बहू है। बेटा तुलसीराम मंडीदीप के शासकीय बैंक में फोर्थ ग्रेड में नौकरी करता है। तुलसीराम ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह उसकी पत्नी झागरिया मायके गई थी। तुलसीराम बैंक चला गया। वहां से शाम करीब छह बजे लौटा तो मां रामबाई फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

### चालक को सिर में थी गंभीर चोट

# बोलेरो पिकअप ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित जगदीशपुर में तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप वाहन ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। सकरी सड़क पर ई रिक्शा में पीछे से टक्कर लगने के कारण ई रिक्शा पलट गया। इस हादसे में ई रिक्शा चालक को सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बोलेरो पिकअप वाहन जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार मोइन खान (23) गांव जगदीशपुर में रहता था और ई रिक्शा चलाता था। मंगलवार शाम करीब साढ़े 5 बजे वह ई रिक्शा लेकर जगदीशपुर से बैरसिया की ओर जा रहा था। घर से करीब चार किलोमीटर की दूरी पर जगदीशपुर गांव में पीछे से आ रहे बोलेरो पिकअप वाहन के चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसके ई रिक्शे में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा पलट गया। हादसे में चालक के सिर में गंभीर चोट थी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और मोइन को अस्पताल ले गए। कुछ देर बाद ही डॉक्टर ने मोइन को मृत घोषित कर दिया।



---

## स्थानीय खेल समाचार

### फाइनल मुकाबले में मानसरोवर डेंटल कॉलेज को 26 रन से हराया

# पीपुल्स प्रीमियर लीग सीज़न-1 का खिताब पीसीएमएस एवं आरसी के नाम, दिए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

पीपुल्स स्टेडियम में आरपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित पीपुल्स प्रीमियर लीग (पीपीएल 1.0) इंटर कॉलेज फैकल्टी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में पीपुल्स कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंट की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में टीम ने मानसरोवर मेडिकल कॉलेज को 26 रनों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में चिरायु मेडिकल कॉलेज, एलएन मेडिकल कॉलेज,जीएमसी विदिशा, महावीर मेडिकल कॉलेज, मानसरोवर मेडिकल कॉलेज सहित कुल छह मेडिकल कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया।

पीसीएमएस एंड आरसी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में सभी मैच जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। इस अवसर पर आरपी फाउंडेशन के संस्थापक एवं पीपुल्स ग्रुप के वाइस चेयरमैन रोहित पंडित उपस्थित रहे तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक पीपुल्स हॉस्पिटल डॉ. सदाअत कुरैशी एवं चिकित्सा अधीक्षक मानसरोवर मेडिकल कॉलेज डॉ. गौतम बेनर्जी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।




### प्रमुख उपलब्धियां

- प्लेयर ऑफ द मैचः डॉ. अनुव्रत भटनागर-34 रन एवं 1 विकेट
- बेस्ट बॉलर (फाइनल): डॉ. संदीप शर्मा 2 ओवर में 3 महत्वपूर्ण शीर्ष विकेट
- प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः डॉ. अनुव्रत भटनागर 202 रन ( 4 मैच में)
- बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंटः डॉ. संदीप शर्मा-10 विकेट ( 4 मैच में)
- बेस्ट फील्डरः डॉ. शैलज चौकसे

### विजेता टीम के खिलाड़ी

डॉ. संदीप शर्मा-प्रोफेसर, ईएनटी (कप्तान), डॉ. सुशील शर्मा-प्रोफेसर, पैथोलॉजी, डॉ. प्रिंस लोकवानी-प्रोफेसर, पैथोलॉजी (विकेटकीपर), डॉ. अनुव्रत भटनागर-असिस्टेंट प्रोफेसर, मेडिसिन (उपकप्तान),. डॉ. राजबली-असिस्टेंट प्रोफेसर, मेडिसिन, डॉ. रवि मल्होत्रा-प्रोफेसर, ऑर्थोपेडिक्स, डॉ. विशाल श्रीवास्तव- एसोसिएट प्रोफेसर, पीडियाट्रिक्स, डॉ. रोहित छारी-असिस्टेंट प्रोफेसर, मेडिसिन, डॉ. गौतम-असिस्टेंट प्रोफेसर, ऑर्थोपेडिक्स, डॉ. शैलज चौबे-सीनियर रेजिडेंट, रेडियोलॉजी,. डॉ. प्रदीप मेवाड़ा-सीनियर रेजिडेंट, मेडिसिन डॉ. वकार-सीनियर रेजिडेंट, सर्जरी एवं डॉ. विजय सविता-सीनियर रेजिडेंट, साइकियाट्री शामिल हैं।

# अर्जुन शुक्ला और शिखर देशमुख बने संयुक्त रूप से प्लेयर आफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

**अरेरा ग्रीन ने अरेरा रेड को 129 रन से हराया**

अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत बुधवार को सीनियर एज ग्रुप में अरेरा ग्रीन और अरेरा रेड के बीच में मैच खेला गया। अरेरा ग्रीन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और 38.1 ओवर्स में सभी विकेट खोकर 261 रन बनाए। ग्रीन की ओर से तेजस लोधी ने 94, अर्जुन शुक्ला ने 88, द्रोण श्रीवास्तव ने 24 रन बनाए। अरेरा रेड की ओर से शिखर देशमुख ने 5 विकेट लिए। वहीं, होमी सोलंकी ने 2, केतन रेवाड़ीकर, अमन डागोर और युवराज ठाकुर ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में अरेरा रेड की टीम 22.1 ओवर्स में 9 विकेट खोकर 132 रन ही बना सकी। इनमें होमी सोलंकी ने 36, शिखर देशमुख ने 34 और आर्यन सिंह ने 30 रन बनाए। ग्रीन की ओर से गेंदबाजी में द्रोण श्रीवास्तव ने 5, अर्जुन शुक्ला ने 3 और आशुतोष गिरि ने 1 विकेट लिए। शिखा मोनू गोहल, पार्षद एवं पूर्व वरिष्ठ प्लेयर तथा बीडीसीए चयनकर्ता मुजीबुद्दीन खान ने अर्जुन शुक्ला और शिखर देशमुख को संयुक्त रूप से प्लेयर आफ द मैच से पुरस्कृत किया।



### एचएमजी कप 2026 इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट

# वीएस अकादमी ने कनारा क्रिकेट क्लब को 199 रन से हराकर जीत अपने नाम की

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

बीडीसीए द्वारा आयोजित एचएमजी कप अंडर-15 बॉयज लिमिटेड ओवर इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट, डीपीएस क्रिकेट मैदान पर वीएस अकादमी और कनारा क्रिकेट क्लब के मध्य मैच खेला गया।

वीएस अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 304 रन बनाए, जिसमें अभिषेक यादव ने शानदार 162 और अर्णव राजोरिया ने 41 रन बनाए। कनारा के गेंदबाज नीरव मेहर और ऋषि यादव ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में कनारा की टी 34.2 ओवरों में 105 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें नीरव मेहर नें 29 रन बनाए। वीएस अकादमी के गेंदबाज अक्षत यादव, प्रियांश लोधी, वंश बाथम और प्रीतम पाटिल नें 2-2 विकेट लिए। इस तरह वीएस अकादमी ने कनारा क्रिकेट क्लब को 199 रनों से हराया।



मेन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार 162 रन की शानदार पारी खेलने वाले अभिषेक यादव (वीएस अकादमी) को दिया गया। कल प्रातः 8.00 से भोपाल लेपर्ड्स और नायर क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला जाएगा।

### खुशवंत और हमजा ने दिलाई धमाकेदार जीत

# एस क्रिकेट एकेडमी ने क्रिक किंगडम को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे प्रतिष्ठित प्रसून सारंग स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के 18वें मुकाबले में ऐस क्रिकेट एकेडमी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए क्रिककिंगडम को शिकस्त दी। मैच में ऐस क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में अरसलान हमजा की शानदार हैट्रिक और बल्लेबाजी में खुशवंत के बेहतरीन अर्धशतकीय योगदान की बदौलत टीम ने एक आसान जीत दर्ज की। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए खुशवंत को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

### ऐसे हुआ मुकाबला

- **क्रिक किंगडमः** वेदांत मिश्रा 42 (35 गेंद), अरमान सक्सेना 25 (15 गेंद), औष्णिक चौधरी 21 (25 गेंद); गेंदबाजी (ऐस एकेडमी): अरसलान हमजा 3/10 (2.4 ओवर - हैट्रिक), शार्वे कामली 3/24 (6 ओवर), शिवाय जैन 2/14 (3 ओवर)।
- **एस क्रिकेट एकेडमी (दूसरी पारी):** खुशवंत 66 (67 गेंद), शार्वे कामली 13 (24 गेंद), बुरहान अली 6 (10 गेंद); गेंदबाजी (क्रिककिंगडम): अक्षांश 2/21 (5 ओवर), ईशान 1/6 (3 ओवर)।

**नतीजाः** एस क्रिकेट एकेडमी ने मुकाबला जीता।
**मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर :** खुशवंत (66 रन एवं 1 विकेट)

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930